ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

10 जनवरी, 2025
पौष, शुक्ल पक्ष, एकादशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

रांची
शुक्रवार, वर्ष 10, अंक 83

कोयला मंत्री ने 1.36 लाख करोड़ रुपये बकाया का समाधान का दिया भरोसा

18वां प्रवासी भारतीय दिवस
18TH PRAVASI BHARATIYA DIVAS
8th-10th January 2025

विकसित भारत की संकल्पना में प्रवासी भारतीयों का योगदान
DIASPORA'S CONTRIBUTION TO A VIKSIT BHARAT

विदेश मंत्रालय
भारत सरकार
सत्यमेव जयते

दुनिया भर में फैले भारतीय डायस्पोरा का इतिहास, उनके उस देश में पहुंचने और वहां अपना परचम लहराने की गाथाएं, भारत की अहम विरासत हैं।
-नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

विश्व में बढ़ाया देश का मान
प्रवासी भारतीयों का
हार्दिक सम्मान

समापन भाषण

एवं

प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार वितरण

श्रीमती द्रौपदी मुर्मु

भारत की माननीय राष्ट्रपति

के द्वारा

18वां

प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन

10 जनवरी, 2025

जनता मैदान, भुवनेश्वर

गरिमामयी उपस्थिति

डॉ. हरि बाबू कंभमपति
राज्यपाल, ओड़िशा

श्री मोहन चरण माझी
मुख्यमंत्री, ओड़िशा

डॉ. एस. जयशंकर
विदेश मंत्री, भारत सरकार

श्री धर्मेन्द्र प्रधान
शिक्षा मंत्री, भारत सरकार

श्री जुएल ओराम
जनजातीय कार्य मंत्री, भारत सरकार

श्री कीर्तिवर्धन सिंह
विदेश, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
भारत सरकार

श्री पबित्रा मार्गेरिटा
विदेश एवं कपड़ा राज्य मंत्री
भारत सरकार

मुख्य आकर्षण

पूर्णांग अधिवेशन

प्रवासी दिवस: महिला नेतृत्व और प्रभाव का उत्सव – नारी शक्ति

प्रवासी संवाद: संस्कृति, संबंध और अपनेपन की कहानियां

कार्यक्रम के विवरण के लिए स्कैन करें

अतिथि देवो भव

डीडी न्यूज़ और डीडी ओड़िया पर लाइव देखें | यूट्यूब पर: DD News / DD ODIA

सूचना एवं जन संपर्क विभाग, ओड़िशा सरकार

DADLS-82

सर्राफा

सोना (बिक्री)	73,300 रु./10 ग्राम
चांदी	95,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 10 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in

पूरी तरह बिखर गया इंडी अलायंस का शिराजा

■ दिल्ली चुनाव से पहले कांग्रेस के कारण पंक्चर हो गयी विपक्षी गाड़ी

■ आप, टीएमसी, सपा और राजद के बाद अबदुल्ला ने भी झाड़ा पल्ला

■ महज 17 माह ही चल सका ताम-झाम से बना विपक्षी गठबंधन

17 जुलाई, 2023 को बेंगलुरू में पूरे ताम-झाम के साथ बना विपक्षी दलों का गठबंधन, यानी इंडी अलायंस अब खत्म हो गया है। यदि खत्म नहीं हुआ है, तो जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अबदुल्ला ने इसे खत्म करने की जरूरत बता दी है। दिल्ली में होनेवाले विधानसभा चुनाव से पहले विपक्षी गठबंधन की यह गाड़ी केवल कांग्रेस के कारण पंक्चर हो गयी है। पहले आम आदमी पार्टी फिर तृणमूल कांग्रेस उसके बाद समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस को बाय बोल दिया, जिससे इंडी अलायंस का अस्तित्व डोलता हुआ नजर आने लगा था, लेकिन फिर राजद के तेजस्वी यादव ने इस गठबंधन के अस्तित्व के खत्म होने का एलान यह कहते हुए कर दिया कि यह गठबंधन केवल लोकसभा चुनाव के लिए बना था। दिल्ली में आप और कांग्रेस के अलग-अलग चुनाव मैदान में उतरने के बाद से ही यह कयास लगाये जाने लगे थे कि इंडी अलायंस अब केवल दिखावे के लिए रह गया है। लेकिन बाद में सपा और टीएमसी द्वारा आप को समर्थन दिये जाने के बाद यह पूरी तरह साफ हो गया। इंडी अलायंस का अस्तित्व खत्म होने के पीछे केवल कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराय जा रहा है, जो क्षेत्रीय दलों की ताकत को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है। आप से उसका मतभेद पहले हरियाणा में हुआ और अब दिल्ली में इसकी कीमत पूरे गठबंधन को चुकानी पड़ी है। इंडी गठबंधन का अस्तित्व खत्म होने का दूरगामी असर पड़ना निश्चित है, क्योंकि इसी साल बिहार विधानसभा का चुनाव भी होना है। इंडी गठबंधन के खत्म होने का क्या हो सकता है राजनीतिक असर, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष

राकेश सिंह

लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा को लगातार तीसरी बार सत्ता में आने से रोकने के लिए 17 जुलाई, 2023 को बना इंडी अलायंस, यानी इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इनक्लूसिव अलायंस महज 17 महीने बाद ही इतिहास के पन्नों में समा गया है। दूसरे शब्दों में कहा जाये, तो इंडी ब्लॉक एक ही झटके में बिखर गया है। इस साल हुए लोकसभा चुनाव में बहुमत से दूर रहने और हरियाणा-महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में एनडीए से मात खाने के बाद इस गठबंधन की गाड़ी दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले पंचर हो गयी है। अब इसके सहयोगी इसका पुर्जा-पुर्जा अलग कर रहे हैं।

ऐसे शुरू हुई इंडी अलायंस के बिखरने की कहानी

इंडी अलायंस के बिखरने की कहानी दिसंबर महीने में उस समय शुरू हुई, जब बंगाल की सीएम और तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने राहुल गांधी के नेतृत्व को चुनौती दी। फिर एक-एक कर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, एनसीपी नेता शरद पवार और शिवसेना के उद्धव ठाकरे ने ममता बनर्जी के नेतृत्व करने के प्रस्ताव पर सहमति जता दी। इसके बाद रही-सही कसर आम आदमी पार्टी (आप) ने उस समय पूरी कर दी, जब उसने दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ सीट शेयरिंग से मना कर दिया। कांग्रेस ने भी अकेले चुनाव मैदान में उतरने की घोषणा कर दी। आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल को उस समय बड़ी सफलता हासिल हुई, जब सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव और तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने उन्हें समर्थन देने का एलान कर दिया। इसके बाद इंडी अलायंस के अस्तित्व पर सवालिया निशान लगने लगा, लेकिन राजद नेता तेजस्वी यादव ने यह कह कर कि इंडी अलायंस केवल लोकसभा चुनाव के लिए बना था, इस गठबंधन को पूरी तरह खत्म कर दिया।

2019 से बनता-बिखरता रहा है विपक्षी गठबंधन

देश में 2019 से ही भाजपा विरोधी मोर्चा बनाने का प्रयास होता रहा है। पहली बार 2019 में आंध्र प्रदेश के सीएम और तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) नेता चंद्रबाबू नायडू ने भाजपा विरोधी मोर्चा बनाने की पहल की थी। तब वे एनडीए से बाहर थे। दूसरी बार 2021 में बंगाल फतह करने के बाद ममता बनर्जी ने प्रयास किया। निराशा हाथ लगने पर दोनों ने मौन धारण कर लिया था। तीसरा प्रयास महागठबंधन में रहते बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने किया। उन्हें सफलता जरूर मिली, लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव के पहले ही उन्होंने अपनी राह अलग कर ली। उन्होंने फिर से भाजपा के साथ जाना पसंद किया। बची कसर जनता ने पूरी कर दी, जब विपक्षी गठबंधन बहुमत से दूर रह गया।

ममता बनर्जी ने डाले बिखराव के बीज

इंडी अलायंस में बिखराव का बीजारोपण ममता बनर्जी ने किया था। देश भर में विपक्षी पार्टियों ने इंडी अलायंस के बैनर तले उम्मीदवार उतारे, लेकिन बंगाल में ममता बनर्जी ने ऐसा नहीं किया। उन्होंने कांग्रेस और वाम दलों को भाजपा की तरह ही दुश्मन बता कर दूरी बना ली। टीएमसी, कांग्रेस और वाम दलों ने अलग-अलग उम्मीदवार उतारे। ममता ने यह साबित भी कर दिया कि बंगाल में भाजपा से टक्कर लेने के लिए वे अकेले ही काफी हैं। टीएमसी संसदीय चुनाव में 22 सीटें जीत कर लोकसभा में चौथी बड़ी पार्टी बन गयी। इंडी अलायंस में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बाद टीएमसी तीसरी बड़ी पार्टी है।

तेजस्वी और लालू के बदले रुख की वजह

पहले लालू यादव का इंडी अलायंस के नेतृत्व पर ममता बनर्जी को समर्थन और अब उनके बेटे तेजस्वी यादव द्वारा इंडी अलायंस का गठन सिर्फ लोकसभा चुनाव तक के लिए बताना आश्चर्य पैदा करता है। इसलिए कि लालू परिवार और सोनिया गांधी के परिवार के बीच के रिश्ते जैसे रहे हैं, उसमें ऐसी बातें आश्चर्य तो पैदा करेंगी ही। पहले की नजदीकियों को छोड़ भी दें, तो बीते साल-डेढ़ साल में कई ऐसे मौके आये, जब दोनों परिवारों की नजदीकियां लोगों ने देखीं। मानहानि मामले में राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से जब राहत मिली, तो सबसे पहले वे लालू यादव से ही मिलने दिल्ली में मीसा भारती के आवास पर गये। लालू ने उन्हें बिहारी मटन का भोज भी कराया। राहुल जब भारत जोड़ो न्याय यात्रा के क्रम में बिहार आये, तो तेजस्वी यादव उनके गाइड और सारथी बने। इतना ही नहीं, पटना में हुई विपक्षी दलों की पहली बैठक में लालू ने ही राहुल गांधी को विपक्षी दूल्हा बनने का प्रस्ताव दिया। फिर राहुल और इंडी अलायंस के बारे में लालू परिवार की इतनी बेरुखी आश्चर्य तो पैदा करेगी ही।

विधानसभा चुनाव में सीट शेयरिंग पर फंसा पेंच

दिल्ली में आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस को भाव नहीं दिया। हरियाणा में तालमेल को लेकर कांग्रेस के रुख से आहत आप ने बिना किसी से तालमेल किये सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार दिये। बिहार में भी राजद पिछली बार की तरह कांग्रेस को तवज्जो देने के मूड में नहीं है। 2020 में राजद से 70 सीटें कांग्रेस ने ले ली थीं, लेकिन जीतीं सिर्फ 19 सीटें। तेजस्वी यादव और लालू यादव को अब तक इस बात का मलाल है कि कांग्रेस को उतनी सीटें नहीं मिली होतीं, तो तेजस्वी ही शायद सीएम होते। दर्जन भर सीटों की कमी से तेजस्वी चूक गये थे। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस द्वारा एक सौ सीटें जीतने के बाद से ही राजद को आशंका थी कि बिहार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस अब अधिक सीट के लिए दबाव डालेगी। इसलिए लालू ने नेतृत्व के लिए ममता का समर्थन कर दिया और अब तेजस्वी ने तो पूरे गठबंधन के अस्तित्व को ही नकार दिया है।

अब उमर अब्दुल्ला ने भी कह दी बड़ी बात

इंडी अलायंस में मचे घमासान पर जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कह दिया है कि दिल्ली में क्या चल रहा है, इस बारे में मुझे कुछ नहीं कहना है। हमारा दिल्ली चुनाव से कुछ लेना-देना नहीं है। जहां तक मुझे याद है कि इंडी अलायंस की कोई समय सीमा नहीं थी। अलायंस की कोई बैठक आयोजित नहीं की जा रही है। इसी वजह से नेतृत्व, एजेंडा या हमारे अस्तित्व के बारे में कोई स्पष्टता नहीं है। अगर ये गठबंधन सिर्फ लोकसभा चुनाव के लिए था, तो इसे अब खत्म ही कर देना चाहिए।

इस तरह देखा जाये, तो इंडी गठबंधन का अस्तित्व अब खत्म हो गया है। अलग-अलग राज्यों में इसमें शामिल सहयोगी दलों के बीच अलग-अलग मुद्दों पर मतभेद पहले से नजर आ रहे थे, अब ये खुल कर सामने आ गये हैं। इसके पीछे कांग्रेस को कारण बताया जा रहा है, क्योंकि वह किसी भी क्षेत्रीय दल को तवज्जो नहीं दे रही है। अब इस गठबंधन के बिखरने का असर सियासी फलक पर नजर जरूर आयेगा और लोकसभा के बजट सत्र में भी यह देखने को मिलेगा।

न्यायमूर्ति लाल पिंगला नाथ शाहदेव की 13वीं पुण्यतिथि पर विशेष

जस्टिस शाहदेव सही मायने में एक झारखंडी मानसिकता से ओत प्रोत व्यक्ति थे

जस्टिस शाहदेव झारखंड के प्रथम धरती पुत्र थे, जिन्होंने न्यायाधीश बनने का गौरव प्राप्त किया था

लाल सूरज नाथ शाहदेव
महासचिव
बड़कागढ़ रैयत जनमंच

माटी की पुकार को कहां कोई रोक पाता है। झारखंड की माटी ने जब कभी भी नागवंशियों को पुकारा है। नागवंशी समाज के योद्धाओं ने अपना सब कुछ त्याग कर माटी की पुकार को सुना है। चाहे 1857 विद्रोह के समय में झारखंड के नागवंशी राजा अमर शहीद विश्वनाथ शाहदेव के द्वारा अपना राजपाट की बिना चिंता किये अंग्रेजो के खिलाफ विद्रोह का नेतृत्व करने की बात रही हो या फिर झारखंड अलग राज्य की मांग को लेकर जस्टिस एल पी एन शाहदेव जी की भूमिका रही हो। हमेशा झारखंड के मान सम्मान को बचाने की खातिर नागवंशी परिवार के सदस्यों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया है।

संभवतः देश के इतिहास में पहली घटना रही होगी, जब कोई अवकाश प्राप्त जज को एक थाना की पुलिस ने आंदोलन के कारण गिरफ्तार किया होगा। जी हां हम बात कर रहे हैं जस्टिस एल पी एन शाहदेव की। वे देश के पहले अवकाश प्राप्त जज रहे हैं, जिनको पुलिस ने झारखंड आंदोलन में सक्रिय भागीदारी निभाने के कारण गिरफ्तार किया था। आज न्यायमूर्ति स्व शाहदेव जी की 12वीं पुण्यतिथि है।

कौन थे जस्टिस एल पी एन शाहदेव

स्व न्यायमूर्ति शाहदेव जी एक मेधावी छात्र, कुशल अधिवक्ता, न्यायप्रिय न्यायाधीश, समाजसेवी, कुशाग्र बुद्धि, मृदुभाषी, मिलनसार एवं आंदोलनकारी व्यक्ति थे। उनका जन्म 3 जनवरी 1930 को नागवंशी राजपरिवार में लातेहार जिला के कामता गांव में हुआ था। उनके पिता का नाम स्व नवालाल चंडी प्रसाद नाथ शाहदेव था। जस्टिस शाहदेव जी की प्रारंभिक शिक्षा गांव के ही महुआमिलान स्कूल में हुई थी। हाई स्कूल की पढ़ाई बालकृष्ण हाई स्कूल से हुई। जस्टिस शाहदेव फिर आगे की पढ़ाई के लिए रांची आ गये और रांची कॉलेज से अपनी स्नातक की

पढ़ाई की। उसके बाद कानून में रुचि होने के कारण उन्होंने एलएलबी की पढ़ाई पटना के एलएलबी कॉलेज से 1954 में पूरी की। उन्होंने उसके बाद लॉ की प्रैक्टिस शुरू कर दी। 1958 में वे न्यायिक सेवा में आ गये। उनकी पहली पोस्टिंग हजारीबाग में मुंशीफ के पद पर हुई। 1980 में वह धनबाद जिला के जिला एवं सत्र न्यायाधीश बने। उन्होंने गया, मुंगेर, जमुई जैसे कई जिलों में अपनी सेवा दी। जस्टिस शाहदेव की नियुक्ति 1986 से 1992 तक पटना हाइकोर्ट रांची पीठ के न्यायाधीश के रूप में हुई और यहां उन्होंने अपनी सेवा दी। जस्टिस शाहदेव झारखंड के प्रथम धरती पुत्र थे, जिन्होंने न्यायाधीश बनने का गौरव प्राप्त किया था। उन्होंने 1992 में न्यायिक सेवा से अवकाश प्राप्त किया।

जस्टिस शाहदेव जी सही मायने में एक झारखंडी मानसिकता से ओत प्रोत व्यक्ति थे। जब वे न्यायिक सेवा में थे और झारखंडियों की स्थिति को देखते, सुनते और पढ़ते थे, तो उनके अंदर का झारखंडी मन अंदर से व्याकुल रहता था। वे शुरू से ही अलग झारखंड राज्य के पक्षधर थे। चूंकि वे एक संवैधानिक पद पर आसीन थे, अतः वे खुल कर कुछ कर नहीं पा रहे थे, परंतु उनके अंदर भी झारखंडियों के मान सम्मान, हक,अधिकार को लेकर दिल मे एक चिनगारी धधकती थी।

झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में उनकी भूमिका

जब उन्होंने अवकाश प्राप्त किया तो वे विभिन्न समाचार पत्रों में अपने आलेख के माध्यम से अलग झारखंड राज्य की मांग को लेकर इसे जायज ठहराते हुए अपनी प्रतिक्रिया देना शुरू कर दिया। उनके इस प्रयास से झारखंड के कई बुद्धिजीवी लोग, समाज के सभी जाति धर्म के लोग उनसे जुड़ने लगे और आंदोलन को तेज करने की रणनीति बनाने लगे। झारखंड अलग राज्य की लड़ाई लड़ रहे कई राजनीतिक दल के कार्यकर्ता, आंदोलनकारी उनसे कानूनी सलाह लिया करते थे। एक समय ऐसा आया कि जब झारखंड अलग राज्य की मांग के आंदोलन में ठहराव एवं बिखराव आ गया। तब 1998 में जस्टिस शाहदेव ने इस आंदोलन को एक नेतृत्व प्रदान किया। उस समय इस आंदोलन को और तेज करना कठिन कार्य था। क्योंकि तत्कालीन बिहार राज्य के मुखिया अलग राज्य के पक्षधर नहीं थे। वे किसी भी सूरत में झारखंड को बिहार से अलग करना नहीं चाहते थे। राजद के प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने यहां तक कह दिया था कि झारखंड मेरी लाश पर बनेगा। मतलब साफ था कि अलग राज्य बनने की राह में अनेक रोड़ा था। तब जस्टिस शाहदेव जी के नेतृत्व में एक अलग राज्य निर्माण समिति का गठन किया गया। इस समिति में झारखंड आंदोलन कर रही 16 पार्टियां शामिल थीं, जिसमे झामुमो, जेपीपी, झारखंड पार्टी, आजसू, राजद की स्थानीय इकाई सहित अन्य दल शामिल थे। जस्टिस शाहदेव आंदोलनकारियों के साथ मिल कर तत्कालीन केंद्र सरकार को इस बात पर सहमत कराने में सफल हो गये कि बिहार सरकार के विरोध के बावजूद अगर केंद्र सरकार चाहे तो अलग राज्य का निर्माण कर सकता है। केंद्र की भाजपा सरकार को यह बात समझ में आ चुकी थी। अतः देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी बाजपेयी एवमं गृह मंत्री लाल कृष्ण आडवाणी ने छत्तीसगढ़ एवमं उत्तराखंड के साथ साथ झारखंड को भी एक अलग राज्य बनाने का निर्णय ले चुके थे। जब तत्कालीन बिहार सरकार के द्वारा 1998-99 में वनांचल बिल को नामंजूर करने तथा झारखंड अलग राज्य के प्रस्ताव को वापस लेने के कई नकारात्मक कार्य किये गये। जब झारखंड अलग राज्य का एक बिल 21 सितंबर 1998 को बिहार विधानसभा में लाया गया था और उस पर वोटिंग होनी थी। बिल को गिराने में बिहार सरकार सफल हो जाती यह निश्चित था। तब जस्टिस शाहदेव जी ने अपने सहयोगियों के साथ मिल कर झारखंडं बंद का आह्वान किया। वे जानते थे कि बिल को बिहार सरकार गिराने में सफल हो जायेगी लेकिन जब झारखंड बंद सफल होगा तो केंद्र सरकार तक संदेश यह चला जायेगा कि झारखंड की जनता अलग राज्य की मांग पर एक है। अलग राज्य निर्माण समिति में शामिल सभी 16 दलों ने जस्टिस शाहदेव जी के नेतृत्व में बंद को अभूतपूर्व एवम सफल बनाया। पूरा झारखंड उस दिन बंद रहा। सड़कों में सिर्फ आंदोलनकारी ही नजर आने लगे थे। रांची में जस्टिस शाहदेव जी के नेतृत्व में आंदोलनकारी सड़क पर उतर गये। जस्टिस शाहदेव सहित हजारों आंदोलनकारियों को गिरफ्तार किया गया। देश के इतिहास में शायद यह पहली घटना रही होगी, जब किसी अवकाश प्राप्त न्यायाधीश को पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया गया हो और उन्हें सुबह 11 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक कोतवाली थाना में बैठा कर रखा गया हो। केंद्र तक जो संदेश यह समिति देना चाहती थी वह पहुंच चुका था। तब तत्कालीन वाजपेयी जी की केंद्र सरकार ने लोकसभा से 2 अगस्त 2000 को बिहार राज्य पुनर्गठन विधेयक पास कर दिया। 11 अगस्त को राज्यसभा से स्वीकृति मिली एवमं 25 अगस्त 2000 ई को राष्ट्रपति की मंजूरी मिली और झारखंड देश के मानचित्र में 28वां राज्य बना।

जस्टिस एलपीएन शाहदेव की 13 वीं पुण्यतिथि पर शत शत नमन।

10 जनवरी, 2025
पौष, शुक्ल पक्ष, एकादशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 10, अंक 83

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS

COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

न्यूज रील्स

इंडिया ब्लॉक को खत्म कर देना चाहिए: उमर अब्दुल्ला

नयी दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को इंडिया अलायंस खत्म करने की बात कही। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद इसकी कोई बैठक नहीं हुई है। यह गठबंधन लोकसभा चुनाव तक ही था, तो इसे खत्म कर देना चाहिए। इसके पास न कोई एजेंडा है और न ही कोई लीडरशिप। दिल्ली चुनाव को लेकर उमर अब्दुल्ला ने कहा कि दिल्ली में क्या चल रहा है। इसके बारे में मैं कुछ नहीं कह सकता, क्योंकि दिल्ली चुनाव से हमारा कोई लेना-देना नहीं है। जो पार्टी वहां मौजूद हैं, वो तय करें कि भाजपा का मुकाबला किस बेहतर तरीके से किया जा सकता है।

असम खदान हादसा: 72 घंटे से 8 मजदूर फंसे

गुवाहाटी। असम के दीमा हसाओ जिले के उमरंगसो में 300 फीट गहरी कोयला खदान में 8 मजदूर पिछले 72 घंटे से फंसे हैं। एक मजदूर का शव बुधवार को निकाला गया था। रेस्क्यू में अब एयरफोर्स का एयरक्राफ्ट और हेलिकॉप्टर भी जुट गये हैं। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम भी मदद कर रही है। भारतीय सेना और असम राइफल्स के गोताखोर और मेडिकल टीम के साथ इंजीनियर्स टास्क फोर्स भी मौजूद हैं। अधकारियों ने बताया कि वर्टिकल एरिया सर्च कर लिया गया है। लगातार पंपिंग के बाद भी पानी का लेबल घट नहीं रहा है। महाराष्ट्र से नयी हैवी पंपिग मशीन मंगवाई गयी है।

कोयला मंत्री ने 1.36 लाख करोड़ रुपये बकाया के समाधान का दिया भरोसा

सीएम हेमंत सोरेन और केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी की मौजूदगी में अधिकारियों की बैठक

- जमीन अधिग्रहण मुआवजा, विस्थापन के साथ डीएमएफटी फंड एवं सीएसआर समेत कई मुद्दों पर हुई बात

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी की उपस्थिति में राज्य सरकार के वरीय पदाधिकारियों तथा कोयला मंत्रालय और कोल इंडिया और इसकी अनुषंगी इकाइयों के अधिकारियों बीच कोयला खनन से जुड़े विभिन्न विषयों और उसके समाधान को लेकर उच्च स्तरीय बैठक हुई। मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में हुई बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि कोयला एक ऐसा विषय है, जिसके तहत इसके खनन, उत्पादन, परिवहन, जमीन अधिग्रहण मुआवजा, विस्थापन के साथ डीएमएफटी फंड एवं सीएसआर एक्टिविटीज को बेहतर तरीके से संचालित करने के लिए केंद्र और राज्य सरकार को मिलकर आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। इससे कोल माइनिंग से संबंधित समस्याओं का जहां समाधान निकलेगा, वहीं लोगों के बीच माइनिंग को लेकर जो नकारात्मक मानसिकता बनती है, उसे बदलने में भी सहूलियत होगी । इससे लोगों की उम्मीदें भी जागेगी और कोल परियोजनाओं को लेकर जो समस्याएं उत्पन्न होती है, उसको काफी हद तक रोका जा सकता है ।

बैठक में खनिज रॉयल्टी को लेकर राज्य सरकार ने विषयवार और क्षेत्रवार अलग-अलग परियोजनावार बकाया राशि का आकलन कर चर्चा की। केंद्रीय कोयला मंत्री को बकाया को लेकर अवगत कराया गया। उनसे 1.36 लाख करोड़ बकाया दिलवाने के लिए पहल करने का आग्रह किया गया। उन्हें बकाये तथा गणना का आधार उपलब्ध कराया गया। जिस पर केंद्रीय कोयला मंत्री ने आदेश दिया कि केंद्र सरकार के अधिकारी राज्य सरकार के साथ मिलकर इसकी प्रमाणिकता का आकलन करें। केंद्रीय कोयला मंत्री ने मुख्यमंत्री को बकाया के भुगतान का भरोसा दिलाया।

विस्थापित होने वाले रैयतों को स्टेक होल्डर बनाने पर दिया जोर: मुख्यमंत्री ने कहा कि कोल खनन परियोजनाओं को लेकर जमीन का जो अधिग्रहण होता है। जो रैयत विस्थापित होते हैं, उन्हें सिर्फ मुआवजा और नौकरी देने की व्यवस्था से हमें आगे बढ़ाने की जरूरत है। विस्थापित रैयतों को खनन परियोजनाओं में स्टेक होल्डर बनाकर हमें आगे बढ़ने की जरूरत है। इससे उनका हम विश्वास भी जीतेंगे और सीएसआर से जुड़ी गतिविधियों तथा डीएमएफटी फंड का बेहतर तरीके से इस्तेमाल कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि खनन परियोजनाओं में कार्य को लेकर जो टेंडर जारी किये जाते हैं। उसमें छोटे-मोटे कार्यों का टेंडर विस्थापितों को मिलना चाहिए। इस दिशा में कोल मंत्रालय दिशा निर्देश जारी करें।

जमीन से लोगों का भावनात्मक लगाव होता : मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड जैसे राज्य में जमीन से लोगों का भावनात्मक लगाव होता है। ऐसे में जब खनन परियोजनाओं को लेकर जमीन अधिग्रहण होता है, तो लोगों को काफी तकलीफें होती है। वे अपनी जमीन से अलग होना नहीं चाहते हैं। विस्थापितों को सिर्फ मुआवजा तथा नौकरी देकर सारी खुशियां नहीं दे सकते हैं । ऐसे में जमीन अधिग्रहण से जो रैयत विस्थापित होते हैं उनकी कोल खनन परियोजनाओं में इस तरह भागीदारी सुनिश्चित किया जाना चाहिए, ताकि वे अपना पूरा सहयोग सरकार और कोयला कंपनियों को दे सकें।

माइनिंग खत्म होने वाली जमीन राज्य सरकार को वापस हो : हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य में ऐसी कई कोल परियोजनाएं हैं, जहां खनन का कार्य पूरा हो चुका है। कोल कंपनियों के द्वारा उस जमीन को यूं ही छोड़ दिया गया है। वह जमीन ना तो राज्य सरकार को हस्तांतरित की जा रही है और ना ही उसका कोई सदुपयोग हो रहा है। इस वजह से बंद हो चुकी कोल खनन परियोजनाओं में अवैध माइनिंग हो रही है, जिस वजह से कई घटनाएं भी हो चुकी हैं। ऐसे में पड़े खदानों की जमीन राज्य सरकार को वापस किया जाये।

मुख्यमंत्री ने राज्यकर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करने की अनुमति दी

रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यकर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना लागू किये जाने के प्रस्ताव पर सहमति दे दी है। प्रस्ताव पर शीघ्र कैबिनेट की मंजूरी ली जायेगी। इसके बाद राज्यकर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना लागू कर दिया जायेगा। इसके तहत राज्य के कार्यरत, सेवानिवृत्त कर्मियों व पदाधिकारियों को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ दिये जाने का प्रस्ताव है। पूर्व में कुछ त्रुटियां रहने के कारण इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा था। स्वास्थ्य विभाग ने अब इन सभी त्रुटियों का पूर्ण निराकरण कर लिया गया है। शीघ्र यह योजना झारखंड में लागू कर दी जायेगी। योजना के अंतर्गत विधानसभा के वर्तमान सदस्य, राज्य की सभी सेवाओं के कर्मियों, सेवानिवृत कर्मियों तथा उनके परिवार के उनपर आश्रित सदस्यों, जिनमें उनके पति, पत्नी, पुत्र, वैध दत्तक पुत्र, पुत्री, नाबालिग भाई एवं अविवाहित बहन एवं आश्रित माता-पिता सम्मिलित होंगे। सभी को पांच लाख रुपये प्रतिवर्ष की अधिसीमा के अंतर्गत स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जायेगा। वहीं, गंभीर बिमारी के मामले में 10 लाख रुपये तक का लाभ उछा सकेंगे।

गोविंदपुर में हिंसा: हिलटॉप कंपनी विवाद

गोलीबारी और बम धमाके से दहला क्षेत्र, डीएसपी घायल

- सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के खरखरी स्थित आवासीय कार्यालय पर हमला, लगायी आग
- एक दर्जन से अधिक बाइकों में लगायी गयी आग

आजाद सिपाही संवाददाता

महुदा। गोविंदपुर के बाबूडीह इलाके में गुरुवार को हिलटॉप कंपनी के निर्माण को लेकर दो राजनीतिक गुटों के बीच भयंकर हिंसा देखने को मिली। घटना के दौरान सैकड़ों राउंड गोलीबारी और दर्जनों बम धमाके हुए, जिससे पूरे अनुमंडल क्षेत्र में दहशत फैल गयी। आक्रोशित समर्थकों ने घटनास्थल पर लगभग डेढ़ दर्जन बाइक को आग के हवाले कर दिया। इस दौरान कई ग्रामीण भी घायल हुए हैं। सूत्रों से पता चला कि एक ग्रामीण की जांघ में गोली भी लगी है। इधर घटना के बाद दंगाइयों ने सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के खरखरी स्थित आवासीय कार्यालय पर हमला कर उसे आग के हवाले कर दिया। पुलिस ने इस मामले में सक्रियता दिखाते हुए दंगाई समर्थक नेता कारू यादव के घर पर छापेमारी की, जहां एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। तभी, पुलिस टीम पर भारी पत्थराव शुरू हो गया। इस हमले में बाघमारा के डीएसपी पुरषोत्तम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें सिर में गहरी चोटें आयीं, जिसके बाद उनका सीनिडीह स्थित एक नर्सिंग होम में प्राथमिक उपचार दिया गया। फिर धनबाद के असर्फी अस्पताल रेफर किया गया, जहां उनका इलाज जारी है। वहीं, इस घटनाक्रम के बाद कारू यादव और उनके समर्थक मौके से फरार हो गये।

पुलिस पर हमले और डीएसपी के जख्मी होने की सूचना मिलते ही आनन-फानन में धनबाद जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के तमाम अधिकारी मौके पर पहुंचे। इसके बाद पूरे गोविंदपुर क्षेत्र को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया। स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए सुरक्षा इंतेजाम बढ़ा दिये गये हैं। घटना के बाद पुलिस ने कारू यादव और उनके समर्थकों की गिरफ्तारी के लिए सर्च अभियान शुरू कर दिया है। फिलहाल क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है और पुलिस की कार्रवाई जारी है। इधर आइजी और डीआइजी धनबाद असर्फी अस्पताल डीएसपी का हाल-चाल जानने के लिए पहुंचे।

सांसद ने महाप्रबंधक पर लगाया आरोप

ज्ञात हो कि हिलटॉप आउटसोर्सिंग को लेकर चल रहे विवाद में बीते मंगलवार को सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने महाप्रबंधक गणेश चंद्र शाहा से वार्ता कर कंपनी द्वारा तैयार की गयी खनन योजना की रिपोर्ट की मांग करते काम को तत्काल रोकने की बात कही थी। सांसद ने महाप्रबंधक को पहले ही आगाह किया था कि जब तक विवाद का समाधान नहीं हो जाता, तब तक परियोजना का काम नहीं चलाया जाये। वरना क्षेत्र में विधि-व्यवस्था बिगड़ सकती है। किंतु महाप्रबंधक ने अपना अड़ियल रुख अपनाते कार्य जारी रखने और भविष्य में कोई भी अनहोनी होने पर प्रबंधन की जिम्मेवारी की बात कही थी। वर्तमान घटित घटना के बाद सांसद ने इस मामले में महाप्रबंधक और स्थानीय पुलिस की लापरवाही पर सवाल उठाये हैं। इसे उनकी मौन सहमति के रूप में देखा है। सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी का कहना है कि महाप्रबंधक और पुलिस ने उनकी चेतावनियों को नजरअंदाज किया और विवाद के समाधान के बजाय कार्य को जारी रखा, जिससे क्षेत्र की स्थिति गंभीर हो गयी। इस विवाद के केंद्र में महाप्रबंधक और स्थानीय पुलिस की भूमिका को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं, जो अब एक बड़ी राजनीतिक और कानूनी बहस का कारण बन गया है। उन्होंने महाप्रबंधक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की बात कही।

रघुवर दास आज फिर से भाजपा के होंगे

- पूर्व मुख्यमंत्री प्रदेश कार्यालय में पार्टी की लेंगे सदस्यता

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। ओड़िशा के पूर्व राज्यपाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास शुक्रवार को भाजपा में एक बार फिर शामिल होंगे। भाजपा प्रदेश कार्यालय में वह दोपहर 12.15 बजे पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र कुमार राय, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश सदस्यता प्रभारी राकेश प्रसाद समेत पार्टी के अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

गौरतलब है कि रघुवर दास को ओड़िशा का राज्यपाल बनाया गया था। उन्होंने 31 अक्टूबर को ओड़िशा के राज्यपाल के रूप में शपथ ली थी। इससे पहले भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने 14 महीने राज्यपाल रहने के बाद दिसंबर में पद से इस्तीफा दे दिया। अब एक बार फिर नयी पारी शुरू करने जा रहे हैं। वह शुक्रवार को भाजपा की फिर से विधिवत सदस्यता ग्रहण करेंगे। रघुवर दास को क्या जिम्मेदारी मिलेगी, इसका अभी तक पार्टी नेतृत्व ने खुलासा नहीं किया है। हालांकि प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक कोई जिम्मेदारी देने के कयास लगाये जा रहे हैं। इसे लेकर फिलहाल भाजपा की प्रदेश राजनीति में चर्चाओं का बाजार गर्म है।

प्रवासियों के दिल में भारत धड़कता है: मोदी

- भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन में शामिल हुए प्रधानमंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को ओड़िशा के भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन में शामिल हुए। इस मौके पर मोदी ने कहा कि प्रवासी जहां जाते हैं, उसे अपना बना लेते हैं। इसके बावजूद उनके दिल में हमेशा भारत धड़कता है। इसी के चलते दुनिया में मेरा सिर ऊंचा रहता है। भारत मेड इन इंडिया फाइटर जेट बना रहा है। वो दिन दूर नहीं, जब आप (प्रवासी भारतीय) किसी मेड इन इंडिया प्लेन से ही प्रवासी भारतीय दिवस मनाने आयेंगे। कार्यक्रम को त्रिनिदाद और टोबैगो की राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कंगालू ने भी वर्चुअली संबोधित किया। मोदी ने प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस को भी हरी झंडी दिखायी।

यह भारतीय प्रवासियों के लिए स्पेशल टूरिस्ट ट्रेन है, जो दिल्ली के निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से चली और तीन सप्ताह तक कई पर्यचन स्थलों तक जायेगी। विदेश मंत्रालय की प्रवासी तीर्थ दर्शन योजना के तहत इसका संचालन किया जा रहा है। कार्यक्रम के लिए 70 देशों से तीन हजार से ज्यादा प्रतिनिधि ओड़िशा पहुंचे हैं। यह सम्मेलन 10 जनवरी तक चलेगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इसके समापन सत्र में शामिल होंगी और प्रवासी भारतीय पुरस्कार प्रदान करेंगी।

प्रवासियों को भारत का राष्ट्रदूत मानता हूं: प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय प्रवासियों को भारत का राष्ट्रदूत मानता हूं। मुझे खुशी होती है जब दुनिया में आप सभी साथियों से बात करता हूं। जो प्यार मिलता है, उसे भूल नहीं सकता। आपका स्नेह आशीर्वाद मेरे साथ रहता है। मैं सभी का निजी तौर पर आभार करता हूं। क्योंकि आपकी वजह से मुझे दुनिया में गर्व से सिर ऊंचा रखने का मौका मिलता है। बीते दस साल में मेरी दुनिया के अनेक नेताओं से मुलाकात हुई है। अपने देश के भारतीय डाइसपोरा की बहुत प्रशंसा करता है। इसका एक बड़ा कारण वो सोशल वैल्यूज हैं, जो आप सभी वहां की सोसाइटी में दिखाते हैं।

मेड इन इंडिया ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला

मोदी ने कहा कि मेड इन इंडिया प्रोजेक्ट पर 10 साल में भारत ने अपने यहां 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। दुनिया की 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। वो दिन दूर नहीं जब यह तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। भारत की सफलता आज दुनिया देख रही है। उन्होंने कहा कि भारत की बात को आज दुनिया ध्यान से सुनती है। भारत के टैलेंट का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। विकसित भारत में प्रवासियों का योगदान 1947 में आजादी के बाद भारतीय डाइसपोरा ने बहुत मदद की। हमारे सामने 2047 का लक्ष्य है, हमें विकसित भारत बनाना है। आपकी मेहनत के कारण ही भारत की पहचान बढ़ रही है। हमें इससे भी आगे सोचना है।



नेक नागरिक का प्रचार अभियान चलाया गया

डोमचांच (आजाद सिपाही)। थाना के सामने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान 2025 के तहत भारत सरकार राज्य मार्ग द्वारा नेक नागरिक का प्रचार किया ताकि लोग सड़क दुर्घटना में मदद के लिए हाथ बटायें। ऐसे लोगों को राज्य सरकार के द्वारा दो हजार और भारत सरकार द्वारा पांच हजार रुपये प्रोतोसाहन राशि दी जाती है। सड़क सुरक्षा जागरूकता के साथ साथ दो पहिया मोटरसाईकिल जांच अभियान चलाया गया जिसमें मोटर साईकिल जांच में हेलमेट लाइसेंस को चेक करते हुए विधि सम्मत कार्यवाही किया गया। मौके पर ओम प्रकाश कुमार (यातायात प्रभारी), हिमांशु सिंह सड़क सुरक्षा प्रबंधक अमार शिद्धिकी मौजूद थे।

कोनार में कई परियोजनाओं पर होंगे कार्य

विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड के कोनारडैम में कई परियोजनाएं खासकर सोलर प्रोजेक्ट के तहत कार्य होंगे। बहरहाल आठ मेगावाट सोलर प्लांट का कार्य जारी है। इसके अलावा 228 मेगावाट सोलर प्लांट, सौ मेगावाट बैटरी एनर्जी स्टोर और तीन मेगावाट पम्प स्टोरेज का निर्माण किया जाना बाकी है। इन परियोजनाओं का भी कार्य जल्द शुरू होगा। कोनार डैम स्थित डीवीसी के निरीक्षण भवन में परियोजना प्रधान राणा रंजीत सिंह ने एक प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डीवीसी के अधिकृत भूमि का उपयोग रोजगार सृजन के लिए किया जायेगा। जिसके तहत मछली पालन, हर्ती कल्चर, पिक फार्मिंग, पोल्ट्री फार्म, गोट फार्मिंग और पर्यटन को बढ़ावा दिया जायेगा। ये सभी कार्य पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत किया जायेगा। टापुओं को विकसित कर रोपवे से जोड़ा जायेगा। स्कूल को मान्यता दिलवाया जायगा। विस्थापितों की समस्या दूर करने को लेकर कारवाही शुरू कर दी गयी है। जंगलो की सुरक्षा के लिए ग्रामीणों का सहयोग लिया जायेगा। परियोजनाओं में कार्य करने के लिए स्थानीय लोगों को प्रार्थमिकता दी जायेगी। कोनार के पिकनिक पार्क का कायाकल्प किया जायेगा। लाइट लगा दी गयी है। पर लाइट की चोरी कर ली जा रही है जो दुखद है।

डीएवी कैनरी हिल हजारीबाग में नये प्राचार्य ने दिया योगदान

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। स्थानीय डीएवी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग हजारीबाग में डॉक्टर रजनीश कुमार ने नये प्राचार्य के रूप में योगदान दिया। नये प्राचार्य के आगमन पर विद्यालय में एक विशेष हवन का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय की प्रभारी प्राचार्या कविता पांडेय, डीएवी जूनियर विंग यूकलिप्टा शाखा के प्राचार्य विवेकानंद चौधरी, एल एम सी के वाइस प्रेसिडेंट दिनेश खंडेलवाल और सभी शिक्षक मौजूद थे। नए प्राचार्य को विद्यालय की प्रभारी प्राचार्या और डीएवी यूकेलिप्टा शाखा के प्राचार्य ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया। अपने स्वागत संबोधन में प्रभारी प्राचार्या कविता पांडेय ने कहा कि यह खुशी की बात है कि फिजिक्स विषय से जुड़े हुए और डीएवी श्यामली रांची जैसे विद्यालय में एक लंबे समय तक अध्यापन का अनुभव रखने वाले प्राचार्य विद्यालय को मिले हैं जिससे यह विद्यालय और नई ऊंचाइयों को छूएगा। इस अवसर पर नये प्राचार्य ने अपना परिचय देते हुए सभी शिक्षकों से उनका परिचय लिया। अपने संबोधन में नवागत प्राचार्य ने यह कहा कि हम सब टीम वर्क की तरह काम करेंगे और मैं खुद भी फिजिक्स की कक्षा नियमित रूप से लूंगा। आगे उन्होंने कहा कि डीएवी हजारीबाग अपने रिजल्ट के लिए जाना जाता है। इतना नहीं एकेडमिक के साथ-साथ खेलकूद, सांस्कृतिक क्षेत्र और पाठ्येतर गतिविधियों में भी विद्यालय का प्रदर्शन काबिले तारीफ रहा है। अब हम लोग का मुख्य फोकस नीट, जेई और क्लैट जैसे प्रोफेशनल परीक्षाओं में अधिक से अधिक बच्चों को सफलता दिलवाना है। इसके लिए अब विद्यालय के स्तर पर ही एक नई स्ट्रेटजी बनाकर बच्चों को उसके लिए तैयार किया जायेगा। ज्ञातव्य हो कि नये प्राचार्य ने डीएवी श्यामली, रांची में अपने अध्यापन के कार्यकाल में कम से कम 200 बच्चों को नीट और लगभग 450 बच्चों को जी मेन और एडवांस के लिए तैयार करके सफलता दिलवायी है। शिक्षकों ने भी यह उम्मीद जतायी कि नये प्राचार्य के नेतृत्व में विद्यालय सफलता के नए पंख जोड़ेगा ।

क्रांतिकारी सह पूर्व मुखिया स्वर्गीय जयदेव चौधरी की तृतीय पुण्यतिथि मनी

चलकुशा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के चौबे बाजारटांड़ में क्रांतिकारी नेता सह भुतपूर्व मुखिया स्व जयदेव चौधरी की तृतीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन दोनों पुत्र मुखिया कुमार अंशु और युवा नेता अनूज रवि के नेतृत्व में किया गया। श्रद्धांजलि सभा का संचालन राम किशोर पांडेय ने किया। स्वर्गीय जयदेव चौधरी के प्रतिमा पर जीप सदस्य सविता सिंह, मुखिया संघ अध्यक्ष आलोक सिंह, पूर्व शिक्षक रामेश्वर साहू, उपेंद्र चौधरी, मुखिया प्रतिनिधि रामजीत रजक पंसस प्रतिनिधि उमेश साव ने पुष्प माला देकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। जिप सदस्य ने कही कि जयदेव चौधरी आज भी लोगों के दिलों में बसे है जो जनता की समस्याओं को लेकर हमेशा आंदोलन करते रहते थे। उन्हीं का देन है कि चौबे रेलवे स्टेशन में लोकल और एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव हो रहा है। मुखिया संघ अध्यक्ष आलोक सिंह ने कहा कि उनक एक सपना था कि चलकुशा प्रखंड को कोडरमा जिला शामिल करना। हम लोगों की जिम्मेवारी है। कि चलकुशा को कोडरमा जिला में शामिल कर सच्ची श्रद्धांजलि दी जायेगी। जयदेव चौधरी विधानसभा और लोकसभा का चुनाव लड़कर और संघर्ष कर लोगों के दिलो में राज किया। आज चौबे को जयदेव चौधरी के नाम से जाना जाता है। मौके पर कार्यक्रम में पूर्व पंचायत समिति भुदेव चौधरी, उप मुखिया प्रतिनिधि भुवनेश्वर स्वर्णकार, वार्ड सदस्य बाबुजान मियां, विजय सिंह, राम प्रसाद राम, ठाकुर सोनार, संजीत चौधरी, संजय महतो, संजय चौधरी, परमानंद पांडेय, विजय चौधरी समेत काफी संख्या मे लोग उपस्थित थे।

सारूकुदर मुखिया ने कंबल बांटे

विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड के सारूकुदर मुखिया उत्तम महतो ने पंचायत सचिवालय में जरूरतमंदो के बीच कंबल वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ठंड बढ़ गयी है ऐसे में सरकार द्वारा उपलब्ध कराये गये कंबल जरूरतमंदों के बीच वितरण किया गया। बुजुर्गो को बढ़ते ठंड में इसे उपयोग करने के साथ साथ ठंड से सावधान रहने की बात कही। बताते हैं कि प्रत्येक वार्ड में 9 कंबल का वितरण किया गया। मौके पर पसस महेश महतो, वार्ड सदस्य सोमर साव, रेशमी देवी, सुशीला देवी, नंदलाल महतो, मुकेश कुमार सिंह, बेबी देवी, करमाली अंसारी, ललीता देवी, रीना देवी, सुनीता देवी, कुंती देवी, पुरनी देवी, दूलारचंद राम, योगेंद्र महतो के अलावा मो सीता देवी, पेमिया सोमरी देवी, मंगर महतो, कौश्ल्या देवी, दर्शनी देवी, जगनी देवी, अकबर मियां, यमुनी खातून, मनी माझी, बड़की देवी समेत कई लोग उपस्थित थे।

सेटेलाइट के सहयोग से पुलिस अफीम की खेती को कर रही नष्ट

ग्रामीणों का भी मिल रहा सहयोग

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। हजारीबाग पुलिस नशा खोरी के व्यवसाय में लगे लोगों पर कड़ी कार्रवाई कर रही है। लगातार अभियान चला कर नशा खोरों को सलाखों के पीछे भेज रही है। वहीं अफीम की खेती को ध्वस्त करने के लिए भी कमर कस ली है और लगातार अभियान चला रही है। पुलिस अब सेटेलाइट का भी सहारा ले रही है। कहा जाये तो हजारीबाग पुलिस उन्नत टेक्नोलॉजी के जरिये नशे के कारोबारी के खिलाफ बड़ा अभियान इन दिनों क्षेत्र में चला रही है। हजारीबाग जिला के निकटवर्ती क्षेत्र अफीम की खेती के लिए जाना जाता है। खासकर हजारीबाग और चतरा का सीमांत क्षेत्र में दिसंबर और जनवरी के महीने में नशे के सौदागर अफीम की खेती करते हैं। अब इनकी खैर नहीं है। हजारीबाग पुलिस सेटेलाइट के जरिये भी अफीम की खेती पर अपनी नजर बनाए हुए हैं। यही नहीं कई अन्य एजेंसी के जरिए भी जो इनपुट्स मिल रहे हैं उसे आधार पर अफीम की खेती नष्ट किया जा रहा है। एडिशनल एसपी अमित कुमार ने बताया कि नशे के व्यापारियों के खिलाफ हजारीबाग पुलिस तकनीक का सहारा लेते हुए बड़ा अभियान चला रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो भी व्यक्ति नशे के कारोबार या अफीम की खेती में संलिप्त होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। इस अभियान में पुलिस को ग्रामीणों का भी भरपूर साथ मिल रहा है। हजारीबाग के चौपारण थाना क्षेत्र में पुलिस ने सेटेलाइट के सहयोग से कई एक-ड़ में लगे अफीम की खेती को नष्ट किया है। एडिशनल एसपी अमित कुमार ने कहा कि विभाग की ओर से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी का प्रतिफल है कि ग्रामीण भी अब इस अवैध खेती के खिलाफ गोल बंद हो रहे हैं।

जगन्नाथ जैन कॉलेज शिक्षकेतर कर्मचारी संघ की हड़ताल शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

झुमरीतिलैया। जगन्नाथ जैन कॉलेज शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ का गुरुवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू हुआ। जिसमें चार सूत्री मांग रखी गयी है। कर्मचारी नेता अशोक यादव ने कहा कि जब तक हमारी एसीपी एमएसीपी और लंबित वेतन निर्धारण और प्रोन्नति संबंधित समस्याओं का निष्पादन नहीं होता है तब तक अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगा। ज्ञात हो कि विभावि प्रशासन की ओर से वर्ष 2015 से कर्मचारियों को एसीपी एमएसीपी का भुगतान किया जा रहा था लेकिन गत वित्त समिति की बैठक में उक्त भुगतान को स्थगित करने और भुगतान किये गये राशि को एडजस्ट करने का निर्णय लिया गया। जिससे कर्मचारी आंदोलित हो उठे। कर्मचारी संघ के प्रक्षेत्र अध्यक्ष क्रांति सिंह ने कहा कि कल से जेजे कॉलेज के कर्मी विभावि मुख्यालय में आमरण अनशन में मुख्यालय और विभावि के सभी महाविद्यालय के कर्मी के साथ शामिल होंगे। महासंघ के प्रदेश प्रवक्ता रीतेश माधव ने कहा कि जब तक हमारी मांगों को नहीं माना जायेगा तो विश्वविद्यालय समेत विभावि के अंतर्गत सभी महाविद्यालय के कर्मी अनिश्चितकालीन आमरण अनशन पर रहेंगे। धरना पर मुख्य रूप से मानवेंद्र सिंह, घनानंद, संजय चौधरी, अखिलेश मिश्रा, राजेंद्र राम, राजेश कुमार, संजीव सिंह, कैलाश राणा, दिलीप मिश्रा, विशेश्वर यादव, जानकी साव, राहुल कुमार, रामजी कुमार, विमलेश राम, तिलक यादव, शारदा सिंह, समृद्धि श्रीवास्तव, राधिका देवी समेत सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

गुरदयाल महतो की जयंती और बालिका उच्च विद्यालय का मना स्थापना दिवस

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। पूर्व प्रमुख गुरदयाल महतो की जयंती सह बालिका उच्च विद्यालय का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।गुरदयाल महतो की जयंती के मौके पर विद्यार्थियों और ग्रामीणों ने विभिन्न गांव में प्रभात फेरी निकाली। इस दौरान जीडीएम चौक स्थित गुरुदयाल महतो की प्रतिमा पर अतिथियों ने माल्यार्पण किया।तत्पश्चात बालिका उच्च विद्यालय में सभा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष उमेश साव और संचालन प्राचार्य राम लखन महतो, छात्र माही कुमारी व निर्जला कुमारी ने संयुक्त रूप से की। बालिका उच्च विद्यालय के छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की गयी, और विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया और गुरदयाल महतो के तस्वीर में अतिथियों द्वारा माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित की गयी।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम का हुआ आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

बरकट्ठा। आयुष्मान आरोग्य मंदिर कल्हाबाद में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुखिया कलावती देवी, पंचायत समिति सदस्या सुषमा रानी और सभी सहिया उपस्थित थे। बैठक का संचालन बीटीटी बसंती देवी ने की। मौके पर मुखिया कलावती देवी के द्वारा सभी सहिया को लंच बॉक्स देकर सम्मानित किया। मुखिया ने सभी सहिया को किशोरावस्था में होने वाली हिंसा, किशोरावस्था में नशा का जो शिकार हो जाते हैं उससे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ता है। किशोरावस्था में कैसे स्वस्थ रहेंगे कैसे लोगों को स्वस्थ रखेंगे, को बताया। कल्हाबाद हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक शशि कुमार ने स्कूल स्वास्थ्य कल्याण कार्यक्रम, स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति विस्तार से बताए। मौके पर डॉक्टर निशांत बेग ने सभी बच्चों को स्वास्थ्य के बारे में और टीबी से संबंधित उपस्थित सभी लोगों को जानकारी दिये। कार्यक्रम में बीपीम रंजीत कुमार सिंह, बीडीएम सत्यनारायण कुमार, हेल्थ मैनेजर पंकज कुमार, सीएचओ अनिल मिंज, वसीम अकरम, एएनएम गोरेती तिर्की, ममता देवी, सहिया साथी रीना देवी, बीटीटी प्रकाश पंडित, नरोत्तम कुमार, सहिया कुंती देवी, रेणु देवी, डोली देवी, आशा देवी समेत सभी साथिया उपस्थित थे।

गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

कोडरमा। 26 जनवरी 2025 गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी को लेकर समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में वरीय पदाधिकारियों एवं सभी संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की गयी। उपायुक्त ने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर की जाने वाली तैयारियों की जानकारी संबंधित पदाधिकारियों से लिये और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि सार्वजनिक समारोह बागीटॉड स्टेडियम में 09.05 बजे पूर्वाहन को आयोजित किया जायेगा। कोडरमा जिले में स्थित सभी महापुरुषों की प्रतिमा का विशेष रूप से साफ-सफाई करवाना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही मुख्य समारोह स्थल तक जाने वाले सभी मार्गों और पूरे शहर की साफ-सफाई भी सुनिश्चित करायेंगे। मुख्य समारोह स्थल बागीटांड स्टेडियम का समतलीकरण व साफ-सफाई करने का निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था सुव्यवस्थित रखें। गणतंत्र दिवस के पूर्व संध्या मे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करने हेतु निर्णय लिया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर झांकी निकालने हेतु संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया। साथ ही विभिन्न क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा, इस हेतु सभी कार्यालय प्रदान को अपने अपने कार्यालय से सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में सौमित्र शुक्ला, ऋतुराज, रिया सिंह, पूनम कुजुर, डॉ अनिल कुमार, अविनाश पुणेर्दु, कनक कुमारी तिर्की, विजय कुमार, रोहित कुमार, प्रिंस गोडविन कुजूर, अविनाश राम और अन्य उपस्थित थे।

आज भी दोना पत्तल बनाकर महिलाएं कर रही हैं अपने परिवार का भरण-पोषण

सालों भर गर्मी ठंडा बरसात जंगल में जाकर पत्ता तोड़कर लाते हैं और फिर बेचते हैं

आजाद सिपाही सवांददाता

हजारीबाग। हजारीबाग जिला जंगलों से घिरा है। यहां नेशनल पार्क जैसे बड़े जंगल है, इनके अलावा कई बड़े जंगल भी हैं। इन जंगलों में बड़े बड़े सखुआ पेड़ हैं। सखुआ के पत्ते रोजगार के भी साधन है। यही कारण है कि इन्हें हरा सोना भी ग्रामीण क्षेत्र में कहा जाता है। हजारीबाग के झंडा चौक पर सालों भर महिलाओं को सखुआ पत्ता का बना दोना पत्तल और पत्ता बेचते हुए देखा जा सकता है। इस व्यवसाय में महिलाएं अधिक दिखती है। महिलाएं जंगल से पत्ता तोड़कर लाती हैं और फिर से इसे बंडल बनाकर बेचती हैं, कई महिलाएं पत्ता से दोना और पतल भी बनाते हुए देखी जा सकती है। इस हरे सोने से कई घर के लोग अपना जीवन का साधन बना लिया है। महिलाएं कहतीं है कि यह पत्ता हजारीबाग के हर एक होटल और जहां खाने का सामान बिकता है वहां देखा जा सकता है। पान भी इसी पत्ता में लपेटकर ग्राहक को दिया जाता है। गुपचुप से लेकर चाट में भी इस पत्ते का उपयोग होता है। पूजा पाठ में इस पत्ता का उपयोग अधिक है। यही कारण है कि हजारीबाग में यह एक व्यवसाय के रूप में देखा जाता है। महिलाओं का यह भी कहना है कि सालों भर गर्मी ठंडा बरसात जंगल में जाकर पत्ता तोड़कर लाते हैं और फिर बेचते हैं। इसमें काफी मेहनत लगता है। तो ग्राहक भी कहते हैं कि पत्ता शुद्ध है। इसका उपयोग पूजा पाठ में भी होता है। शुद्धता के कारण इसकी मांग अधिक होती है। हरे भरे जंगल कई लोगों के लिए जीवन यापन का साधन बना हुआ है। जहां एक और पत्ता से दोना पतल तैयार किया जाता है, तो दूसरी ओर इसके पतले पतले दंठल दतुवन के रूप में बेचे जाते हैं। अभी भी हजारीबाग में दतुवन करते हुए कई लोग दिख भी जायेंगे।

मुखिया ने किया कंबल का वितरण

टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के भराजो पंचायत भवन में मुखिया स्वास्तिका कुमारी की उपस्थिति में गुरुवार को जरूरतमंदों के बीच 120 कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान मुखिया स्वास्तिका कुमारी ने कहा कि पंचायत क्षेत्र के भराजो और अमनारी गांव के असहाय, वृद्ध, दिव्यांग, जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मुखिया ने कहा कि कड़ाके की ठंड में असहायों की सेवा ही मानवता की सेवा है। वह क्षेत्र में हमेशा लोगों की समस्याओं को दूर करने का हर संभव प्रयासरत रहते हैं। उन्होंने कहा कि मानव सेवा करना परम धर्म है दिव्यांग कौशल्या देवी को घर जाकर कंबल दिया गया। मौके पर उपेंद्र पांडेय, महेश अग्रवाल, कौलेश्वर कुमार, सुनीता देवी, उर्मिला देवी, कृष्णा प्रसाद, सुधीर कुमार, रघुनंदन प्रसाद, नागेश्वर प्रजापति, सरयु ठाकुर, सुरेंद्र राम, दीपक कुमार, दीपक दास समेत सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

झारखंड पब्लिक स्कूल ने डीएवी स्कूल को सात विकेट से हराया

कोडरमा (आजाद सिपाही)। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले जा रहे इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में डीएवी स्कूल और झारखंड पब्लिक स्कूल के बीच चंदवारा स्थित पुलिस लाइन मैदान में मैच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए डीएवी स्कूल की टीम ने 30 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 143 रन बनाये। जिसमें कुमार अंश ने 41 रन और तन्मय कुमार ने 35 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए झारखंड पब्लिक स्कूल की ओर से सुधीर कुमार ने तीन विकेट और आनंद, प्रमोद, प्रिंस और कृष ने एक-एक विकेट लिए। बाद में बल्लेबाजी करने उतरी झारखंड पब्लिक स्कूल की टीम ने 22.2 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर जीत दर्ज कर ली। झारखंड पब्लिक स्कूल की ओर से मोहम्मद फरहान ने 47 रन और प्रिंस कुमार ने 45 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए डीएवी स्कूल की ओर से राजकुमार ने दो विकेट और कुमार अंश ने एक विकेट लिए। बेहतर खेल के लिए प्रिंस कुमार को मैन ऑफ द मैच दिया गया। मैच में अंपायर अजय राणा और सूरज पासवान और स्कोरर सत्यम थे। मौके पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव दिनेश सिंह, टूर्नामेंट चेयरमैन सुरेंद्र प्रसाद, सुमन कुमार, सोनू खान, कुंदन राणा, उज्जवल घोष, राजू रंजन सिन्हा आदि मौजूद थे।

सामाजिक समरसता रथ का हुआ स्वागत

जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड में सामाजिक समरसता रथ का विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अध्यक्ष महादेव शर्मा, प्रखंड मंत्री सतीश पांडेय के नेतृत्व में स्वागत किया गया। महिलाओं के द्वारा रथ का पूजन किया गया। विहिप प्रखंड अध्यक्ष महादेव शर्मा, मंत्री सतीश पांडेय, उपाध्यक्ष रामस्वरूप यादव सहित कई लोगों ने कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी जी का अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर मार्गदर्शक मंडल के प्रदेश संयोजक कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी जी ने संबोधित करते हुए कहा कि सामाजिक समरसता में हम विश्वास करते हैं सनातनियों को छोड़कर कोई ऐसा धर्म नहीं जिसमें समरसता का भाव हो। उन्होंने कहा सामाजिक समरसता जहां घटा है वहां हम सभी लोग घटे हैं जो समाज हम लोगों से बिछड़ गये हैं। सामाजिक समरसता के माध्यम से जोड़ने का काम करें जहां-जहां हिंदू घटा है, वहां वहां राष्ट्र घटा है। उन्होंने कहा जात-पात की करो विदाई, हिंदू हिंदू भाई-भाई। कार्यक्रम को विश्व हिंदू परिषद के विभाग मंत्री अनूप यादव, जिला मंत्री पंकज दुबे, मनोज चंद्रवंशी, कमलनाथ दास, प्रवीण चंद्रा आदि ने संबोधित किया। मौके पर उप प्रमुख राजनारायण सिंह, दुर्गा वाहिनी जिला संयोजक कृति सुमन, प्रचार प्रसार जिला प्रमुख विनोद कुमार बर्णवाल, अभिनव पाठक, पप्पू बर्णवाल, सुरेंद्र प्रसाद मोदी, महेश पांडेय, सदानंद सिंह, सुनील कुमार यादव, सुनील सिंह, दुखी चौधरी, रामफल चौधरी, सुभाष राणा, सूरज देव राणा, शंकर दयाल पांडेय, प्रकाश मोदी, सनोज चौहान, इंद्रदेव सिंह, राजेश ठाकुर, प्रकाश राणा, मुरली बर्णवाल, रामधनी पंडित, शशिकांत प्रसाद, पप्पू सोनी, त्रिभुवन राम, पुष्पा देवी, अनीता देवी, राजेंद्र सिंह, गणेशाराम, कार्तिक पंडित सहित सैकड़ों महिला-पुरुष शामिल थे।

सदस्यता अभियान को लेकर हुई बैठक

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। जिले के कटकमसांडी पश्चिमी मंडल के बरगड्ढा और डांड के 14 बूथों के बूथ अध्यक्ष और कार्यकर्ताओं की बैठक मंडल अध्यक्ष कैलाश यादव की अध्यक्षता में बहीमर में हुई। संगठन महापर्व के अंतर्गत सदस्यता अभियान को गति देने के लिए इस बैठक में प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य सह प्रभारी हरीश श्रीवास्तव, जिला के उपाध्यक्ष सह प्रभारी आनंद देव विशेष रूप से उपस्थित हुए। प्रभारी हरीश श्रीवास्तव और आनंद देव ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक सदस्य बनाने और मोदी जी की जन कल्याण योजनाओं को आमजन को बताने का निर्देश और मार्गदर्शन दिया। इस बैठक में बिजुल देवी, रीतलाल यादव, दिनेश साव, श्याम लाल तुरी, इंद्रदेव राय, मिथिलेश सिंह, अर्जुन सोनी, बैजनाथ राणा, घनश्याम यादव समेत मंडल के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मुखिया संघ के जिला महासचिव मंत्री से मिले

केरेडारी (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार के वित मंत्री माननीय राधा कृष्ण किशोर से हजारीबाग जिला कांग्रेस कमेटी सह जिला मुखिया संघ हजारीबाग के महासचिव और पचड़ा पंचायत के मुखिया महेश प्रसाद साव ने मिल कर नव वर्ष की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दिया। साथ ही बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं के बारे में भी अवगत करवाया। इस अवसर पर बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में कई कोल कंपनियां होने के बावजूद बेरोजगारी चरम सीमा पर है जब की झारखंड सरकार के माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्थानीय लोगों को 75प्रतिशत रोजगार दिलाने की घोषणा की थी। साथ ही कोल कंपनियों की एम डी ओ कंपनी के अधिकारियों ने जिला प्रशासन को झांसा देकर बाहरी लोगों को काम में लगा कर स्थानीय बेरोजगार युवाओं युवतियों को नौकरी देने के नाम पर रोज ऑफिस का चकर लगवा रहे हैं। मुखिया महेश प्रसाद साव ने मंत्री राधाकृष्ण कैशोर से स्थानीय लोगों को न्याय दिलाने की मांग किया है।

115 चिह्नित मॉडल गांव का 13 जनवरी से शुरू होगा सत्यापन

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। जिले के 326 गांव में से 115 गांव मॉडल के रूप में घोषित हो चुके हैं इन सभी गांव का सत्यापन 13 जनवरी से शुरू होगा। यह निर्देश गुरुवार को जिला जल और स्वच्छता समिति की बैठक में डीसी चंदन कुमार ने दिया है। कार्यपालक अभियंता प्रदीप कुमार सिंह के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन और जल जीवन मिशन के वर्तमान स्थिति के बारे में बताया गया। समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता के द्वारा बताया गया कि वर्तमान में 326 गांव के विरुद्ध 115 गांव मॉडल के रूप में घोषित हो चुके हैं। जिसके सत्यापन हेतु टीम का गठन किया गया है। डीसी ने कहा कि कि 13 जनवरी को सभी प्रखंडों में टीम का प्रशिक्षण करते हुए सत्यापन प्रक्रिया को प्रारंभ किया जाये। साथ ही 20 जनवरी से पूर्व सभी गांव का जांच प्रतिवेदन उपलब्ध करायें। बैठक में यूनिसेफ सहयोगी संस्था से निर्भय कुमार के द्वारा बताया गया कि वर्तमान में कुल 244 गांव में तरल कचरा प्रबंधन से संबंधित व्यवस्था है। इस संबंध में उपायुक्त के द्वारा निर्देशित किया गया कि शेष 74 गांव का सर्वे करते हुए प्रतिवेदन 11 जनवरी के शाम तक उपलब्ध करायें। स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण से संबंधित प्रगति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त के द्वारा निर्देशित किया गया की 18 जनवरी से पूर्व सभी गांव का सर्वे पूरा करें। कचरा वाहन के नियमित संचालन हेतु उपायुक्त के द्वारा निर्देशित किया गया कि ग्राम पंचायत स्तर पर वाहन का संचालन करें। गोवर्धन योजना से संबंधित समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता के द्वारा बताया गया कि चितरपुर प्रखंड के सेवई उत्तरी पंचायत में गोबर गैस प्लांट निर्माणाधीन है। जिस पर यथाशीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण करते हुए संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश उपायुक्त के द्वारा दिया गया। प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट के निर्माण और संचालन के क्रम में कार्यपालक अभियंता के द्वारा बताया गया कि रामगढ़ जिले के मांडू प्रखंड के मांडू चट्टी पंचायत में इकाई का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। मशीनों का क्रय भी कर लिया गया है। विद्युत कनेक्शन करने के पश्चात केंद्र को चालू कराया जायेगा। इस संबंध में उपायुक्त ने यथाशीघ्र इकाई का संचालन प्रारंभ करने का निर्देश दिया। पंचायत स्तर पर निर्मित होने वाले प्लास्टिक पृथक्करण केंद्र से संबंधित भूमि प्रतिवेदन के समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता के द्वारा विभिन्न प्रखंडों से प्राप्त भूमि प्रतिवेदन के संबंध में बताया गया। जिस पर उपायुक्त के द्वारा निर्देशित किया गया कि पेयजल और स्वच्छता विभाग के कनीय अभियंता अपने-अपने क्षेत्र के अंचल अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए यथाशीघ्र भूमि प्रतिवेदन प्राप्त करें, ताकि पंचायत में पृथक्करण केंद्र का निर्माण कराया जा सके। जल जीवन मिशन की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त के द्वारा निर्देशित किया गया कि वैसे गांव जहां 80प्रतिशत से 99प्रतिशत के बीच घरेलू नल जल संयोजन किया जा चुका है, वैसे गांव में 10 दिनों के अंदर तीव्र गति से कार्य करते हुए 100प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करे। साथ ही उपायुक्त ने सभी विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र और अन्य संस्थाओं को भी नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये।

उपायुक्त से मिलकर समाजसेवी रवि कुमार ने नगर परिषद के खिलाफ दिया आवेदन

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। नगर परिषद कार्यालय के खिलाफ समाजसेवी रवि कुमार ने डीसी से मिलकर शिकायत दर्ज करायी है। आवेदन में रवि ने कहा कि नसूचना अधिकार अधिनियम 2005 कानून के तहत 19 जुलाई 2024 को छः बिंदुओं पर सूचना मांगा है। कार्यालय द्वारा लगभग 7500 के प्रति पृष्ट (दो) रुपये के दर से कुल राशि 15000/- (पंद्रह हजार) रुपये मांग किया गया जो कि साथ दिसंबर 2024 को राशि जमा कर दिया। बावजूद उन्हें अधूरा और गलत सूचना दिया गया। सूचना के जानकारी लेने के लिए समाजसेवी रवि कुमार ने नगर परिषद कार्यालय पहुंचा। पूछ-ताछ के दौरान नगर परिषद के सिटी मैनेजर प्रेम प्रकाश ने कार्यालय के ऊपर से धकल देने का धमकी दिया है। साथ ही कार्यालय नही आने के धमकी भी दिया है। पूर्व में भी जन सूचना पदाधिकारी द्वारा सूचना वापस लेने के लिए दबाव बनाया गया है। जिसे लेकर उपायुक्त चंदन कुमार से मिलकर शिकायत दर्ज कराया है। मौके पर समाजसेवी रवि कुमार ने कहा कि नगर परिषद के अफसर से लेकर सभी कर्मचारियों का मनोबल बढ़ा हुआ है। अधिकारी किसी का बात नहीं सुनता है। साथ ही होल्डिंग टैक्स की सीबीआई जांच के साथ जनकल्याणकारी योजनाओं - शहरी आवास, सड़क, नाली, तालाब, भवन, जलमीनार, खेल मैदान सभी का सीबीआई जांच करायेंगे। जनता के टैक्स के पैसों को व्यर्थ नहीं जाने देंगे।

निष्ठा केंद्र कुजू में कौशल प्रशिक्षण सत्र शुरू

कुजू (आजाद सिपाही)। डटमामोड (कुजू) स्थित निष्ठा कौशल प्रशिक्षण केंद्र में मुख्यमंत्री सारथी योजना सह दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र के तहत बेरोजगार युवतियों के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण की शुरुआत की गयी है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए निष्ठा के मैनेजर मनीष कुमार सिंह ने बताया कि केंद्र में पांच प्रकार के सिलाई, फैशन डिजाइनिंग, ब्यूटीशियन, मशीन ऑपरेटर समेत प्रशिक्षण दिया जायेगा है। जिसमें न्यूनतम योग्यता अनुसार 18 से 35 वर्ष तक के बेरोजगार युवतियों को केंद्र द्वारा प्रशिक्षण के दौरान निःशुल्क आवास, भोजन, यूनिफॉर्म, प्रैक्टिकल सुविधा की व्यवस्था उपलब्ध करायी गयी है। साथ ही, प्रशिक्षण के उपरांत निश्चित रोजगार का अवसर और रोजगार के उपरांत प्रोत्साहन राशि, का प्रावधान है। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले इच्छुक अभ्यर्थी से आधार कार्ड, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, जन्म, जाति, आवासीय और बैंक पासबुक के साथ आवश्यक प्रमाण पत्र लेकर केंद्र में पहुंचने का आग्रह किया है। मनीष कुमार सिंह ने बताया कि केंद्र में निःशुल्क प्रशिक्षण के साथ-साथ सुनिश्चित नौकरी मिलने का अवसर मिलेगा।

मलेरिया की रोकथाम को लेकर प्रशिक्षण

चतरा (आजाद सिपाही)। सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में बुधवार को मलेरिया से प्रभावित प्रखंड के 40 स्कूलों के शिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में शामिल शिक्षकों को मलेरिया के रोकथाम को लेकर जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार, जिला भीबीडी पदाधिकारी डॉ बीएन प्रसाद, जिला भीबीडी सलाहकार अभिमन्यु कुमार, एफएलए प्रदीप कुमार, रंजीत कुमार मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थित थे। पदाधिकारियों ने प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मलेरिया एवं फलेरिया के रोकथाम की जानकारी दी। सिविल सर्जन ने कहा कि शिक्षक समाज के अभिन्न अंग हैं। समाज के लोग शिक्षकों की बातों को काफी गंभीरता से सुनते हैं। शिक्षक अपने अपने क्षेत्रों में लोगों को मलेरिया व फाइलेरिया के बारे में जागरुक करें। उन्हें मलेरिया से बचने के लिए मच्छरदानी का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करें। जिला भीबीडी सलाहकार अभिमन्यु कुमार ने जिले में सभी छह वैक्टर जनित रोगों, मलेरिया, फाइलेरिया, जैपनीज इंसेफेलाइटिस,कालाजार , डेंगू ,चिकनगुनिया की से संबंधित जानकारी देते हुए भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप इन बीमारियों पर नियंत्रण पाने के साथ इसके उन्मूलन करने की प्रतिबद्धता व उपायों के बारे में बताया।

गांव में मातम, तीनों बच्चों का हुआ अंतिम संस्कार

पतरातू गांव में नहीं जला चूल्हा, दहाड़े मार रो रही थी बच्चों की मां

निजी विद्यालयो की जांच के आदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

गोला। गोला के दामोदर रेस्टुरेंट के समीप बुधवार को दर्दनाक सडक हादसे में गुडविल मिशन स्कूल के तीन स्कूली बच्चों की मौत के बाद देर शाम को शव गांव में लाया गया। पतरातू गांव निवासी मृतक चंद्रप्रकाश महतो, अनमोल कुमार और निरु कुमारी का अंतिम सस्कार स्थानीय घाट में किया गया। अपने अपने गांव से जब बच्चों का शव निकला तो हर किसी के आंखों से आंसू छलक गये। पतरातू और सरला खुर्द गांव में मातम पसरा था। घरों में चूल्हा तक नहीं जला। पीड़ित परिजनों के घर लोगों का आना जाना लगा रहा। तीनों मृतक के परिजन दहाड़े मार कर रो रहे थे। हर कोई स्कूल संचालक दाऊद आलम को सख्त से सख्त सजा देने कि मांग कर रहा था। साथ ही मृतक के परिजनों को पच्चास पच्चास लाख रुपये मुआवजा दिये जाने कि मांग कि गयी है।

गुडविल मिशन स्कूल में हो सकती है बड़ी जांच : तिरला स्थित गुडविल मिशन स्कूल के संचालक दाऊद आलम के कारनामें के कारण तीन मां का घर सुना हो गया। कल तक बच्चों कि किलकारिया गूंजती थी। वह सुना हो गया। बताया जाता है कि स्कूल के संचालक दाऊद आलम फर्जी सोसाइटी बना कर स्कूल का संचालन करता था। प्रथम दृष्टिया जांच में यह बात समाने आया है कि स्कूल का मान्यता नहीं लिया गया है। इसके अलावे भी इसका दो स्कूल है। यह भी बताया गया कि स्कूल के आड़ में बच्चों से कई प्रकार का गतिविधि भी कराया जाता था। इधर पुलिस उसकी गिरफ़्तारी के लिए लगातार छापामारी कर रही है।

सभी बच्चों का हो रहा है इलाज : इधर घटना के बाद घायल सभी बच्चों का इलाज विभिन्न अस्पतालों में किया जा रहा है। घायल सभी बच्चों का हालत खतरे से बाहर बताया जा रहा है।

निजी विद्यालयों पर जांच का आदेश

दो स्कूली बच्चों की मौत के बाद शिक्षा विभाग हरकर में आया है। बीइइ ओ प्रभाकर कुमार ने क्षेत्र में संचालित निजी विद्यालयों पर केल कसने के उद्देश्य से जांच का आदेश दे दिया है। इसके लिए जांच कमेटी गठित कर दी गयी है। जांच टीम बुधवार को बंदी के बाद क्षेत्र में कितने स्कूल संचालित थे। इसकी रिपोर्ट देगी। इसके बाद स्कूलों के संचालक पर ममला दर्ज किया जायेगा। बताया गया कि क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक निजी विधालय सरकार के आदेश का पालन नहीं करते हुए स्कूल संचालन कर रहे थे। इसी का नतीजा हुआ कि तीन मासूम बच्चों कि जान चली गयी। घटना के बाद डरे सहमे स्कूली बच्चों को घर पहुंचाया गया। इधर जांच के आदेश के बाद निजी विद्यालय के संचालकों में हड़कंप मच गया है।

डीआइजी के आदेश पर एमवीआइ ने की दुर्घटनाग्रस्त वाहनों की जांच

रामगढ़ जिले के गोला थाना क्षेत्र अंतर्गत तिरला मोड़ पर एक ट्रक और टेंपो की टक्कर में तीन स्कूली बच्चों की मौत के बाद जांच की प्रक्रिया काफी तेजी से आगे बढ़ रही है। डीआईजी संजीव कुमार के निर्देश पर गोला थाना पुलिस काफी सक्रिय है। वह जल्द से जल्द जांच की प्रक्रिया पूरी कर बच्चों की मौत के गुनहगार गुडविल मिशन स्कूल के संचालक दाउद आलम और प्राचार्य पर करवाई करना चाहते हैं। यहां तक की ट्रक ड्राइवर और मालिक पर भी कार्रवाई होगी। डीआईजी ने रामगढ़ परिवहन विभाग को इस मामले में तत्काल एमवीआई की जांच प्रक्रिया संपन्न कराने का आग्रह किया था। उनके इस आग्रह पर डीटीओ मनीषा वत्स ने एमवीआई को जांच की प्रक्रिया तत्काल पूरी करने का निर्देश दिया गया। गुरुवार को एमवीआई अधिकारी और परिवहन विभाग के अधिकारी गोला पहुंचे। उन्होंने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों की तस्वीरें ली और जांच कर पुलिस विभाग को सौंप दिया। यहां तक की ट्रक और टेंपो के दस्तावेजों की भी जांच उन्होंने की गई। इंश्योरेंस, पोल्यूशन, फिटनेस जैसे दस्तावेजों को खंगाल गया। एमवीआई की जांच रिपोर्ट के आधार पर पुलिस अब आगे की कार्रवाई करेगी।

सदर अस्पताल को इ-हॉस्पिटल बनाने की कवायद शुरू

सभी मरीजों का होगा अपना हेल्थ एकाउंट नंबर

अस्पताल की सभी सुविधाएं होगी ऑनलाइन, मरीजों का डेटा भी रहेगा ऑनलाइन

आजाद सिपाही संवाददाता

चतरा। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन योजना के तहत चतरा के सदर अस्पताल को ई हॉस्पिटल के रूप में परिणत करने की कवायद शुरू हो गयी है। इसके लिए मरीजों का आभा कार्ड (आयुष्मान भारत हेल्थ कार्ड) बनाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। आभा कार्ड के लिए सदर अस्पताल परिसर में आभा काउंटर बनाया गया है। जहां आयुष्य मित्र स्वेत शेखर, अवधेश मिश्रा और पुष्पा कुमारी लोगों के मोबाइल में आभा ऐप डाउनलोड कराते हुए आभा कार्ड बनाने में मदद कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से इस योजना को लेकर जोर शोर से प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है। पूर्ण रुप से ई हॉस्पिटल की शुरुआत हो जाने के बाद मरीजों को कई तरह की सहुलियत मिलने लगेगा।

सभी मरीजों का होगा अपना हेल्थ एकाउंट: ई हॉस्पिटल के तहत अस्पताल में इलाज कराने के लिए पहुंचने वाले सभी मरीजों का अपना हेल्थ एकाउंट होगा। इसके लिए एक बार मरीजों को अपने मोबाइल में आभा ऐप डाउनलोड करना होगा। ऐप डाउनलोड करने के बाद मरीजों को आभा का क्यूआर कोड स्कैन करना होगा। क्यूआर कोड स्कैन करते ही मरीजों का पुरा डिटेल जिसमें उनका नाम, पता आ जायेगा। इसके बाद मोबाइल में ही उनका टोकन नंबर आ जायेगा। इसी टोकन नंबर के आधार पर मरीज संबंधित चिकित्सक से अपना इलाज करा सकेंगे। इससे मरीजों को इलाज के लिए लगने वाली लंबी लंबी लाइन से भी छुटकारा मिल जायेगा। इसके बाद मरीज घर बैठे क्यूआर कोड स्कैन कर अस्पताल में इलाज कराने के लिए टोकन नंबर प्राप्त कर अपना नंबर लगा सकते हैं। टोकन नंबर में उन्हें अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सक का भी डिटेल उपलब्ध रहेगा। मरीजों का हेल्थ रिकार्ड भी हो जायेगा ऐप में स्टोर। सदर अस्पताल के बाद सभी सीएचसी व पीएचसी भी बनेगा ई हॉस्पिटल। सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ मनीष लाल ने बताया कि पहले चरण में सदर अस्पताल को ई हॉस्पिटल के रूप में परिवर्तित किया जा रहा है। जल्द ही सदर अस्पताल पेपर लेस हो जायेगा।

बाबा साहब डॉ अंबेडकर सम्मान मार्च का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

रजरप्पा। रामगढ़ प्रखंड के कुंदरु कला पंचायत में डॉ भीमराव अंबेडकर की समान मार्च समारोह का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश उपस्थित हुए विशिष्ट अतिथि में रामगढ़ विधायक ममता देवी, मांडू पूर्व विधायक जयप्रकाश भाई पटेल और शहजाद अनवर मुख्य रूप से शामिल हुए ग्रामीणों द्वारा प्रदेश अध्यक्ष को नागरिक अभिनंदन भी किया गया। गांव में सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कमलेश ने कहा कि भारत के विशाल संविधान निमार्ता बाबा साहेब के विचारों को सामान देने की आवश्यकता है संविधान की सुरक्षा के लिए देश में एकता बनाने की आवश्यकता है संविधान में छेड़छाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा, गांधी और अंबेडकर का छेड़छाड़ और अपमान देश में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा आज के दौर में पूरे देश को बाबा साहब के द्वारा बताये गये आदर्श मार्गों को पर चलना देश हित के लिए बहुत जरूरी, इसके पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा बाबा साहेब के फोटो चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। सम्मान मार्च के दौरान कुंदरु कला बनिया टोला दुर्गा मंदिर, करमाली टोला, नवाडीह आदि स्थान पर बैनर तले पैदल मार्च किया गया। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा जय बापू, जय भीम, जय संविधान के नारे के साथ पूरे गांव का भ्रमण किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन पंकज तिवारी और दिगंबर गुप्ता के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान राजेश गुप्ता, बजरंग महतो, 20 सूत्री उपाध्यक्ष दिनेश मुंडा, केदार पासवान सतीश पाल, गजेंद्र सिंह, खगेंद्र साहू, सुजीत पटेल, बलराम साह, जकाउल्लाह, लक्ष्मण महतो, रीना देवी, भरत महतो, रामसेवक बेदिया, हीरालाल महतो, इनायत अंसारी, बबीता देवी, संतोष सोनी, अजीत करमाली, रुक्मिणी देवी, सुनील करमाली, खेमन मन महतो, सीता देवी, शिवानी कुमारी, रूपेंद्र कुमार, रुक्मिणी देवी, मंजू जोशी सहित सैकड़ों महिला पुरुष शामिल थे।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह को लेकर जागरूकता रथ रवाना

वाहन चलाते समय यातायात नियमों का करें पालन: चंदन

डीसी ने हरी झंडी दिखाकर कर मोटरसाइकिल रैली को किया रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। 1 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक संचालित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत जिला परिवहन कार्यालय द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, यातायात नियमों का पालन कराने हेतु लोगों में जागरूकता लाने हेतु चलाये जा रहे अभियान का गुरुवार को छतरमांडू स्थित समाहरणालय परिसर से उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार और पुलिस अधीक्षक अजय कुमार द्वारा संयुक्त रूप से सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ और मोटरसाइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मौके पर उपायुक्त चंदन कुमार ने बताया कि सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ जिले के सभी क्षेत्रों में लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों के संबंध में जानकारी देकर लोगों को जागरूक करने का काम करेगी। वहीं ज़िले के सभी लोगों से अपील कर कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का अक्षरशः पालन करें। अगर दोपहिया वाहन चलाते हैं तो हेलमेट जरूर पहने और चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट जरूर लगायें। वाहन चलाते समय नशा न करें, रैश ड्राइविंग न करें। उन्होंने ऑटो डीलर्स से कहा कि वाहन विक्रेता के रूप में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण है, वाहन देते समय जरूर आश्वस्त हो लें कि सभी कागजात पूर्ण हो, ड्राइविंग लाइसेंस अनिवार्य रूप से हो। किशोर वर्ग के युवाओं के द्वारा फरार्टे से दोपहिया वाहन चलाये जाते हैं जो नियम के विरुद्ध है और काफी खतरनाक है। वाहन एजेंसी वाले वाहन के साथ या तो बिल में या फिर अलग से एक पंपलेट दें जिसमें जागरूकता संदेश हो। इसके अलावा उन्होंने अच्छी गुणवत्ता का हेलमेट प्रयोग करने की अपील की।

सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने में सबों की भूमिका अहम : अजय कुमार

मौके पर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने सड़क सुरक्षा को लेकर सामूहिक सहभागिता पर जोर देते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने में सबों की भूमिका महत्वपूर्ण है। घर से अगर कोई भी वाहन लेकर निकल रहे हैं तो परिवार की सदस्यों की जिम्मेवारी होगी कि बाइक है तो बिना हेलमेट वाहन चलाने ना दे अगर कार है तो सीट बेल्ट का प्रयोग जरूर करने बोले। साथ ही उन्होंने सभी जिले वासियों से कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता अभियान का हिस्सा बनें, लोगों को जागरूक करें।

18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वाहन चलाने की अनुमति न दें: मनीषा वत्स

वहीं मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स ने कहा कि जागरूकता रथ पूरे माह जिले के सभी शहरी और सुदूरवर्ती क्षेत्रों में घूम-घूम कर लोगों को यातायात नियमों की जानकारी पहुंचाने का काम करेगी। साथ ही उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील भी किया कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वाहन चलाने की अनुमति न दे। वहीं सभी वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु अपील भी की। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉक्टर प्रभात शंकर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (हेड क्वार्टर) चंदन वत्स, परिवहन कार्यालय के सभी कर्मी, सड़क सुरक्षा के कर्मी सहित अन्य उपस्थित थे।

मतकमा चौक में चलाया सदस्यता अभियान

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी भदानीनगर मंडल के तत्वावधान में मंडल अध्यक्ष सागर दांगी की अध्यक्षता में मतकमा चौक के समीप गुरूवार को सदस्यता अभियान को ले शिविर का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से जिला सह संयोजक संजीव कुमार बावला उपस्थित थें। शिविर में दर्जनों लोग ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकास कार्यों से प्रेरित होकर लोग भाजपा में शामिल हो रहे हैं। सदस्यता अभियान शिविर में राजेंद्र मुंडा, बालेश्वर राम, लक्ष्मी नारायण कुशवाहा, आनंद कुमार, सिद्धार्थ कुमार, देवानंद कुमार, दीपक देव, लालू बेदिया आदि मौजूद थे।

परिवहन कार्यालय में लाइसेंस बनाने में हो रही अवैध वसूली पर रोक लगाने की मांग

गोला (आजाद सिपाही)। प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष संतोष सोनी ने रामगढ़ जिला परिवहन कार्यालय में हो रही अनियमितता और भ्रष्टाचार पर रोक लगाने की मांग स्थानीय विधायक ममता देवी से की है। मांग पत्र में कहा है कि मैंने हाल ही में लाइसेंस बनाने के लिए आवेदन किया था ,लर्निंग लाइसेंस मिलने के बाद मुझे नियमित ड्राइविंग लाइसेंस के लिए 2100 की मांग की गई जो सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क से अधिक है। इसके अलावा अन्य आवेदकों से यह जानकारी मिली है कि लाइसेंस बनाने में टेस्टिंग के मानको का पालन नहीं किया जा रहा है। पैसे लेकर बिना किसी ड्राइविंग टेस्ट के ही लाइसेंस निर्गत किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त कार्यालय में एलएमवी के लिए 2100 और एचएमवी के लिए 5000 तक की अवैध वसूली की जा रही है। यह गंभीर समस्या न केवल भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है, बल्कि बिना ड्राइविंग कौशल वाले लोगों को लाइसेंस प्रदान करने के कारण सड़क दुर्घटनाओं की घटनाएं भी बढ़ रही है। इस मामले की तत्काल जांच करने और दोषी अधिकारियों, कर्मचारीयों, दलालों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया है।

जल्द ही कुजू रेलवे स्टेशन जुड़ेगा रांची रोड रेलवे स्टेशन से, तेजी से कार्य जारी

कुजू (आजाद सिपाही)। नव वर्ष में कुजू रेलवे स्टेशन को रांची रोड रेलवे स्टेशन से जोड़ने की महत्वपूर्ण योजना पर काफी तेजी से कार्य किया जा रहा है। संभवतः वर्ष 2025 के अंत तक कुजू रेलवे स्टेशन रांचीरोड रेलवे स्टेशन से सीधे तौर पर जुड़ जायेगा। इसको लेकर पूर्व में अधिग्रहित भूमि पर दोनों रेलवे स्टेशनों के बीच करीब सात किलोमीटर लंबी रेल पटरी बिछाने का कार्य काफी प्रगति पर है। प्रारंभिक दौर में रेलवे ट्रैक के लिए मिट्टी कटाई और समतली करण का कार्य किया जा रहा है। साथ ही, सात किलोमीटर के दायरे में पांच रोड ओवर ब्रिज और आठ पुल पुलिया का निर्माण किया जाना है। कार्य पूर्ण हो जाने के बाद रेलवे पटरी बिछाने का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू किया जायेगा। ताकि तय समय सीमा के अंदर इस मार्ग से रेलवे गाड़ियों का आना-जाना प्रारंभ हो सके। उक्त नये रेल लाइन निर्माण से रेलवे को अब बरकाकाना, अरगडा जाने की मजबूरी समाप्त हो जायेगी। वहीं, कुजू और आसपास के लोगों को रांची रोड होते हुए गोमो, धनबाद और हावड़ा तक जाने में काफी सहूलियत होगी।

पंचतत्व में विलीन हुए विस्थापित नेता संतोष

उरीमारी (आजाद सिपाही)। न्यू बिरसा के झामुमो और विस्थापित नेता सह सीसीएल कर्मी संतोष सिंह का शव बुधवार को देर रात रांची से निवास स्थान पोटंगा पारगढा पहुंचने के बाद गुरुवार को रिति रिवाज के साथ दामोदर नदी तट पर अंतिम संस्कार किया गया। संतोष सिंह को मुखाग्नि उनके पुत्र संदीप सिंह ने दिया। वहीं उनके अंतिम शोभायात्रा में क्षेत्र के गणमान्य लोग शामिल हुए। जिनमें झामुमो के दर्जा प्राप्त मंत्री फागू बेसरा, झामुमो केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया, विंध्याचल बेदिया, बलकुदरा जीवन धारा सह हेन्देगिर परियोजना पदाधिकारी रामेश्वर मुंडा, बिरसा मैनेजर राजेश प्रियदर्शी, बिरसा पुर्व पीओ डी शिवा दास, बिरसा सेल अफसर राकेश कुमार, विस्थापित नेता सोनाराम मांझी, संजय करमाली, दशई मांझी, गणेश गंझू, मनोज मुंडा, सूरज बेसरा, दिनेश करमाली, कार्तिक मांझी सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिये तकनीकी विशेषज्ञता, वित्तीय क्षमता एवं पर्याप्त अनुभव रखनेवाले ख्यातिलब्ध प्रतिष्ठानों/एजेंसियों/संवेदको, "सिंगल पैकेट बिड" ई-निविदायें आमंत्रित है।

(i) बिड संख्या एवं दिनांक : e-tender Notice No. MC-08-0PEN-2024-25, दिनांक: 07.01.2025. (ii) कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : बरकाकाना स्टेशन के लिए दुर्घटना राहत सड़क वाहन (एआरआरवी) का प्रावधान। कार्य समापन अवधि – 3 महीने। (iii) कार्य की अनुमानित लागत : ₹39,60,025/- (उनतालीस लाख साठ हजार पच्चीस रूपये) मात्र। (iv) बयाना राशि : ₹79,300/- (उनासी हजार तीन सौ) मात्र। (v) ई-निविदा बंद होने की तारीख एवं समय : तारीख 28.01.2025 को 17:00 बजे। ई-निविदा खुलने की तारीख एवं समय:तारीख 29.01.2025 को 12:30 बजे। (vi) वेबसाईट विवरण : http://www.ireps.gov.in ई-निविदा के तहद मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेल प्रबंधक /
पूमरे/धनबाद

पीआर/01881/डीएचएन/या/टी/24-25/32

AFFIDAVIT

As per Affidavit Ref. No. 170 date 07.01.2025, I, Sobran Mahto S/O Late Bandhu Mahto aged about 72 years, Resident of village- Baidkaro Basti, P.O Sunday Bazar, P.S. Gandhi Nagar (Bermo) Dist-Bokaro (Jharkhand) do hereby solemnly affirm on oath and declare as follows:-
1. That, my Nationality is Indian. 2. That, my correct and actual name is Sobran Mahto which has been mentioned in my Voter ID Card vide No. LTY0414094, but in my Aadhaar card vide No. 9407 7301 7392 my name has been mentioned as Sobram Mahto.
3. That, Sobran Mahto and Sobram Mahto both names are one and same person i.e. myself. 4. That, I want to correct or rectify my name in my above said Aadhaar card as Sobran Mahto in place of Sobram Mahto. 5. That, I am swearing this affidavit to produce it before authority concerned for needful purpose.
6. That, the contents of this affidavit are true and correct to the best of my knowledge, information and belief and if found incorrect or false I shall be liable for the prosecution in the relevant section of law also.

सुस्ती की दस्तक

ने शनल स्टैटिस्टिकल ऑफिस (एनएसओ) के पहले अग्रिम अनुमान में वित्त वर्ष 2025 में डीजीपी ग्रोथ के 6.4% रहने की बात कही गयी है, जो अच्छी खबर नहीं है। यह आरबीआइ के 6.6% के अनुमान और वित्त वर्ष 2024 की 8.2% की ग्रोथ से काफी कम है। इस डेटा के आने के बाद आरबीआइ पर ब्याज दरों में कटौती का दबाव सरकार की ओर से बढ़ सकता है। दूसरी ओर 1 फरवरी को आने वाले बजट पर भी निगाहें होंगी कि सरकार इकॉनमी को बूस्ट करने के लिए क्या कदम उठाती है। एनएसओ का मानना है कि मैन्युफैक्चरिंग और निवेश घटने से ग्रोथ पर बुरा असर पड़ने जा रहा है। वित्त वर्ष 2025 में अप्रैल से नवंबर के बीच कैपिटल एक्सपेंडिचर में 12.3% की सालाना गिरावट आयी। लोकसभा चुनाव और फिर भारी बारिश की वजह से सरकार यह पैसा इन्फ्रास्ट्रक्चर डिवेलपमेंट पर खर्च नहीं कर पायी, जिससे इकॉनमी पर दबाव बना। वित्त वर्ष के बचे हुए महीनों में इसमें तेजी आने की आशा है, जिससे अर्थव्यवस्था को सपोर्ट मिल सकता है। एनएसओ के अनुमान के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025 में कृषि क्षेत्र की ग्रोथ अच्छी रहेगी और निजी खपत में भी साल भर पहले की तुलना में अच्छा सुधार दिखेगा, लेकिन कैपिटल एक्सपेंडिचर में गिरावट के कारण स्थिति अच्छी नहीं दिख रही है। वहीं, कृषि क्षेत्र के अच्छे प्रदर्शन की वजह से रूरल डिमांड में रिकवरी हुई है, लेकिन शहरी क्षेत्रों में मांग कमजोर है। देखना होगा कि अर्बन डिमांड को बढ़ावा देने के लिए सरकार क्या उपाय करती है। अर्थव्यवस्था की रफ्तार तेज बनाये रखने के लिए सरकार को डिमांड और निवेश बढ़ाने पर ध्यान देना होगा। इसका एक विकल्प हो सकता है कि सरकार टैक्स में रियायत दे, ताकि लोगों के हाथ में खर्च करने के लिए अधिक पैसा बचे। जब लोग यह पैसा खर्च करेंगे, तो इकॉनमी को सपोर्ट मिलेगा। अगर फरवरी की बैठक में आरबीआइ ब्याज दरों में कटौती करता है, तो उससे भी शहरी उपभोक्ता वर्ग को कम एटकके रूप में राहत मिलेगी। इससे जो बचत होगी, उससे भी डिमांड में बढ़ोतरी हो सकती है। ब्याज दरें कम होती हैं, तो कॉरपोरेट सेक्टर की दिलचस्पी भी निवेश में बढ़ती है। वह अपनी क्षमता बढ़ाता है, जिससे रोजगार के मौके बढ़ते हैं, लिहाजा डिमांड मजबूत होती है। अगर 2047 तक विकसित भारत का सपना पूरा करना है, तो आर्थिक ग्रोथ की रफ्तार तेज करनी होगी।

एनएसओ के अनुमान के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025 में कृषि क्षेत्र की ग्रोथ अच्छी रहेगी और निजी खपत में भी साल भर पहले की तुलना में अच्छा सुधार दिखेगा, लेकिन कैपिटल एक्सपेंडिचर में गिरावट के कारण स्थिति अच्छी नहीं दिख रही है।

अभिमत
आजाद सिपाही

सरकार ने प्रवासी भारतीयों को जोड़ने और उन्हें भारतीय विकास प्रक्रिया में भागीदार बनाने के लिए कई पहल की हैं। इनमें से एक प्रमुख पहल हर साल आयोजित होने वाला प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन है। इस वर्ष 18वां प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन 8 से 10 जनवरी तक ओड़िशा के भुवनेश्वर में आयोजित किया जा रहा है। इस बार मुख्य विषय विकसित भारत में प्रवासी भारतीयों का योगदान है। भारत के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास में प्रवासी भारतीयों का योगदान अतुलनीय है।

दो देशों के बीच सेतु का काम करते हैं प्रवासी भारतीय

देवेंद्रराज सुथार

भारत अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, विविधता और प्राचीन परंपराओं के लिए जाना जाने वाला देश है। आज दुनिया के 200 से अधिक देशों में बसे 6.24 करोड़ प्रवासी भारतीय न केवल अपने मूल देश की सांस्कृतिक पहचान को बचाये हुए हैं, बल्कि अपने कार्यक्षेत्र में सफलता प्राप्त कर भारत को गौरवान्वित भी कर रहे हैं। इनमें से 3.5 करोड़ से अधिक प्रवासी भारतीय ऐसे हैं, जो स्थायी रूप से विदेश में बस गये हैं, लेकिन उनका अपनी मातृभूमि से जुड़ाव बरकरार है।

सरकार ने प्रवासी भारतीयों को जोड़ने और उन्हें भारतीय विकास प्रक्रिया में भागीदार बनाने के लिए कई पहल की हैं। इनमें से एक प्रमुख पहल हर साल आयोजित होने वाला प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन है। इस वर्ष 18वां प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन 8 से 10 जनवरी तक ओड़िशा के भुवनेश्वर में आयोजित किया जा रहा है। इस बार मुख्य विषय विकसित भारत में प्रवासी भारतीयों का योगदान है।

भारत के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास में प्रवासी भारतीयों का योगदान अतुलनीय है। वे भारत और अन्य देशों के बीच एक मजबूत सेतु का काम करते हैं। वर्ष 2023 में एनआरआइ द्वारा भारत को भेजी गयी धनराशि 120 बिलियन अमेरिकी डालर थी, जो दुनिया में सबसे अधिक थी। आज भारत के प्रमुख आर्थिक सांझेदारों में कनाडा, अमेरिका, सऊदी अरब, कतर, ऑस्ट्रेलिया और यूरोपीय देश शामिल हैं। कनाडा में करीब 16 लाख एनआरआइ रहते हैं, जो वहां की कुल आबादी का करीब 3 प्रतिशत है। इसी तरह सऊदी अरब में 24.6 लाख और कतर में 8.20 लाख प्रवासी भारतीय रहते हैं।

अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में भारत की उपलब्धियां भी प्रवासी भारतीयों के लिए गर्व की बात हैं।

ये भारतीय न केवल अपने कारोबार और व्यवसायों में सफलता प्राप्त कर रहे हैं, बल्कि उन देशों के सामाजिक और आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। भारत सरकार ने एनआरआइ के कल्याण के लिए कई योजनाएं लागू की हैं। इनमें प्रवासी भारतीय बीमा योजना (पीबीबीवाइ) विशेष रूप से उल्लेखनीय है। यह योजना विदेशों में काम करने वाले भारतीयों को 10 लाख रुपये तक का बीमा कवर प्रदान करती है। इस योजना के तहत अब तक 80 लाख से अधिक एनआरआइ लाभ प्राप्त कर चुके हैं। इसके अलावा प्रस्थान-पूर्व अभिविन्यास प्रशिक्षण (पीडीओटी) जैसे कार्यक्रम प्रवासी श्रमिकों को विदेश जाने से पहले आवश्यक प्रशिक्षण और जानकारी प्रदान करते हैं।

अनिवासी भारतीय न केवल आर्थिक क्षेत्र में बल्कि सांस्कृतिक, शैक्षिक और वैज्ञानिक क्षेत्रों में भी भारत का नाम रोशन कर रहे हैं। भारतीय मूल के डाक्टर, वैज्ञानिक और शिक्षाविद विभिन्न देशों में अपनी विशेषज्ञता के लिए पहचाने जाते हैं। उनके योगदान से न केवल संबंधित देशों को लाभ होता है, बल्कि भारतीय मूल की पहचान भी मजबूत होती है। भारत ने अनिवासी भारतीयों को उनके अधिकार और सुविधाएं प्रदान करने के लिए वीजा नियमों को सरल बनाया है। अब तक 133 देशों के साथ वीजा छूट समझौते पर हस्ताक्षर किये जा चुके हैं और 166 देशों में ई-वीजा सुविधा उपलब्ध है। इससे अनिवासी भारतीयों के लिए भारत आना और इसके विकास में योगदान देना आसान हो गया है।

भारत की वैश्विक उपस्थिति और प्रतिष्ठा अनिवासी भारतीयों के लिए गर्व की बात है। भारत की डिजिटल क्रांति ने इसे एक अग्रणी राष्ट्र के रूप में स्थापित किया है। आज भारत में वैश्विक रीयल-टाइम डिजिटल लेन-देन का 40 प्रतिशत हिस्सा है। इसके अलावा भारत का स्टार्टअप ईकोसिस्टम दुनिया के टॉप-3 में शामिल है। यह सब प्रवासी भारतीयों के योगदान और भारत सरकार की नीतियों का परिणाम है।

अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में भारत की उपलब्धियां भी प्रवासी भारतीयों के लिए गर्व की बात हैं। भारत ने एक साथ 100 से अधिक उपग्रहों को प्रक्षेपित करने का कीर्तिमान स्थापित किया है। भारत के स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस, विमानवाहक पोत आइएनएस विक्रांत और परमाणु पनडुब्बी अरिहंत जैसी परियोजनाओं ने भारत की तकनीकी और रक्षा क्षमताओं को नयी ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। भारत सरकार द्वारा प्रवासी भारतीयों के लिए शुरू किये गये संवाद तंत्र भी उनकी समस्याओं के समाधान और सुझाव प्राप्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करते हैं। कांसुलर संवाद प्रणाली के तहत अब तक 30 से अधिक देशों के साथ द्विपक्षीय समझौते किये जा चुके हैं, जिसके माध्यम से वीजा और अन्य मुद्दों पर चर्चा की जाती है।

प्रवासी भारतीय न केवल अपने परिवारों और समुदायों के लिए प्रेरणास्रोत हैं, बल्कि भारत के वैश्विक संबंधों के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनकी उपलब्धियां भारतीय युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं और यह साबित करती हैं कि भारत के मूल्यों और शिक्षा की वैश्विक स्तर पर कितनी मांग है।

आज भारत एक मजबूत और विकसित राष्ट्र के रूप में उभर रहा है। इसकी बढ़ती अर्थव्यवस्था, वैश्विक मंच पर प्रभावशाली उपस्थिति और तकनीकी प्रगति यह संकेत देती है कि भारत एक मजबूत भविष्य की ओर अग्रसर है। इस यात्रा में प्रवासी भारतीय समुदाय अहम भूमिका निभा रहा है। आखिरकार प्रवासी भारतीय समुदाय न केवल भारत की समृद्ध परंपरा का संरक्षक है, बल्कि वह एक ऐसा पुल भी बना रहा है, जो भारत और बाकी दुनिया के बीच संबंधों को मजबूत करता है। उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और भारत के प्रति निष्ठा ही उन्हें अद्वितीय बनाती है।

भारत और प्रवासी भारतीयों के बीच यह आपसी सहयोग न केवल वर्तमान में लाभकारी है, बल्कि भविष्य में दोनों के लिए समृद्धि और विकास के नये द्वार भी खोलेगा।

आज भारत एक मजबूत और विकसित राष्ट्र के रूप में उभर रहा है। इसकी बढ़ती अर्थव्यवस्था, वैश्विक मंच पर प्रभावशाली उपस्थिति और तकनीकी प्रगति यह संकेत देती है कि भारत एक मजबूत भविष्य की ओर अग्रसर है। इस यात्रा में प्रवासी भारतीय समुदाय अहम भूमिका निभा रहा है। आखिरकार प्रवासी भारतीय समुदाय न केवल भारत की समृद्ध परंपरा का संरक्षक है, बल्कि वह एक ऐसा पुल भी बना रहा है, जो भारत और बाकी दुनिया के बीच संबंधों को मजबूत करता है।

देश-विदेश की खबरें

महाकुंभ 2025: भारतीय रेलवे चलायेगी 10,000 से अधिक सामान्य और 3300 विशेष ट्रेनें

आजाद सिपाही संवाददाता

दिल्ली। भारतीय रेलवे महाकुंभ 2025 मेले के लिए 10,000 से अधिक सामान्य और 3300 विशेष ट्रेनें चलाने के लिए पूरी तरह तैयार है, गुरुवार को रिपोर्ट में कहा गया। महाकुंभ की तैयारियों के बारे में रेलवे बोर्ड के सूचना एवं प्रचार के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने जानकारी साझा की। रेलवे बोर्ड के सूचना और प्रचार के कार्यकारी निदेशक ने कहा, संगम स्नान के लिए आने-

जाने वाले लोगों के लिए भारतीय रेलवे ने 10,000 से अधिक ट्रेनें और 3300 विशेष ट्रेनें उपलब्ध करायी हैं। सुविधाओं के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा, रेलवे स्टेशन पर अनारक्षित श्रेणी के लिए रंग-कोडित प्रतीक्षा और होल्डिंग क्षेत्र बनाये गये हैं। यात्रियों को उनके क्षेत्र से ट्रेन तक कतार में लाने के लिए आरपीएफ और जीआरपी अधिकारियों को तैनात किया गया है। वाणिज्यिक विभाग से टीटी की एक बड़ी इकाई को भी ड्यूटी सौंपी गयी है। आइआरसीटीसी ने यात्रियों के ठहरने के लिए प्रयागराज में टेंट सिटी बसायी है।

सभी स्टेशनों पर मेडिकल बूथ और छोटे अस्पताल बनाये गये हैं, जहां चौबीसों घंटे चिकित्साकर्मी मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा, प्राथमिक चिकित्सा और गंभीर चिकित्सा समस्याओं के लिए सहायता प्रदान करने की व्यवस्था की गयी है। समानांतर रूप से, एम्बुलेंस की व्यवस्था की गयी है, और हमने राज्य सरकार की मदद से विभिन्न अस्पतालों के साथ मिलकर एक आपातकालीन योजना तैयार की है। 12 से अधिक भाषाओं में घोषणाएं की जायेंगी। हमने 22 से अधिक भाषाओं में एक सूचना पुस्तिका तैयार की है।

छह साल का बच्चा रामलला की वर्षगांठ के लिए पंजाब से अयोध्या तक 1000 किमी दौड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

पंजाब। आस्था पहाड़ों को भी हिला सकती है। इसका जीता जागता उदाहरण पंजाब में अपर किंडरगार्टन (यूकेजी) में पढ़ने वाले छह साल के एक बच्चे ने पेश किया, जिसने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की एक साल की सालगिरह के लिए पंजाब से अयोध्या तक 55 दिनों में 1000 किलोमीटर से अधिक की दौड़ लगायी। पंजाब के फाजिल्का जिले के किलियानवाली गांव के रहने वाले छह वर्षीय मोहब्बत ने हिम्मत करके यह उपलब्धि हासिल की। कई मीडिया एजेंसियों ने बताया कि उसने

फाजिल्का जिले से अपनी यात्रा शुरू की और 55 दिनों में अयोध्या पहुंचा। छह वर्षीय बच्चे के पिता रिंकू कुमार ने बताया कि 11 जनवरी 2024 को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान जब पंजाब में सभी लोग यात्रा निकाल रहे थे, तब मोहब्बत को प्रेरणा मिली। यहीं से उसने अयोध्या तक मैराथन दौड़ लगाने का फैसला किया। सेना के एक अधिकारी ने हरी झंडी दिखाई और मोहब्बत अपने गांव से अयोध्या के लिए चल पड़ा। वह आठ जनवरी को अयोध्या पहुंचा। पूरी यात्रा के दौरान बच्चे के अभिभावक श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के संपर्क में रहे।

यूक्रेन के जापोरिज्जिया में रूसी हमले में 13 की मौत, 30 घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

कीव। यूक्रेन के जापोरिज्जिया में रूस द्वारा निर्देशित बम हमले में कम से कम 13 लोग मारे गये और 30 अन्य घायल हो गये। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा कि हमले में 13 लोग मारे गये और उन्होंने पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। जेलेंस्की ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें खून से लथपथ नागरिक सड़क पर पड़े हुए दिखाई दे रहे थे, जिनका आपातकालीन सेवाएं और अग्निशमन कर्मी आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे थे। एक्स पर एक वीडियो शेयर करते हुए जेलेंस्की ने कहा, रूसियों ने जापोरिज्जिया पर हवाई बम से हमला किया। यह शहर पर जानबूझकर किया गया हमला था। अब तक, दर्जनों लोगों के घायल होने की सूचना है। सभी को आवश्यक सहायता मिल रही है।

मैं उनके परिवारों और प्रियजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूँ। अफसोस की बात है कि हताहतों की संख्या बढ़ सकती है। यूक्रेन में लोगों की जान की सुरक्षा का समर्थन किया जाना चाहिए। केवल ताकत के जरिये ही इस तरह के युद्ध को स्थायी शांति के साथ समाप्त किया जा सकता है, उन्होंने कहा। बुधवार को यूक्रेन के अभियोजक जनरल के कार्यालय ने कहा कि हमले में ऊंची आवासीय ब्लॉक, एक औद्योगिक सुविधा और अन्य बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, इसने आगे कहा कि मलबे ने एक ट्राम और यात्रियों को ले जा रही एक बस को भी अपनी चपेट में ले लिया। क्षेत्रीय गवर्नर इवान फेडोरोव ने कहा कि रूसी सेना ने दोपहर के समय शहर के एक रिहायशी इलाके में निर्देशित बम दागे और हमले में कम से कम दो रिहायशी इमारतें क्षतिग्रस्त हो गयीं। ये हमले ऐसे समय में हुए हैं जब रूस और यूक्रेन दोनों ही 20 जनवरी को अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह से पहले अपनी ताकत दिखाना चाहते हैं। इससे पहले दिन में, यूक्रेनी सेना ने घोषणा की कि उसने रूस में एक ईंधन भंडारण डिपो को निशाना बनाया, जिससे रूसी वायु सेना अड्डे को मिसाइलें प्रदान करने वाली सुविधा में आग लग गयी। यूक्रेन के जनरल स्टाफ ने घोषणा की कि हमला रूस के सारातोव क्षेत्र में एंगेल्स के पास भंडारण सुविधा पर हुआ। यूक्रेन अपनी खुद की लंबी दूरी की शस्त्रागार विकसित कर रहा है जो अपनी अग्रिम पंक्ति के पीछे के लक्ष्यों तक पहुंचने में सक्षम है, क्योंकि कीव में पश्चिमी देशों द्वारा आपूर्ति की गयी मिसाइलों के उपयोग पर कुछ प्रतिबंध जारी हैं। जेलेंस्की ने ये टिप्पणियां कीव में एक प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कीं, ट्रंप के इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कि वह यूक्रेन के नाटो का हिस्सा बनने के रूस के विरोध को समझते हैं। मंगलवार को अपने मार-ए-लागो एस्टेट में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा, रूस के पास कोई है जो उनके दरवाजे पर खड़ा है, और मैं इस बारे में उनकी भावनाओं को समझ सकता हूं।

इडी ने फर्जी कंपनियों और फर्जी संस्थाओं से जुड़े 10,000 करोड़ रुपये के कथित धन प्रेषण घोटाले का पर्दाफाश किया

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने अवैध विदेशी धन प्रेषण के मामले में अपनी चल रही जांच में 98 कथित फर्जी साझेदारी फर्मों और 12 प्राइवेट लिमिटेड कंपनियों के नेटवर्क का खुलासा किया है। आरोपियों ने कथित तौर पर माल ढुलाई शुल्क की आड़ में हांगकांग, सिंगापुर और थाइलैंड की संस्थाओं को 10,000 करोड़ रुपये से अधिक की रकम पहुंचायी। अधिकारियों के अनुसार, ये लेनदेन फर्जी संस्थाओं के नाम पर खोले गये 269 बैंक खातों के माध्यम से किये गये, जिससे एक परिष्कृत वित्तीय धोखाधड़ी का खुलासा हुआ। एजेंसी ने यह खुलासा उसके मुंबई क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा अवैध विदेशी धन प्रेषण मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत 2 जनवरी को मुंबई, ठाणे और वाराणसी में ग्यारह स्थानों पर तलाशी अभियान चलाए जाने के लगभग एक सप्ताह बाद किया।

तलाशी अभियान के दौरान एक करोड़ रुपये की नकदी और आभूषण जैसी चल संपत्तियां जब्त की गयीं। तलाशी कार्यवाही के दौरान अचल संपत्ति के लेन-देन से संबंधित अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज, डिजिटल डिवाइस पाये गए और उन्हें जब्त कर लिया गया। इडी ने ठाणे पुलिस द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी (एफआइआर) के आधार पर जितेंद्र पांडे और अन्य के खिलाफ जांच शुरू की। इडी ने कहा, उन पर फर्जी संस्थाओं के नाम पर खोले गये बैंक खातों के जाल के जरिए माल ढुलाई शुल्क की आड़ में हांगकांग, सिंगापुर और थाईलैंड की संस्थाओं को 10,000 करोड़ रुपये से अधिक की रकम भेजने का आरोप है। जितेंद्र पांडे और अन्य आरोपियों को आर्थिक अपराध शाखा (इओडब्ल्यू), ठाणे पुलिस ने गिरफ्तार किया। संघीय एजेंसी ने कहा, इडी की अब तक की जांच से पता चला है कि आरोपी व्यक्तियों ने 98 फर्जी साझेदारी फर्म और 12 प्राइवेट लिमिटेड कंपनियां स्थापित की और उनके माध्यम से इस तरह के अवैध वित्तीय लेनदेन को अंजाम देने के लिए उनके नाम पर लगभग 269 बैंक खाते खोले। इडी ने कहा कि तलाशी अभियान में आरटीजीएस प्रविष्टि ऑपरेटरों के एक नेटवर्क का पता चला है, जो साझेदारी फर्मों के बैंक खातों में आरटीजीएस प्रविष्टियों की व्यवस्था करते थे, जो धन की उत्पत्ति को छिपाने के लिए इन फर्जी संस्थाओं के बैंक खातों के माध्यम से स्तरीकृत होती थी। इसके बाद, एजेंसी ने कहा कि धनराशि को अंततः 12 निजी लिमिटेड कंपनियों के बैंक खातों में डाल दिया गया, जो कथित तौर पर माल ढुलाई और रसद के कारोबार में थीं, और माल ढुलाई शुल्क की आड़ में इसे विदेश भेज दिया गया। एजेंसी ने कहा, कंपनियों के निगमन और आरओसी फाइलिंग आदि सहित विनियामक अनुपालन, फॉर्म 15 सीए में आरोपियों की मदद करने वाले कई चार्टर्ड एकाउंटेंट्स की भूमिका भी सामने आयी है।

गढ़वा : माइकिंग के जरिये 24 घंटे में अतिक्रमण खाली करने का निर्देश

गढ़वा (आजाद सिपाही)। अंचल अधिकारी अनिल रविदास ने गुरुवार को अतिक्रमण वाद संख्या 01/23-24 के मामले में माइकिंग कराया। इसमें सर्व साधारण गैरमजरूआ भूमि के खाता खाता संख्या 766 प्लाट संख्या 2203 में अतिक्रमणकर्ता रमकंडा निवासी सत्यनारायण मिस्त्री और रामावतार साव को 24 घंटे के अंदर अतिक्रमण खाली करने का निर्देश दिया गया है। माइकिंग के जरिये कहा गया है कि पूर्व में नोटिस जारी किये जाने के बावजूद उक्त दोनों अतिक्रमणकर्ताओं ने अब तक अतिक्रमण खाली नहीं किया है, ऐसे में 24 घंटे के अंदर अतिक्रमण खाली नहीं करने की स्थिति में प्रशासन की ओर से अतिक्रमण खाली कराये जाने की बात कही गयी है।

मंईयां योजना की एक किस्त के बाद दुबारा नहीं मिलने पर महिलाओं ने किया विरोध

कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय पर गुरुवार को प्रखंड के विभिन्न भागों से सैकड़ों के संख्या में महिला और चार किशोरियों की भीड़ उमड़ पड़ी। महिलाओं ने बीडीओ कार्यालय के समीप अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि झारखंड सरकार की सबसे बड़ी महत्वकांक्षी योजना मंईयां सम्मान योजना की एक किस्त के बाद दुबारा नहीं मिला। वहीं कुछ महिलाओं ने आरोप लगाया कि सारी कागजी प्रक्रिया पूर्ण रूप से सही होने के बाद भी मंईयां सम्मान योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। सरकार को इस योजना के लाभ सबों को देनी चाहिए अन्यथा किसी को नहीं। आधी महिलाओं को इसका लाभ मिल रहा है, वहीं प्रखंड क्षेत्र की आधी महिला इस प्रखंड क्षेत्र में इस लाभ से वंचित हैं। इस संबंध में बीडीओ राकेश सहाय ने बताया कि वैसे सभी लाभार्थियों से पहचान पत्र, आधार कार्ड, बैंक अकाउंट तथा अन्य कई कागजातों के साथ लिखित आवेदन लिया जा रहा है। इस समस्या को दूर करने हेतु सभी आवेदन को जिला में सुधार हेतु भेजा जायेगा। नाराजगी व्यक्त करने वालों में सविता देवी, रश्मि देवी, अनवारी देवी, खुशीदा बीबी, काजल, पूनम देवी, सदरुन खातून, नजरुन खातून, नजबुन, कविता, पूनम कुमारी के आलावें कई महिला उपस्थित थे।

छात्रों ने नवपदस्थापित प्रधानाचार्य को हटाने की मांग की

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। प्लस टू उच्च विद्यालय के छात्रों ने गुरुवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर विद्यालय के नवपदस्थापित प्रधानाचार्य दिलीप उपाध्याय को हटाते हुए पूर्व एचएम अंकित त्रिवेदी को पुन: प्रधानाचार्य नियुक्त करने की मांग किया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिए आवेदन में छात्रों ने उल्लेख किया है, कि नवपदस्थापित प्रधानाचार्य दिलीप उपाध्याय का स्कूल में व्यवहार बहुत ही खराब है। वे विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों को मानसिक तौर पर प्रताड़ित करने के साथ दुर्व्यवहार करते है। विद्यार्थियों ने जिला शिक्षा पदाधिकारी से नवपदस्थापित प्रधानाचार्य को हटाकर उनके स्थान पर पुराने एचएम अंकित त्रिवेदी को नये एचएम के रूप में नियुक्त किया जाये। आवेदन देने वालों में अंकित कुमार ठाकुर, आनंद सोनी, निरंजन, नीलेश सिंह, साजन कुमार, राकेश गुप्ता सहित अन्य का नाम शामिल है।

दिव्यांग संघ को बीडीओ ने कंबल उपलब्ध कराया

केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सीओ प्रशांत कुमार ने दिव्यांग संघ अध्यक्ष रविकांत चंद्रवंशी को 40 कंबल उपलब्ध कराया। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रखंड क्षेत्र के वैसे दिव्यांग को कंबल उपलब्ध कराना है, जो एकदम लाचार और बेसहारा है। बताते चलें कि केतार प्रखंड अध्यक्ष के द्वारा प्रखंड क्षेत्र में दिव्यांगो को कंबल वितरण और अलाव की व्यवस्था कराने की मांग प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सीओ को आवेदन देकर किया गया था। जिसमे प्रखंड में 246 दिव्यांग को कंबल उपलब्ध कराये जाने की मांग की गयी थी। इस मौके पर सचिव श्याम बिहारी राम, कोषाध्यक्ष श्याम नंदन यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

रारो मुखिया ने गरीबों के बीच किया कंबल वितरण

डंडई (आजाद सिपाही)। डंडई प्रखंड के रारो पंचायत सचिवालय परिसर में बढ़ती ठंड से राहत पहुचाने को लेकर गुरुवार को 154 गरीब, असहाय व जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। कंबल वितरण मुखिया सुनीता देवी,मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार ठाकुर, पंचायत सचिव सुदर्शन राम,रारो उत्तरी बीडीसी अरविंद पासवान, दक्षिणी बीडीसी तेज बहादुर सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस मौके पर वार्ड सदस्य शंभु यादव, शकील अहमद सहित कई स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित थे।

क्रेशर प्लांट की नीलामी पर अविलंब रोक और रैयतों की अधिग्रहित भूमि वापसी कराने की मांग

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। कांग्रेस के गढ़वा जिलाध्यक्ष ओबेदुल्लाह हक अंसारी के पत्र के आलोक में झारखंड कांग्रेस प्रदेश कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सांसद सुखदेव भगत को पत्र लिख कर गढ़वा जिला अवस्थित भवनाथपुर में सेल द्वारा संचालित एशिया के सबसे बड़े केशर प्लांट के नीलामी को अविलंब रोक लगाने तथा तुलसीदामर डोलोमाईट खादान का एक्सटेंशन ऑफ लीज दिलाने तथा विस्थापित के 9 मौजा के रैयतों की अधिग्रहित भूमि वापसी कराने की मांग किया है। पत्र में उल्लेख किया है कि गढ़वा जिला में अवस्थित भवनाथपुर में सेल द्वारा संचालित एशिया का सबसे बड़ा केशर प्लांट अवस्थित है, जो सन 1978-79 से प्लांट को चालू कराया गया था, जिसका लीज 100 वर्ष का था। किंतु सेल के उच्चाधिकारियों के इच्छाशक्ति कमजोर होने के कारण लगभग 20 वर्षों के उपरांत ही प्लांट को पूरी तरह बंद कर दिया गया। भवनाथपुर में डोलोमोईट खदान वर्ष 2020 से लीज के कारण बंद पड़ा हुआ है। जिससे क्षेत्र में भूखमरी की स्थिति बनी हुई है। सरकार द्वारा यदि 20 वर्षों का लीज प्रदान कर दिया जाय, तो डोलोमोइट खदान के करीब 5000 मजदूरों की आजीविका शुरू हो जायेगी। सांसद सुखदेव भगत ने प्रदेश अध्यक्ष से कहा कि 20 जनवरी को सेल की बैठक में इस मुद्दे को प्रमुखता से रखूंगा और मजदूर और विस्थापितों की न्याय दिलाने का काम करूंगा।

अनुमंडल मजिस्ट्रेट ने गांव में ही कोर्ट लगाकर सुनाया फैसला

13 साल से चल रहे भूमि विवाद का एक घंटे में हुआ हल, दोनों पक्ष संतुष्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। गुरुवार को अनुमंडल दंडाधिकारी संजय कुमार ने बरडीहा प्रखंड के कौवाखोह गांव पहुंचकर गांव में ही अस्थायी कैंप कोर्ट लगाकर लंबे समय से चले आ रहे एक भूमि विवाद पर फैसला सुनाया। अच्छी बात यह रही कि इस फैसले से दोनों पक्ष संतुष्ट भी हो गये।

दरअसल इस गांव के 85 वर्षीय रामकरण पांडेय तथा उनके चचेरे भाई गीता पांडेय के बीच रास्ते के विवाद को लेकर दिसंबर 2011 से सदर अनुमंडल न्यायालय में वाद चल रहा था। पिछले दिनों वाद की सुनवाई में जब दोनों बुजुर्ग वादी और प्रतिवादी संजय कुमार के न्यायालय में अपना-अपना पक्ष रखने पहुंचे तो संजय कुमार ने उनकी उम्र व अवस्था को देखते हुए उनसे कहा था कि उन्हें अब बरडीहा से चलकर गढ़वा मुख्यालय तक आने की जरूरत नहीं है। कार्यालय में मौजूद अभिलेख तथा आज विस्तार से दोनों पक्षकारों को सुनने के बाद एसडीएम ने मौके पर ही अपना आदेश सुनाया जिसे दोनों पक्षों ने स्वीकार कर लिया और इस प्रकार लगभग 13 साल से चल रहे विवाद का पटाक्षेप हो गया।

क्या था विवाद : प्रथम पक्ष 75 वर्षीय गीता पांडेय ने अनुमंडल दंडाधिकारी के न्यायालय में अपने चचेरे भाई रामकरण पांडेय के विरुद्ध वाद दायर किया था कि उन्होंने आम रास्ता बाधित कर लिया है, इसी विवाद के चलते रामकरण पांडे का भी पक्के घर का निर्माण कार्य वर्षों से रुका हुआ था। लगातार सुनवाई हो भी रही थी, हर तारीख पर दोनों बुजुर्ग अनुमंडल न्यायालय में लगातार हाजिर हो रहे थे। उनकी आयु को देखते हुए मामले का त्वरित निष्पादन करने के उद्देश्य से अनुमंडल दंडाधिकारी संजय कुमार ने उनसे कहा था कि उन्हें अब से कोर्ट आने की जरूरत नहीं है, अब कोर्ट ही उनके दरवाजे आयेगा। फलस्वरुप आज पक्षकारों, गवाहों और परिजनों के बीच आम राय बनाते हुए एसडीएम ने दोनों की दलीलों का मध्य मार्ग निकालते हुए फैसला कर दिया। इससे जहां एक ओर प्रथम पक्ष को रास्ता मिल गया, वहीं द्वितीय पक्ष को घर बनाने के बीच आ रही अड़चन भी दूर हो गयी। इस दौरान ओमकार पांडेय, लव कुश पांडेय, मिथिलेश पांडेय आदि मौजूद थे।

अभियंता से मिले विधायक प्रतिनिधि, खराब पड़े चापाकलों को दुरूस्त करने की रखी मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी के पेयजल और स्वच्छता विभाग के विधायक प्रतिनिधि अमित कुमार तिवारी पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता अजय कुमार सिंह से मुलाकात की। विधायक प्रतिनिधि ने इइ से गढ़वा-रंका विधानसभा क्षेत्र में खराब पड़े सभी चापकलों को दुरूस्त करने की मांग की। उन्होंने कहा कि पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल से बने अधिकत्तर जल नल की योजनाएं अधूरी है। कागज पर जो योजनाएं पूरी भी हो चुकी है। उसका लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल की ओर से बने अधिकतर जल मीनार का लाभ आम लोगों को नही मिल रहा है। उन्होंने कहा कि विभाग की ओर से क्रियान्वित योजनाएं का शत-प्रतिशत लाभ जनता तक पहुंचे। इस दिशा में त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के कई इलाका है, जहां अभी भी लोगों को पीने का पानी के लिए काफी मशक्कत करना पड़ता है। मौके पर भाजपा ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष परीक्षित तिवारी, गुड्डू तिवारी सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

अनुमंडल पदाधिकारी ने गढ़वा, मझिआंव और कांडी प्रखंड के गोदाम का किया औचक निरीक्षण

गढ़वा (आजाद सिपाही)। अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने गुरुवार को सुबह-सुबह गढ़वा प्रखंड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। जहां सर्वप्रथम उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति की जानकारी ली, तदुपरांत प्रखंड कार्यालय परिसर में फैली गंदगी को देख अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे परिसर को साफ सुथरा बनाए रखने के लिए आवश्यक पहल करें। इसके बाद उन्होंने बीडीओ तथा सीओ की मौजूदगी में प्रखंड स्थित खाद्य गोदाम का निरीक्षण कर स्टॉक पंजी के अनुरूप वर्तमान स्टॉक की जांच की, साथ ही भंडारण व्यवस्था आदि के बारे में एजीएम से विस्तृत जानकारी ली। इसके उपरांत मझिआंव प्रखंड परिसर स्थित खाद्य गोदाम का प्रखंड विकास पदाधिकारी सह पणन अधिकारी की मौजूदगी में भंडारण की जांच की एवं आवश्यक निर्देश दिए। तदुपरांत कांडी प्रखंड में अंचल अधिकारी और एजीएम की मौजूदगी में वहां के खाद्य गोदाम के स्टॉक का निरीक्षण किया। तीनों प्रखंडों के भ्रमण के क्रम में उन्होंने प्रखंड स्तर पर चल रहीं विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, दाखिल खारिज, भूमि विवाद आदि की अद्यतन स्थिति के बारे में जाना तथा लंबित मामलों के बारे में यथाशीघ्र कार्रवाई करने हेतु कहा। इस दौरान उन्होंने प्रखंड कार्यालयों में पहुंचे स्थानीय नागरिकों से भी संवाद किया, उनकी समस्याओं को जाना तथा मौके पर मौजूद पदाधिकारियों को उनकी समस्या का हल करने हेतु निर्देशित किया।

गढ़वा सदर अस्पताल की हालत बदतर : रितेश चौबे

गढ़वा (आजाद सिपाही)। भाजपा जिला मिडिया प्रभारी रितेश चौबे ने हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि झामुमो सरकार में गढ़वा सदर अस्पताल की हालत बद से बदतर स्थिति में पहुंच चुका है। हर जगह मनमानी चल रहा है अस्पताल में डाक्टर की मनमानी जगजाहिर हो चुका है गांव गांव से मरीज गढ़वा सदर अस्पताल में अच्छा इलाज के लिए बहुत उम्मीद लेकर आते हैं लेकिन डॉक्टर ओपीडी से गायब रहते हैं। उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल गढ़वा में कुछ भी व्यवस्थित नहीं है झामुमो सरकार में स्वास्थ्य व्यवस्था खुद बिमारी की हालत में पहुंच चुका है। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार दुसरी बार बनी है फिर भी व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हुआ है सदर अस्पताल में डाक्टर की मनमानी के कारण गरीब जनता की जान सुरक्षित नहीं है गरीब जनता बेबस लाचार होकर सदर अस्पताल में भटकने को मजबूर हैं उन्होंने कहा कि झामुमो के लोग विकास का झुठा ढोल पीटने में लगे रहते हैं। जबकी सच्चाई है कि स्वास्थ्य व्यवस्था विकास का महत्वपूर्ण सीढ़ी है लेकिन जब से झामुमो सरकार बनी है स्वास्थ्य व्यवस्था पुरी तरह से चौपट हो गया है हेमंत सरकार पार्ट टु बनने के बाद भी पुरी तरह से फेल साबित हो रहा है उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार सदर अस्पताल का जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करे। गढ़वा सदर अस्पताल में व्यवस्था सिर्फ कागजों पर ही चल रहा है। उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल सहित जिले के सभी अस्पताल का हालत काफी खराब है। व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो भाजपा जनहित में सड़क से सदन तक आंदोलन करेगी। मौके पर भाजपा नेता संजय जायसवाल अविनाश पासवान नवीन जायसवाल सहित अन्य लोग मौजूद थे।

Department of Industries
Government of Jharkhand
3rd Floor, Directorate of Industries, Doranda, Ranchi,
Jharkhand-834002, Phone. +91 651 2491844, email:jhr-doi@nic.in

Selection of Agency to work as Technical Support Unit at Directorate of Industries, Department of Industries, Government of Jharkhand

Tender Ref. No. –62 dated- 09.01.2025

Directorate of Industries, Department of Industries, Government of Jharkhand invites technical and financial proposals from reputed management consultancy firms of national and international repute to work as Technical Support Unit at Directorate of Industries, Government of Jharkhand. The document can be downloaded from the website: https://jharkhandtenders.gov.in/nicgep/app

Response to this tender shall be deemed to have been done after careful study and examination of this document with full understanding of its implications. This section provides general information about the Issuer, import ant dates and addresses and the overall eligibility criteria for the parties. The tender document cost of Rs. 11,800/- (inclusive of 18% GST) is to be submitted vide online mode.

Notice for Inviting Tender

Sr. No.	Particulars	Details
1.	Tender Availability	10.01.2025 by 10:00 Hours
2.	Last Date of Submission	23.01.2025 by 15:00 Hours
3.	Technical Proposal Opening	27.01.2025 by 12:00 Hours
4.	Technical Presentation	28.01.2025 at 11:00 Hours
5.	Financial Bid Opening	To be announced
6.	Letter of Award	After conclusion of Technical & Financial bid
7.	Cost of Tender	INR 11,800 (including GST) is to be submitted through online mode(https://jharkhandtenders.gov.in)
8.	Mode of tender	Online through https://jharkhandtenders.gov.in/nicgep/app
9.	Earnest Money Deposit (EMD)	INR 10,00,000 (Rupees Ten Lakhs Only) to be paid in favour of "Director, Directorate of Industries" payable at Ranchi through online mode at https://jharkhandtenders.gov.in/nicgep/app portal.
10.	Performance Bank Guarantee	5% of the Fees of the selected bidder
11.	Website for Tender Documents	https://jharkhandtenders.gov.in/nicgep/app
12.	Method of Selection	QCBS 70:30

Note:
1. Proposals must be received not later than time, date and venue mentioned in the Fact Sheet. Proposals that are received after the deadline WILL NOT be considered in this procurement process.

PR 343935 Industries(24-25)#D Director Industries

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत 45 गर्भवती महिलाओं की जांच की गयी

नियमित जांच कराने वाली गर्भवती महिलाओं के बच्चे होते हैं स्वस्थ : डॉ कुलदेव

आजाद सिपाही संवाददाता

बरडीहा। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बरडीहा में 45 गर्भवती महिलाओं को जांच किया गया। इस अभियान के तहत प्रत्येक महीने 9 तारीख को एंटी नेटल केयर यानि एएनसी अर्थात प्रसव पूर्व जांच किया जाता है। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुलदेव चौधरी ने कहा कि मां बनना एक स्त्री के लिए उसके जीवन का सबसे सुखद एहसास है। गर्भावस्था जहां खुशी का पल होता है इस दौरान जच्चा बच्चा की उचित देखभाल करना जरूरी होता है। ऐसे में गर्भवती महिलाओं की समय पर प्रसव पूर्व जांच जरूरी है। डॉ चौधरी ने कहा की प्रसव पूर्व जांच से हाई रिस्क प्रेग्नेंसी, कुपोषण, खून की कमी आदि की पहचान कर उसका सही इलाज किया जाता है। गर्भावस्था के दौरान मां को होने वाली कई गंभीर बीमारियों का पता लगाकर समय रहते भ्रूण को बीमारी से बचाव किया जा सकता है। नियमित प्रसव पूर्व जांच कराने वाली महिलाओं के बच्चे स्वस्थ होते हैं। जो मातृ-शिशु की मृत्यु दर को भी काम करता है। गर्भवती महिलाओं को प्रसव काल के 9 माह में कम से कम चार बार प्रसव पूर्व जांच जरूर कराना चाहिए। जिसमें ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, वजन, लंबाई, पेशाब में शक्कर व प्रोटीन जांच सहित एचआईवी, हेपेटाइटिस बी व अन्य प्रकार की आवश्यक जांच शामिल है। मौके पर सीएचओ वीरेंद्र कुमार, एएनएम देवंती देवी, एमपीडब्ल्यू दिलीप कुमार गुप्ता, फील्ड सुपरवाइजर राकेश कुमार, रजनीकांत सिन्हा, सहिया रेखा देवी, ललिता देवी, कविता देवी, मंजू देवी, उर्मिला देवी, आदि उपस्थित थे।

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लातेहार
समाहरणालय परिसर, दूसरी मंजिल, लातेहार,
दूरभाष सं0 : 06565–248083, ई–मेल : ssalatehar@gmail.com

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची के पत्रांक GE/08/132/2019-20/2648 दिनांक 12.10.2022 के आलोक में लातेहार जिले के अन्तर्गत प्रखण्डों में संचालित 06 कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, 03 झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय तथा 01 नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय सरयू में खाद्यान्न, दूध, सब्जी, फल, अण्डा, मांस, मछली, स्टेशनरी, पोषाक, इत्यादि सामग्रियों की आपूर्ति हेतु निबंधित आपूर्तिकर्त्ताओं से सीलबन्द लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। प्रत्येक पैकेज के लिए 1000/– रूपये राष्ट्रीयकृत बैंक के DEO-CUM-DPO, SSA LATEHAR के नाम से भुगतेय अप्रतिदेय (NON REFUNDABLE) डिमांडड्रॉफ्ट, आवेदन के साथ समग्र शिक्षा कार्यालय, डी0आर0डी0ए0 बिल्डिंग, द्वितीय तल लातेहार में निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा सकेगा। निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की **तिथि 09.01.2025 से 27.01.2025 अपराह्न 05:00** बजे तक है तथा दिनांक 10.01.2025 से 27.01.2025 तक अपराह्न 05:00 बजे तक निविदा समग्र शिक्षा अभियान जिला कार्यालय लातेहार में जमा किया जा सकता है। निविदा खोलने की विद्यालयवार विस्तृत विवरणी निम्नवत् है–

निविदा से संबंधित विद्यालयों की विवरणी	निविदा खोलने की तिथि
कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय लातेहार, चंदवा, बालूमाथ, मनिका, गारू एवं बरवाडीह। (पैकेज–01,02,03,04)	निविदा खोलने की तिथि:– 28.01.2025 को पूर्वाह्न 11:30 बजे।
नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय सरयू (पैकेज–01,02,03,04)	
झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, हेरहंज, बारियातु एवं महुआडांड (पैकेज–01,02,03,04)	

इच्छुक निविदादाता के द्वारा निविदा प्रपत्र को पूर्ण रूपेण भरते हुए निविदा प्रपत्र को दो अलग–अलग सीलबन्द लिफाफे में जमा किया जाना है, जिसमें विद्यालय का नाम, तकनीकी बीड , वित्तीय बीड तथा पैकेज का नाम स्पष्ट रूप से अंकित हो। निविदादाता को प्रत्येक विद्यालय तथा प्रत्येक पैकेज के लिए अलग–अलग निविदा जमा करना होगा।

निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन/रद्द/विमक्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। निविदा से संबंधित सभी सूचना आदि को जिला के वेबसाईट www.latehar.nic.in पर भी देखा जा सकता है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा अभियान, लातेहार

PR 343892 Human Resource Developement(24-25).D

पुल निर्माण में अनियमितता बरते जाने पर ग्रामीणों ने किया विरोध

ग्रामीणों की सजगता से एक बड़ा हादसा और सरकारी धन की लूट रोकी गयी : विनोद चंद्रवंशी

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। रंका प्रखंड अंतर्गत हाटू नदी पर निमार्णाधीन पुल में भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा सामने आयी है। पुल के फाउंडेशन में मानकों की खुली अनदेखी कर संवेदक द्वारा बिना आवश्यक गहराई (रिक्वायर्ड डेप्थ) के ही ढलायी की तैयारी कर ली गयी थी। फाउंडेशन में न तो पीसीसी किया गया और न ही निर्धारित मानकों के अनुसार रॉड का उपयोग किया गया। इसके बजाय, अधिक स्पेसिंग में लोकल रॉड, जिसकी कठोरता (हार्डनेस) मानक से अधिक थी, का इस्तेमाल किया जा रहा था। जिसपर ग्रामीण उग्र होकर ढलाई का कार्य रोक दिया। यदि ढलायी का कार्य नहीं रोकते, तो एक सप्ताह पूर्व ही फाउंडेशन की ढलायी पूरी कर दी जाती। विरोध के बाद 8 जनवरी को, संवेदक द्वारा आनन-फानन में बंधाई की गयी रॉड को फाउंडेशन से बाहर निकालकर 6 फीट गहराई और बढ़ाने की बात कही जा रही है। सवाल यह उठता है कि अगर उस दिन ग्रामीण विरोध नहीं करते, तो क्या मानकों के विपरीत ढलायी पूरी हो जाती। इससे पुल के भविष्य में धंसने, डूबने और बहने का गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता था।

इंजीनियर और संवेदक की मिलीभगत का आरोप: विभाग के इंजीनियर से संपर्क करने पर उन्होंने स्वीकार किया कि संवेदक मानकों का उल्लंघन करने का प्रयास कर रहा था। जांच में पाया गया कि फाउंडेशन की गहराई पर्याप्त नहीं थी। इससे स्पष्ट होता है कि यह संवेदक और इंजीनियर की मिलीभगत से योजनाबद्ध लूट का प्रयास था, जिसे ग्रामीणों की जागरूकता ने विफल कर दिया।

जनता में उबाल, भाजपा ने कड़ी कार्रवाई की मांग की : ग्रामीणों ने भाजपा नेता विनोद चंद्रवंशी से संपर्क कर इस पूरे मामले की जानकारी दी। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि यह घटना सिर्फ एक पुल तक सीमित नहीं है। पूरे विधानसभा क्षेत्र में सरकारी कार्यों में मानकों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। यह जनता के पैसों की लूट है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

भ्रष्टाचार के खिलाफ जनाक्रोश: भाजपा नेता विनोद चंद्रवंशी ने कहा कि ग्रामीणों की सजगता से एक बड़ा हादसा और सरकारी धन की लूट रोकी गयी है। यह घटना राज्य सरकार की विफलता और प्रशासन की निष्क्रियता को उजागर करती है। जनता में इस लापरवाही और भ्रष्टाचार को लेकर गहरा आक्रोश है। अगर ऐसे मामलों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो जनाक्रोश और अधिक उग्र हो सकता है।

भाजपा की मांग

- दोषी संवेदक और भ्रष्ट इंजीनियरों पर सख्त कानूनी कार्रवाई हो।
- पूरे विधानसभा क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों की व्यापक जांच के लिए एक उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया जाए।
- फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र के आधार पर काम कर रहे संवेदकों पर तुरंत रोक लगायी जाए। ▪ विधानसभा में इस मुद्दे को उठाकर राज्य सरकार को जवाबदेह बनाया जाए।

कार्यालय राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, हजारीबाग

अति अल्पकालीन ई– पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना संख्या –NREP/HAZARIBAG/12/2024-25
दिनांक 09.01.2025
मद का नाम – जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट

1. बेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 11.01.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 11.01.2025 के पूर्वाह्न 11:00 बजे से 20.01.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने का स्थान – एन0आर0ई0पी0 कार्यालय, हजारीबाग।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 22.01.2025 को अपराह्न 11:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, हजारीबाग।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–7321025542 ई–मेल – nrephazaribag@gmail.com
   निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता बन्द कर दिया जाता है कि उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

क्र0 सं0	प्रखण्ड	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	अग्रधन की राशि	योजना पूर्ण करने की अवधि	कॉल
1	2	3	4	5	6	7	8
1	चुरचू	कस्तुरबा गॉधी बालिका आवासीय विद्यालय, चरही का चाहरदिवारी एवं अन्य निर्माण कार्य।	6561100.00	10000.00	132000.00	नौ माह	तृतीय

8. पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प सं0–2146(s) दिनांक 09.09.2020 के आलोक में सम्प्रति 10 प्रतिशत से नीचे के दर की निविदायें अनुमान्य होगी। 10 (दस) प्रतिशत से न्युन निविदाओं के लिए Additional Preformance Security के क्रम में परिमाण विपत्र की राशि से – (i) 10 से 20 प्रतिशत Below तक की राशि का 20 प्रतिशत तथा (ii) 20 प्रतिशत से अधिक Below की राशि का 30 प्रतिशत अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू होगा। निविदाओं का निष्पादन उपरोक्त वर्णित संकल्प के आधार पर होगा।
9. इस निविदा में अंकित की योजनाओं के लिए भवन निर्माण विभागं/ ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले) पंजीकृत (नवीकृत) समुचित श्रेणी के निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं।

नोट :–
केवल ई–निविदा स्वीकृत होगा। प्राक्कलित राशि घट/बढ़ सकती है। अन्य सूचनाऐं वेबसाईट http: www.jharkhandtenders.gov.in/ कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, हजारीबाग कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, हजारीबाग

PR 343940 District (24-25)_D

छापेमारी में कोयल नदी से दो ट्रैक्टर जब्त

सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सेन्हा थाना क्षेत्र में खनन विभाग व अंचल विभाग के संयुक्त नेतृत्व में पुलिस प्रशासन द्वारा मंगलवार रात्रि में अवैध बालू उठाव एवं परिवहन मामला में छापेमारी अभियान चलाते हुए दो ट्रैक्टर को जोगना ग्राम स्थित कोयल नदी से जब्त कर सेन्हा थाना परिसर में अग्रतर कारवाई हेतु सुरक्षित रखा गया। जिस पर विभागीय कारवाई हेतु अंचलाधिकारी मोदस्सर नजर मंसूरी के पत्रांक 13 दिनांक 8 जनवरी 2025 के आलोक में ट्रैक्टर चालक एवं मालिक के विरुद्ध सेन्हा थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया। वही इस संदर्भ में थाना प्रभारी अजित कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनों ट्रैक्टर चालक एवं मालिक के विरुद्ध कारवाई किया जायेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार बता दें कि झारखंड राज्य में बालू घाट की निविदा का घोषण आज तक नही हुआ और बालू उठाव एवं सरकारी योजनाओं को सफल बनाने में चोरी छिपे सभी जिलों में अवैध बालू उठाव जारी है। जिससे आये दिन ट्रैक्टर चालक एवं मालिक के विरुद्ध विभागीय कारवाई भी किया जा रहा है। उसके बाद भी विभिन्न नदी घाटों से बालू का उठाव जारी है।

कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आज दो छात्राएं भटिंडा के लिए होंगी रवाना

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। बलदेव साहू महाविद्यालय के छात्र छात्राएं आज खेल में भी आगे आ रहे हैं । कभी क्रिकेट में विजेता बन कर, तो कभी कब्बड्डी में विजेता बन कॉलेज को सम्मान दिलाया है। इधर दो छात्राएं कुश्ती में आगे आकर आगामी 10 जनवरी को रांची विश्वविद्यालय के टीम के साथ भटिंडा, पंजाब के लिए रवाना होंगी । उनके विजय के लिए कॉलेज के सारे प्राध्यापक, सारे स्टाफ प्रोत्साहित कर भेजने की तैयारी कर रहे है । बीएस कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर शशी कुमार गुप्ता इन दोनों छात्राओं को उनके चयन पर बहुत-बहुत बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किए है साथ ही साथ डॉ सुमन कुजूर, डॉक्टर संतोष स्वरूप शांडिल्य, डॉक्टर सुमन कुजूर कुमार नीरव अमित कुमार पीटीआई सोनू कुमार बड़ाईक, ने भी इन दोनों छात्राओं को उनके चयन के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं दिये हैं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

कार्यपालक अभियंता ने डीप बोरिंग का किया निरीक्षण

कैरो/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता अनूप कुमार हंसदा गुरुवार को कैरो प्रखंड के बिराजपुर स्थित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय पहुंच कर पेयलज की समस्या से अवगत होते हुए पूर्व में कराये गये डीप बोरिंग का निरीक्षण किया। साथ ही साथ पानी की व्यवस्था के लिए विद्यालय परिसर से बाहर स्थित कुंआ का भी निरीक्षण किया। विदित हो कि विधालय परिसर में तीन डीप बोरिंग करायी गयी है जिसमे दो बेकार साबित हो रही है जबकि एक डीप बोरिंग चालू स्थिति में हैं परंतु यह 350 छात्राओं के लिए पर्याप्त नहीं है। मौके पर कनीय अभियंता सुमन कुमार खलखो, प्रखंड समन्वयक खालिख अंसारी एवं विद्यालय की प्रधानचार्य उपस्थित थे।

खेल स्टेडियम में मनाया जायेगा गणतंत्र दिवस, व्यवस्था की तैयारी का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

लातेहार। लातेहार गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी को लेकर समाहरणालय सभागार में उपायुक्त श्री उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में गणतंत्र दिवस 2025 की तैयारियों के संबंध में रूपरेखा तैयार की गयी।

उक्त बैठक में उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को पूर्वाभ्यास एवं ध्वजारोहण के दौरान बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। गणतंत्र

दिवस समारोह को धूमधाम से मनाने के लिए अधिकारी पूरी तत्परता से कार्य करना सुनिश्चित करें। गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह जिला खेल स्टेडियम, लातेहार में आयोजित किया जायेगा। जिसमें झंडोतोलन-राष्ट्रगान, परेड किया जायेगा। परेड का पूर्वाभ्यास मुख्य समारोह स्थल पर होगा। बैठक में उपायुक्त ने जिला खेल स्टेडियम की साफ-सफाई, रंग रोगन , लाउडस्पीकर की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, लोगों के बैठने की व्यवस्था, अग्निशमन दस्ता, स्वतंत्रता सेनानियों को आमंत्रण, सुरक्षा व्यवस्था, परेड समेत अन्य के लिए संबंधित पदाधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी एवं विधि व्यवस्था संधारण को लेकर निर्देशित किया। विभिन्न विभागों की झांकियां आदि के संबंध में चर्चा करते हुए उन्होंने देशभक्ति से ओत-प्रोत आयोजन के साथ समस्त झांकियों को अधिकाधिक आकर्षक बनाने के निर्देश दिये। साथ ही झांकियों के लिए उपयुक्त वाहन, समारोह स्थल पर सुगम प्रवेश व निकासी आदि को लेकर संबंधित अधिकारियों को पुख्ता इंतजाम के निर्देश दिये।

लोहरदगा में एथलेटिक एसोसिएशन कार्यालय का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। लोहरदगा जिला एथलेटिक एसोसिएशन के तत्वाधान में 67वीं एथलेटिक मीट कार्यक्रम निमित्त जिला कार्यालय राजेंद्र भवन में उद्घाटन फीता काट कर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल और जिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने

कहा की जिला एथलेटिक मीट लोहरदगा का गौरव की बात है। कोरोना काल के बहुत दिनों के बाद पुनः इसकी शुरुवात किया जा रहा है जिससे लोगों में उत्साह जाग्रत हुआ है और सभी मिलजुल कर सहयोग करके सफल बनायें, साहू परिवार हमेशा लोहरदगा को आगे बढ़ाने में मददगार रहे है। भाषण न देकर प्रतियोगिता को सफल बना कर पुरानी ऐतिहासिक पहचान बनाने में सहभागिता निभायें। जिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद ने कहा की पूर्व में मीट का आयोजन होता था तो लोगों की अपार भीड़ रहती थी और लोग ललित नारायण स्टेडियम खेल देखने जाते थे और खेलों पर ध्यान देते थे। खेल एक ऐसा माध्यम होता है जहां जात पात और धर्म की बात नहीं होती है। लोहरदगा में आपसी भाईचारा सौहार्द बनाने में भी खेल एक माध्यम हुआ करता है।

कब्रिस्तान की घेराबंदी को लेकर फर्जीवाड़ा का लगाया आरोप

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखंड के बेतला पंचायत अंतर्गत ग्राम अखरा अल्पसंख्यक कब्रिस्तान की घेराबंदी योजना को लेकर लाभुक समिति के चयन मे फजीर्वाड़ा करने का आरोप लगा हैं। मामले को लेकर बेतला ग्राम के बहाउदिन अंसारी, अब्दुल करीम, अलमुदिन अंसारी, रसीद अंसारी समेत दर्जनों ग्रामीणों नें प्रखंड विकास पदाधिकारी को माग पत्र सौंपते हुए योजना के लाभुक समिति को लेकर बिना ग्राम सभा के चयन करने का आरोप लगाया हैं। मांग पत्र के माध्यम से ग्रामीणों नें फर्जी ग्राम सभा के चयन को रद्द करने हुए अधिकारियो की मौजूदगी मे पुनः ग्राम सभा कराने की मांग की हैं।

लोहरदगा के तीरंदाज कृषचंद्र देव का 38वें नेशनल गेम्स में चयन

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। 28 जनवरी 2025 से 9 फरवरी 2025 तक देश के उत्तराखंड राज्य में आयोजित होने वाली 38वें नेशनल गेम्स में लोहरदगा के कुड़ू सुकुमार गांव निवासी दिलीप कुमार साहू के पुत्र कृषचंद्र देव का चयन तीरंदाजी में हुआ। वो अगस्त 2024 में एशिया कप स्टेज 3 जो साउथ कोरिया के सुबेन में कंपाउंड तीरंदाजी के रूप में पार्टिसिपेट किया था। जिसमें दसवां रैंक लाकर सफल हुआ। जिसको लेकर 15 अगस्त 2024 स्वतंत्रता दिवस समारोह जिला

लोहरदगा में पूर्व में रहे वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव उपायुक्त बाघमारे प्रसाद कृष्ण एवं आरक्षी अधीक्षक हरीश बिन जामा ने पुरस्कृत किया था। कृष चंद्र देव बिरसा आर्चरी अकादमी सिल्ली में 2014 से प्रशिक्षण प्राप्त कर वर्तमान में हरियाणा के सोनीपत में अभ्यासरत है। कृष चंद्र देव ने 15 से भी अधिक नेशनल चैंपियन तीरंदाजी प्रतियोगिता में भाग लिया है। जिसमें अभी तक पांच स्वर्ण, सात रजत पदक के साथ कांस्य पदक भी अपने नाम किया है। जिसमें उनके प्रशिक्षक राष्ट्रीय कोच प्रकाश राम एवं शिशिर महतो के साथ अकादमी के संरक्षक सुदेश कुमार महतो एवं प्रेसिडेंट नेहा महतो का अहम योगदान रहा है।

राम मंदिर की पहली वर्षगांठ पर भंडरा में भव्य झांकी निकाली जायेगी

भंडरा (आजाद सिपाही)। भंडरा ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर में गुरुवार को विहिप की बैठक संपन्न हुई। बैठक में आगामी 11 जनवरी को अयोध्या में बने राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा की वर्षगांठ धूमधाम से मनाने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। मौके पर विहिप के जिला सह मंत्री भीम नाथ शाहदेव ने कहा कि अयोध्या में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम 500 वर्षों के संघर्ष के बाद अपने जन्म स्थान पर बने भव्य मंदिर में विराजमान हुए है। अयोध्या में बने भव्य श्रीराम मंदिर में विराजमान हुए प्रभु श्रीराम के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रथम वर्षगांठ 11 जनवरी को पूरे देश के मठ, मंदिर और घरों में भव्य रुप से मनाया जाएगा। प्रभु श्रीराम के मंदिर में विराजमान होने के निमित पहली वर्षगांठ प्रखंड में भव्य झांकी निकाला जाएगा। साथ ही सभी घरों में सनातन धर्मावलंबियों दीपोत्सव मनाकर विधिवत पूजा-अर्चना करेंगे। मौके पर विश्व हिंदू परिषद मुख्य संरक्षक ईश्वरी मोहन शर्मा, जिला सह मंत्री लाल भीमनाथ शाहदेव, आनंद पंडा, श्रीकांत गुप्ता, चंदन गुप्ता, अमर कुमार एवं बजरंग दल, मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी के सदस्य उपस्थित थे।

गढ़वाटांड़ में घर से बाइक की चोरी

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह थाना क्षेत्र के गढ़वाटांड़ निवासी लक्ष्मण मिस्त्री (पिता - विष्णु मिस्त्री) के घर बीती रात अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने घर की चारदीवारी के अंदर घुसकर वहां खड़े दोपहिया वाहन टीवीएस एक्सएल सुपर (नंबर जेएच 19 ए 0686) को चोरी कर फरार हो गये। रोजाना की तरह जब सुबह लक्ष्मण मिस्त्री ने उठकर घर के बाहर देखा तो उनकी बाइक चारदीवारी के अंदर नहीं थी, और गेट खुला हुआ पाया। जब उन्होंने घर के अन्य सदस्यों से पूछताछ की, तो किसी ने भी वाहन को न बाहर ले जाने और न देने की बात कही। घटना का अंदेशा लगते ही लक्ष्मण मिस्त्री को समझ में आ गया कि क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं का शिकार अब उनका घर भी हो गया है। इसके बाद उन्होंने तत्काल घटना की लिखित सूचना बरवाडीह थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार को दी और उचित कार्रवाई की मांग की। पीड़ित ने पुलिस से इस मामले में त्वरित जांच कर वाहन की बरामदगी और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

सेवानिवृत्ति नौकरी की स्वभाविक प्रक्रिया है : डीसी

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी जय ज्योति सामंता 31 दिसंबर 2024 को सेवानिवृत्त हो गये। बीपीएससी 47वें बैच के पदाधिकारी श्री सामंता लोहरदगा जिला में वर्ष 2023 में उप विकास आयुक्त के पद पर भी रहे। गुरूवार को इस उपलक्ष्य में जिला प्रशासन लोहरदगा की ओर से एक विदाई कार्यक्रम समाहरणालय सभाकक्ष, लोहरदगा में आयोजित किया गया। इस मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण व उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत द्वारा श्री सामंता को शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। उपायुक्त ने इस मौके पर कहा कि श्री सामंता ने लोहरदगा जिला में बेहतर कार्य किया। चाहे वह उप विकास आयुक्त के रूप में हो या जिला भू-अर्जन पदाधिकारी के रूप में। अपने निर्णय व समयबद्ध तरीके से कार्य को संपादित कर सभी को प्रभावित करने का कार्य किया। सभी पदाधिकारियों व कर्मियों के साथ इनका संबंध बेहद अच्छा रहा।

कोल्हान की खबरें

बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के दो छात्र ग्रेजुएट इंजीनियर पद के लिए चयनित

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी घुटिआ में मनुपमा टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा बीते 20 दिसंबर को प्लेसमेंट अभियान चलाया गया था। प्लेसमेंट में ग्रेजुएट इंजीनियर पद के लिए मैकेनिकल ब्रांच के दो छात्रों को कंपनी द्वारा साक्षात्कार प्रक्रिया में चुना गया। जिसमे बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी घुटिआ के सोमनाथ धीबर और मैकेनिकल ब्रांच के अंतिम वर्ष के अलीशा शर्मा है। मनुपमा टेक्नोलॉजीज कंपनी एक निजी कंपनी है। सरकारी क्षेत्रों में आइएसओ परीक्षण, अंशांकन, निरीक्षण, लेखा परीक्षा करती है।

छात्रों को जीईटी पद के लिए अच्छा पैकेज दिया जायेगा। चुने गये छात्र आगामी अप्रैल 2025 से कंपनी के जमशेदपुर कार्यालय में शामिल होंगे। इस दौरान वे 9 महीने के प्रशिक्षण में रहेंगे। इससे पूर्व कॉलेज के चेयरमैन डॉ शिव कुमार सिंह, प्राचार्य डॉ संजय कुमार रॉय, टीपीओ राहुल सिंह व अन्य सभी संकायों द्वारा दोनो छात्रों की सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी गयी।

कांग्रेसियों ने बागबेड़ा ग्रामीण जलापूर्ति योजना जल्द चालू कराने के लिए कार्यपालक अभियंता को सौंपा माग पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने बागबेड़ा ग्रामीण जलापूर्ति योजना को लेकर कांग्रेस पार्टी के नेता व कार्यकर्ताओं संग उच्च स्तरीय मंथन की। साथ ही चिंता जाहिर करते हुए पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता को मांग पत्र सौंपने पर सहमति जतायी। गुरुवार को जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के नेतृत में एक प्रतिनिधि मंडल पेयजल एवं स्वच्छता विभाग जमशेदपुर प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता सुनील कुमार को एक मांग पत्र सौप कर आम जनता को सुचारू रूप से पानी पहुंचाने का आग्रह

किया।जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने कहा बागबेड़ा किताडीह हरहरगुट्टू, करनडीह, खासमहल सहित अन्य क्षेत्र में पानी के लिए बहुत बड़ी समस्या है। उन्होंने कहा लोगों में भ्रांतियां फैल रही है कि विभाग के पास पैसे की कमी है।जरूतर पड़ने पर विभागीय मंत्री व मुख्यमंत्री से मुलाकात कर अवगत कराया जायेगा। कार्यपालक अभियंता सुनील कुमार ने आश्वासन देते हुए कहा विभाग के पास किसी भी प्रकार से पैसे की कोई कमी नहीं है। योजना को पूर्ण करने के लिए हर स्थिति में हम लोग तत्पर हैं। रेलवे लाइन के नीचे 80 मीटर ट्रेंचिंग के कार्य बचे हैं। करने में कामगारों को थोड़ा परेशानी हो रही है। कुछ दिनों के अंदर पूरा कर लिया जायेगा। उन्होंने कहा सपडा में इंटकवेल का कार्य पूरा हो गया। ट्रांसफार्मर लगाकर मोटर को चालू करने का प्रक्रिया चल रहा। रॉ वॉटर लाने का कार्य को द्रुत गति से पूरा करने के लिए विभाग के अभियंता दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। संवेदक को हर हाल में समय रहते कार्य करने के लिए निर्देश दिया गया। 25 मार्च तक बागबेड़ा ग्रामीण वृहत जलापूर्ति योजना के तहत सभी क्षेत्रों में लाभुकों के बीच पानी उपलब्ध कराया जायेगा। मौके पर जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के साथ प्रदेश महामंत्री अजय सिंह, प्रदेश सचिव देबू चटर्जी, प्रदेश सचिव सामान्य कुमार, प्रदेश सचिव सुरेश धारी, जिला उपाध्यक्ष विजेंद्र तिवारी, संजय सिंह आजाद,अतुल गुप्ता, महामंत्री राजा ओझा सहित अन्य शामिल रहे।

बालू माफिया के साथ थानेदार की दो टूक

कहा मंथली लेने के बाद भी अगर डिस्टर्ब करोगे तो बालू में गाड़ देंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

चाईबासा। पश्चिमी सिंहभूम जिले में बालू माफियाओं का अवैध खनन का कारोवार इन दिनों धड़ल्ले से जारी है। उधर तांतनगर ओपी क्षेत्र में खरकई नदी के संगम घाट से बालू खनन कर रहे लोगों को रोकने गये ओपी प्रभारी मेघनाथ मंडल के साथ बालू माफियाओं की तू- तू मैं- मैं का वीडियो वायरल होने का एक मामला सामने आया है। वीडियो में बालू माफियाओं ने ओपी प्रभारी को कहा मंथली देने के बाद भी डिस्टर्ब करोगे तो ट्रैक्टर से कुचलकर बालू में गाड़ देंगे। जिसके बाद ओपी प्रभारी वहां से

निकल पड़े। वही सोशल मीडिया में यह वीडियो वायरल होने लगी है। वीडियो में बालू माफियाओं ने साफ कहते सुना जा रहा जब मंथली देते हैं तब क्यों रोका जरा है। हालांकि इस मामले में ओपी प्रभारी ने तू-तू, मैं-मैं, धमकी जैसे बातों व पैसे लेने की बातों से साफ इनकार कर दिया।

सनातन रक्षा वाहिनी संघ ने जरूरतमंदों को दिया कंबल

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। सनातन रक्षा वाहिनी संघ ने शहर में बढ़ती ठंड को देखते हुए समाज सेवा के भाव से देर रात्र जरूरतमंदों के बीच कंबल व गर्म कपड़ा वितरण अभियान चलाया गया। संघ के सदस्यों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर सड़क किनारे ठंड से कुकुड़ रहे लोगो को बीच कंबल व गर्म कपड़े भेट कर राहत पहुंचाई। संघ के संस्थापक अध्यक्ष संदीप मिश्रा ने कहा सर्दी का मौसम गरीब और बेसहारा लोगों के लिए बेहद कठिन होता है।संस्था का प्रयास है जरूरतमंदों को ठंड से राहत दिलाना और समाज में सहयोग की

भावना को आगे बढ़ाना है। वही संघ के सदस्य अखिल सिंह ने कहा शहर के जरूरतमंद को ठंड से राहत मिले इसका संघ प्रयास कर रही है। इस उद्देश्य के साथ टाटा नगर रेलवे स्टेशन, मानगो बस स्टैंड, फुटपाथ व झुग्गी-झोपड़ी के इलाकों में गर्म कपड़े और कंबल बांटकर मानवीय संवेदनाओं को साझा किया गया। उन्होंने कहा संघ के सदस्यों का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। ताकि हर संभव जरूरतमंदों तक सहायता पहुच सके। मौके पर सनातन रक्षा वाहिनी संघ ने समाज के अन्य लोगों से भी जरूरतमंदों की सहयोग में आगे आने की अपील की। इस अवसर पर संघ के संस्थापक सदस्य सह भाजपा के जिला प्रवक्ता अखिलेश सिंह, संघ के संस्थापक अध्यक्ष सह मेडिकल व्यवसाई संदीप मिश्रा, दवा व्यवसाई कुणाल तिवारी, मंतोष सिंह,संघ के सदस्य सह शिक्षक द्वितरंजन विश्वाल, विशाल सिंह,राज शर्मा, विवेक कुमार, रविकांत ओझा,प्रभात सिंह, मुकेश कुमार, रजनीश सिंह, गुड्डू शर्मा, समित मिश्रा,राम ठाकुर सहित अन्य शामिल रहे।

भाजपा सोनारी मंडल ने जरूरतमंदों के बीच बांटा कंबल

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। सांसद विद्युत वरण महतो के निर्देश पर बढ़ती ठंड को देखते हुए जरूरतमंदों के बीच राहत पहुंचाने का प्रयास जारी है। गुरुवार को भाजपा सोनारी मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार के नेतृत्व में सोनारी कुम्हार पाड़ा क्षेत्र में सैकड़ो जरूरतमंदो के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जटाशंकर पांडे, मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार, मंडल उपाध्यक्ष सतेन्द्र सिंह यादव, सरिता लाल,राहुल तिवारी सहित पार्टी के युवा नेता व महिला मोर्चा के महिलाएं उपस्थित रहे।

विधायक प्रतिनिधि ने नप कर्मियों के वेतन भुगतान को लेकर एसडीओ के साथ की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

सरायकेला। सरायकेला विधायक प्रतिनिधि सनद कुमार आचार्य ने अनुमंडल पदाधिकारी सदानंद महतो के साथ बैठक कर नप क्षेत्र के जनता की समस्याओं से अवगत कराया। गुरुवार को उन्होंने एसडीओ के समक्ष नप कर्मियो के वेतन भुगतान को प्रमुखता से रखते हुए शीघ्र उचित पहल करने का आग्रह किया। विधायक प्रतिनिधि ने कहा बीते कई महीनों से नप क्षेत्र के नागरिक दो कार्यालयों के बीच पेंडुलम की तरह झूल रहे हैं।इसमें सबसे अधिक परेशानी छात्रों को

जाति प्रमाण पत्र और आवासीय प्रमाण पत्र के लिए उठानी पड़ रही है। जिसके कारण छात्रों का छात्रवृत्ति,नामांकन सहित अन्य आवश्यक कार्य नही होरहा है। इसके लिए सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देश में भी स्पष्ट नहीं है। प्रमाण पत्र के फॉर्म में वार्ड कमिश्नर से लेकर प्रशासक तक की स्वीकृति लेने का प्रावधान किया गया। मौके पर एसडीओ ने अनुबंध कर्मियों का मानदेय भुगतान जल्द करवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर नगर प्रबंधन सुमित सुमन सहित अन्य मौजूद रहे।

कुटमा-हरिनाखाड़ गांव के बीच जंगल से आइइडी बम बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। जिले के चैनपुर व कुरुमगड़ थाना क्षेत्र के सीमांत स्थित कुटमा व हरिनाखाड़ गांव के बीच स्थित जंगल से पुलिस ने एक आइइडी बम बरामद किया है। बरामद आइइडी बम नक्सलियों द्वारा पुलिस को क्षति पहुचाने के उद्देश्य से प्लांट किया गया था। लेकिन पुलिस की मजबूत सूचनातंत्र ने नक्सली के मंसूबे पर पानी फेर दिया। आइइडी बम बरामद होने की सूचना के बाद जिले की पुलिस के बुलावे पर रांची से बम निरोधक दस्ता गुमला पहुंच चुकी है। मगर रात हो जाने के कारण टीम मौके पर नही पहुंच सकी है। सुबह होने का अब इंतजार किया जा रहा है। इस दौरान जंगल की ओर आम ग्रामीणों के जाने पर रोक लगा दी गयी है। आइइडी को डिफ्यूज किये जाने के बाद जंगल मे ग्रामीणों को जाने की इजाजत है। सम्भवतः शुक्रवार की सुबह मौके पर पहुंचकर बम निरोधक दस्ता आईईडी को डिफ्यूज करेगी। इधर आइइडी बरामद होने की पुष्टि करते हुए एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने बताया कि जिस जगह से पूर्व में आइइडी बरामद किया गया था उसी जगह से आइइडी बरामद की गयी है। वहीं बम निरोधक दस्ता गुमला पहुंच चुकी है। शुक्रवार को आइइडी को जमीन से निकाल कर डिफ्यूज किया जायेगा। एसडीपीओ ने कहा कि पुलिस को क्षति पहुंचने की नीयत से नक्सलियों द्वारा पूर्व में प्लांट किए जाने की संभावना है। मगर समय पर मिली सूचना के बाद पुलिस उसे निष्क्रिय करने में जुट गयी है। पुलिस के लिए यह एक बड़ी सफलता है।

डीसी ने टोटो राजकीयकृत उत्क्रमित हाई स्कूल का किया दौरा

परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को किया पुरस्कृत

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। शिक्षा को नई दिशा देने के उद्देश्य से जिला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की पहल 'शिक्षा कर भेंट' के तहत जिले में शिक्षा के स्तर को सुधारने की कोशिश जारी है। इस पहल के तहत वरीय अधिकारी और पुलिस कर्मी नियमित रूप से जिले के उच्च विद्यालयों का दौरा कर बच्चों के साथ संवाद कर रहे हैं। इसी क्रम में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने टोटो स्थित राजकीयकृत उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों से मुलाकात की, उनकी शैक्षणिक प्रगति की समीक्षा की और उनकी जरूरतों को समझा। उपायुक्त ने हाल ही में आयोजित परीक्षा के अंकों का विश्लेषण करते हुए पाया कि अंग्रेजी और गणित विषयों में सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने जिले के श्रेष्ठ अंग्रेजी शिक्षकों को विद्यालय में अतिरिक्त कक्षाएं लेने के निर्देश दिये।

इस पहल को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए 11 जनवरी, शनिवार को पूर्वाह्न 11: 00 बजे विद्यालय परिसर में एक पेरेंट्स-टीचर मीटिंग आयोजित की जायेगी। उपायुक्त ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे इस बैठक में अवश्य शामिल हों और बच्चों की शैक्षणिक प्रगति पर चर्चा करें।

बच्चों के बीच पढ़ाई के प्रति उत्साह

उपायुक्त ने बच्चों के हॉलिडे होमवर्क की समीक्षा की और जिन बच्चों ने होमवर्क पूरा नहीं किया था, उन्हें सोमवार तक का समय दिया। बच्चों को प्रेरित करने के लिए उपायुक्त ने स्वयं कक्षा में पढ़ाया और उनके होमवर्क से जुड़े प्रश्न पूछे। उन्होंने पिछली बार की गयी परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया, जिससे बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि और बढ़ी। उपायुक्त की इस पहल ने न केवल विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाया है, बल्कि शिक्षकों और अभिभावकों को भी शिक्षा में सुधार की दिशा में मिलकर काम करने के लिए प्रेरित किया है।

सड़क दुर्घटना में दो की मौत

रायडीह (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के गुमला कांसीर रोड स्थित परसा के पास बुधवार की रात हुए मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो व्यक्तियों की मौत घटनास्थल में ही हो गयी। मृतकों की पहचान अजय कुजूर उम्र 26 वर्ष और राजनाथ कोरवा उम्र 25 वर्ष दोनों ग्राम कठगांव थाना डुमरी जिला गुमला के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार दोनों अपने गांव जा रहे थे तभी परसा के समीप उनकी बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी और दोनों का घटनास्थल में ही मौत हो गयी। रायडीह पुलिस को जानकारी मिलते ही घटनास्थल पहुंचकर शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया।

11 को मनायी जायेगी श्रीराम मंदिर की वर्षगांठ

विहिप जिला मंत्री मनीष।

सिसई (आजाद सिपाही)। अयोध्या में निर्मित भगवान श्री राम के मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूरा होने के अवसर पर 11 जनवरी को श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ मनाने का निर्णय लिया गया। इसकी जानकारी देते हुए विश्व हिन्दू परिषद जिला मंत्री मनीष बाबू ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में आगामी शनिवार पौष शुक्ल द्वादशी को मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ मनाया जाएगा। भगवान श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में भव्य मन्दिर के निर्माण और प्राणप्रतिष्ठा हिन्दू समाज के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। इस दिन हिन्दू सनातनी धर्मावलंबियों द्वारा क्षेत्र भर के विभिन्न मंदिरों की साज सज्जा, दीप प्रज्वलन हनुमान चालीसा,आरती,भजन कीर्तन, प्रसाद वितरण व भंडारा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अपने-अपने घरों दीपावली,ध्वज फहराने सहित अपने नजदीकी मंदिरों व पूजा स्थलों की साफ-सफाई , सज्जा के साथ श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ भव्य व धुमधाम से मनाने की अपील की है।

बॉबी भगत से मिलने पहुंची मंत्री दीपिका पांडे, जताया शोक

आजाद सिपाही संवाददाता

घाघरा। झारखंड ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने शोकाकुल परिवार बॉबी भगत के घाघरा स्थित आवास में गुरुवार को मिलने पहुंची। उन्होंने बॉबी भगत व परिवार के अन्य सदस्य से मिलकर धाड़स बांधा। इस दौरान मंत्री करीब 2 घंटे रहीं। और घटना के संबंध में जानकारी लीं। बताते चले की महिला कांग्रेस नेत्री बॉबी भगत के बड़े पुत्र गौतम भगत ने गत मंगलवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था। मौके पर प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह, पूर्व रांची महापौर सह कांग्रेस नेत्री रमा खलखो, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमृता भगत, शिवकुमार भगत टुनटुन, प्रखंड प्रमुख सविता देवी, कांग्रेस जिला महासचिव कृष्णा कुमार लोहरा, प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार पांडे, श्याम साहू, रामवृत उरांव, देवा उरांव सहित कई लोग उपस्थित थे।

मंत्री ने कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अरुण पांडे के घाघरा स्थित आवास में मंत्री दीपिका पांडे सिंह कार्यकर्ताओं से रूबरू हुईं। प्रखंड अध्यक्ष अरुण पांडे से पार्टी संगठन को मजबूती प्रदान और कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिया।

मनरेगा कंप्यूटर सहायक व स्वयंसेवकों ने मांग पत्र लेकर मंत्री से मुलाकात की

प्रखंड कार्यालय में मनरेगा विभाग में कार्यरत कंप्यूटर सहायकों ने ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह से मिलकर मानदेय आवंटन में सुधार करने, कंपनी से ईपीएफ राशि जमा करने व भविष्य निधि का लाभ दिलाने के लिए मांग पत्र सौंपा। साथ ही मंत्री को यह भी जानकारी दी गयी कि मनरेगा में सात पंचायत पर एक कंप्यूटर सहायक कार्यरत हैं। इस दौरान मंत्री ने कहा कि आप लोगों का विषय प्राप्त हो चूका है। कुछ दिन पूर्व ही विभाग को निर्देशित किया जा चुका है, निश्चित ही सकारात्मक पहल होगा।

पैसे लेकर जन्म प्रमाण पत्र बनाने की शिकायत पर एसडीएम पहुंची सीएचसी

कामडारा (आजाद सिपाही)। कामडारा सीएचसी कामडारा में जन्म प्रमाणपत्र बनाने के नाम पर पैसों की उगाही किये जाने की शिकायत मिलने के बाद गुरुवार को गुमला के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देशानुसार बसिया एसडीएम जयवंती देवगम ने कामडारा सीएचसी में जाकर बारीकी के साथ पूरे मामले की जांच पड़ताल की। वहीं बारी-बारी से सभी आरोपियों से पूछताछ किये जाने के बाद बसिया एसडीएम ने पत्रकारों के साथ बातचीत करते हुए कहा कुछ तो गड़बड़ी है। इसकी पूरी जांच रिपोर्ट उपायुक्त गुमला के पास भेजा जायेगा। जानकारी के मुताबिक सीएचसी कामडारा में जन्म प्रमाणपत्र बनाने में पैसों की उगाही, प्रकरण की जांच को लेकर बसिया एसडीएम जयवंती देवगम और कामडारा के अंचलाधिकारी सुप्रिया एक्का दिन के लगभग 11.30 बजे के आसपास सीएचसी कामडारा पहुंचे।

मदद का भरोसा देकर महिला से किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। सदर थाना क्षेत्र के वृंदा पंचायत में एक विधवा महिला के साथ दुष्कर्म किये जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित महिला ने सदर थाना गुमला में लिखित आवेदन देकर लाल बिहारी गोप के उपर दुष्कर्म की प्राथमिकी दर्ज करायी है। प्राथमिकी दर्ज किये जाने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर बुधवार की शाम 5 बजे जेल भेज दिया है। घटना को लेकर पीड़िता ने थाना में दिये आवेदन में कहा कि दो माह पूर्व उसके मोबाइल पर रांग नंबर से एक कॉल आया था। कॉल करने वाला खुद को अपना नाम लाल बिहारी गोप बताया था। इस दौरान दोनो के बीच बातचीत हुई थी। फिर लाल बिहारी लगातार उसे फोन करने लगा। इस बीच दोनो के बीच बातचीत होने लगी। साथ ही उनकी नजदीकियां बढ़ती चली गयी। इस नजदीकी के बीच उसने भी लाल बिहारी को अपने जीवन के बारे बताया। पीड़िता ने उसे बताया कि उसके पति की मौत हो गयी है। उसके दो बच्चे भी है। किसी तरह वह अपने दोनों बच्चों का परवरिश कर रही है। इसके बाद लाल बिहारी ने भी उसे झांसे में लेकर बच्चो की पढ़ाई लिखाई व परवरिश में मदद का भरोसा दिलाया। उसने कहा कि रांची के विभिन्न स्कूलों में उसकी पकड़ है। कहीं भी दोनों बच्चों का एडमिशन कराकर उन्हें किसी हॉस्टल में रखवा दूंगा। इसके बाद वह उसके झांसे में आ गयी। फिर लाल बिहारी के कहने व बुलावे पर वह उससे मिलने सिसई चली गयी। जहां उसने उसे बाइक से रिसीव कर बसिया रोड की ओर ले गया और एक कमरे में ले जाकर जबरन दुष्कर्म किया और घटना की जानकारी किसी को नही देने अन्यथा जान से मारने की धमकी देकर उसे भगा दिया। इसके बाद एक पुनः उसे गांव ले जाकर दुष्कर्म किया।

मकर संक्रांति और श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का वार्षिकोत्सव मनाने को लेकर बैठक

जारी (आजाद सिपाही)। जारी प्रखंड अंतर्गत जरडा पंचायत के बरवाडीह में विश्व हिंदू परिषद, बजरंगदल, मातृशक्ति एवं दुगार्वाहिनी की बैठक गुरुवार की सुबह 9 बजे संपन्न हुई। बैठक में आगामी मकर संक्रान्ति पर्व एवं श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की वार्षिकोत्सव मनाने को लेकर चर्चा की गयी। उपस्थित सभी सनातनियों ने मकर संक्रान्ति पर्व एवं श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की वार्षिकोत्सव को बढ़ चढ़ कर मनाने की बात कही। बताया गया कि क्षेत्र के सभी मंदिरों की साफ सफाई की जायेगी वही आकर्षक रूप से सजाया भी जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से विश्व हिन्दू परिषद के विभाग मंत्री श्री केशव चन्द्र साय, जिला धर्म रक्षक भीखेश्वर नागमणी, प्रखंड मंत्री सकलदीपनाथ शाहदेव, प्रखंड अध्यक्ष धनी नगेसिया, प्रखंड उपाध्यक्ष अरविंद सिंह, सह संयोजक बजरंग कवर, गुडडू नगेसिया, आनंद कुम्हार, दुखन गोप, मातृशक्ति प्रमुख कलावती देवी, मुनी देवी, दीपक कुम्हार,तारकेश्वर कुम्हार,तारकेश्वर बड़ाइक, दुबराज कवर सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित हुए।

आज से महिला और बाल सभा का होगा आयोजन

घाघरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय के सभागार में मुखिया व पंचायत सचिव का एक दिवसीय प्रशिक्षण गुरुवार को दिया गया। प्रशिक्षक प्रखंड कोऑर्डिनेटर विपिन कुमार के द्वारा दिया गया। इस दौरान विपिन ने लोगों को बताया कि 10 जनवरी से महिला सभा व बाल सभा का आयोजन किया जाना है। इस सभा में महिला व बाल विकास के लिए योजनाओं का चयन करना है ताकि योजना का सीधा लाभ महिला व बाल विकास को मिल सके। साथ ही 15 जनवरी से पुन: ग्राम सभा किया जाएगा। ग्राम सभा के दौरान पंचायत में जरूर के अनुसार योजनाओं का चयन करना है, ताकि योजना का लाभ ग्रामीणों को मिल सके। साथ ही कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से विपिन कुमार, फूलमानी देवी, विनीता कुमारी, अंगनी उरांव, लोदो एक्का, चांदनी देवी, यशमुनी देवी, रानी उरांव, कलेश्वर साहू, दिनेश उरांव, शंकर साहू, शंकर खेरवार सहित कई मुखिया मौजूद थे।

चैंबर चुनाव के लिए अब तक कुल 26 प्रत्याशियों ने किया नामांकन : रमेश कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। 9 जनवरी 2025 को गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स गुमला के आम चुनाव सत्र 2025 हेतु कार्यालय में मुख्य चुनाव पदाधिकारी और सहायक चुनाव पदाधिकारी के समक्ष कुल 5 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दर्ज किया है। वहीं जानकारी देते हुए मुख्य चुनाव पदाधिकारी रमेश कुमार चीनी ने बतलाया कि 8 जनवरी को 3 बजे से 5 बजे तक नामांकन पत्रों की बिक्री और नामांकन हुई जिसमें बुधवार को कुल 21 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था। वहीं गुरुवार 09 जनवरी जो की नामांकन का अंतिम दिन तय था उसमें कुल 5 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दर्ज करवाया है। इस तरह अभी चुनवी मैदान में कुल 26 प्रत्यशियों ने अपना अपना नामांकन किया है।

जिसमे कई निर्दलीय प्रत्याशी के नाम भी शामिल हैं। जिनमें सोनु एचडी (अभिषेक कुमार), शंकर लाल साहू, संजीव शर्मा और बाबू गुड़लक (योगेश शर्मा) के नाम हैं। सदस्य ज्योति कुमारी ने टीम लीडर राजेश सिंह के नाम अपनी सहमति देते हुए भी अपना नामांकन पत्र भरा है। गुरुवार को नामांकन का अंतिम दिन होने के कारण गुमला शहरी क्षेत्र में मुख्य चुनाव पदाधिकारी द्वारा चुनाव हेतु व्यापारियों को जागरूक करने के उदेश्य से एनाउंसमेंट भी करवाया गया। 19 जनवरी 2025 को होने वाले चैंबर चुनाव हेतु कुल 26 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन चुनाव पदाधिकरियों के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया।

चुनावी अधिसूचना के अनुसार अब आज 10 जनवरी 2025 को अपराह्न 12 बजे से अपराह्न 2 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच के उपरांत चुनाव हेतु वैध उम्मीदवारों के नाम साफ हो जायेगा।

मौके पर मुख्य चुनाव पदाधिकारी रमेश कुमार चीनी, सहायक चुनाव पदाधिकारी पवन कुमार अग्रवाल, हिमांशु केशरी, दिनेश अग्रवाल, सत्यनारायण पटेल, चैंबर के कार्यकारी अध्यक्ष दामोदर कसेरा आदि उपस्थित थे।

सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण-संवर्धन का युवा लें संकल्प : मंगल सिंह भोगता

आजाद सिपाही संवाददाता

पालकोट। पालकोट प्रखंड के बिलिंगबिरा गांव में बुधवार की रात्रि पूस जतरा सह रंगारंग नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा किसान मोर्चा के प्रमंडलीय प्रभारी मंगल सिंह भोगता ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का फीता काटकर उदघाटन किया। कार्यक्रम में शामिल जन समूह को संबोधित करते हुए मंगल सिंह भोगता ने सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। कहा कि जतरा और नागपुरी कला संस्कृति इस क्षेत्र का सांस्कृतिक विरासत है। समय बहुत तेजी से बदल रहा है और नए पीढ़ी के युवा अपनी भाषा, सांस्कृति, परंपरा, संस्कार और सभ्यता को भूल रहे हैं। यह भविष्य के लिए शुभ संकेत नहीं है। जिस तरह हमें अपनी माटी से प्रेम है उसी तरह अपनी नागपुरी भाषा, गीत संगीत नृत्य से प्रेम करने और कला को सीखने की जरूरत है। अपनी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन के लिए सामूहिक संकल्प लेने की जरूरत है। उनके साथ गुडू सिंह, गोपाल केसरी, भुवन सिंह, सुदर्शन प्रधान, नरेंद्र बड़ाईक, मधु सिंह, जगदीश सिंह, संतोष सिंह, विशाल साहु, सुनील पंडा, चितरंजन पंडा, सचिन सिंह, सूरज सिंह आदि शामिल थे। आयोजन समिति के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, सचिव कृष्णा साहु, कोषाध्यक्ष हीरा साहु ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर नागपुरी कलाकार रंजनी कुमारी, नेहरु नायक, गोविंद सिंह, प्रीति मेहर, सरिता बड़ाईक आदि ने एक से बढ़कर एक पारंपरिक लोक गीत प्रस्तुत कर समा बांधने का काम किया।

भाजपा ने सदस्यता अभियान चलाया



गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रायडीह मंडल के शंख मोड़ मां दुर्गा मंडप मांझा टोली में बुधवार दिन के 2:00 बजे रायडीह मंडल अध्यक्ष कर्मपाल सिंह की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी ने सदस्यता अभियान चलाया कार्यक्रम में पूर्व सांसद सुदर्शन भगत उपस्थित थे। वही ऑनलाइन कई लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलायी गयी। मौके पर सुदर्शन भगत ने कहा भाजपा पूरे विश्व में सबसे बड़ी पार्टी है झारखंड राज्य में हो रहे भ्रष्टाचार से सभी तबके के लोग परेशान हैं आने वाले समय में बूथ कमेटी को मजबूत कर भारतीय जनता पार्टी पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी इसके लिए संगठन को मजबूत करना है उन्होंने सभी 18 वर्ष से ऊपर के भाई एवं बहनों को ऑनलाइन सदस्य बनाने की बात कही। मौके पर शंकर नाथ पांडे, हीरा प्रसाद सिंह, जागेश्वर सिंह, दुर्गा सिंह, उत्तम प्रसाद, शिवनाथ सिंह, योगेंद्र सिंह, मांगू उरांव, सुरेंद्र सिंह, राम प्रसाद साहू, पवन साहू, लखन सिंह, सीताराम साय, सच्चिदानंद पांडा सहित कई लोग मौजूद रहे।

शिशिर गुप्ता ने प्रशासन से गुमला बाइपास के निरीक्षण और मरम्मत की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। गुमला जिले के महत्वपूर्ण बाईपास मार्ग की स्थिति इन दिनों अत्यंत दयनीय हो चुकी है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे और टूट-फूट के कारण यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस खराब स्थिति के चलते कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है।

समाजसेवी शिशिर गुप्ता ने इस गंभीर समस्या पर चिंता व्यक्त की है और स्थानीय प्रशासन से इस मामले पर तुरंत कार्रवाई करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि गुमला बाइपास जिले का एक प्रमुख मार्ग है, जो न केवल स्थानीय निवासियों के लिए बल्कि व्यावसायिक यातायात के लिए भी महत्वपूर्ण है। सड़क की दुर्दशा के कारण रोजाना सैकड़ों लोग अपनी जान जोखिम में डालकर यात्रा करने को मजबूर हैं। यह स्थिति बेहद चिंताजनक है और इसे प्राथमिकता के आधार पर ठीक किया जाना चाहिए।

श्री गुप्ता ने प्रशासन से इस सड़क की स्थिति का तत्काल निरीक्षण कराने और इसे शीघ्र मरम्मत करवाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अगर समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाले दिनों में गुमला बाइपास किसी बड़ी दुर्घटना का केंद्र बन सकता है। स्थानीय नागरिकों ने भी इस मामले को लेकर प्रशासन के प्रति नाराजगी जतायी है। उनका कहना है कि सड़क की यह स्थिति न केवल उनके दैनिक जीवन को प्रभावित कर रही है, बल्कि दुर्घटनाओं के कारण जनहानि का खतरा भी बढ़ा रही है।

शिशिर गुप्ता ने कहा कि यह प्रशासन की जिम्मेदारी है कि वह जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करे।

गुमला बिरसा मुंडा एग्रो पार्क आइटीडीए ने किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। आज जिला स्थित बिरसा मुंडा एग्रो पार्क का निरीक्षण परियोजना निदेशक आइटीडीए, रीना हांसदा द्वारा किया गया। यह निरीक्षण उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर किया गया, जिन्होंने हाल ही में पार्क का दौरा किया था और वहां की अव्यवस्थित स्थिति पर असंतोष व्यक्त किया था। निरीक्षण के दौरान परियोजना निदेशक ने पार्क के विभिन्न पहलुओं का जायजा लिया और वहां चल रहे मरम्मती कार्यों की प्रगति का आकलन किया। उन्होंने बताया कि बिरसा मुंडा एग्रो पार्क गुमला जिले के विकास का एक महत्वपूर्ण केंद्र है और इसे जल्द से जल्द दुरुस्त करने की दिशा में कदम उठाये जा रहे हैं।

कांग्रेस कमेटी ने बॉबी भगत के पुत्र के निधन पर जताया शोक

गुमला (आजाद सिपाही)। कांग्रेस कमेटी ने पार्टी के प्रदेश नेत्री बॉबी भगत के पुत्र गौतम भगत के निधन पर शोक प्रकट किया है। प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने कहा कि यह दु:खद पल है। युवावस्था में गौतम का निधन अपुरणीय क्षति है। वह होनहार इंजिनियर था। निश्चित पूरा पार्टी पीड़ित परिवार के साथ है। शोक जताने वालों में प्रदेश सचिव अकील रहमान, मुरली मनोहर प्रसाद, राजनील तिग्गा, दीपनारायण उरांव, रोहित उरांव, हेमावती लकड़ा, हिमेश कुमार, अमर प्रदीप सहित अन्य लोग है।

एसीएस हेल्थ ने किया मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज और अस्पताल का निरीक्षण

पांच मॉड्यूलर ओटी का निर्माण, आइसीयू बेड सहित सुविधाएं बहाल करने का निर्देश

जीएनएम नर्सिंग बिल्डिंग, नेत्र रोग ओपीडी, हड्डी रोग विभाग सहित अन्य विभागों का भी किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने गुरुवार को पोखराहा स्थित मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज (एमएमसीएच) का निरीक्षण किया। उन्होंने कॉलेज परिसर में बन रहे अस्पताल के निर्माणधीन बिल्डिंग का अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण कार्य करा रहे कंपनी के प्रतिनिधियों को अगस्त महीने तक पूरी बिल्डिंग के निर्माण कार्य को पूर्ण करने की बात कही। कहा कि अगस्त के बाद कंपनी पर प्रत्येक महीने दो प्रतिशत की पेनाल्टी लगायी जायेगी। इसके अलावे उन्होंने डीसी शशि रंजन को नये अप्रोच रोड बनाने की योजना पर कार्य करने की बात कही। कहा कि ऐसा पहुंच पथ बनायें जिससे कॉलेज का भवन पूर्ण रूप से नजर आये। उन्होंने फोर लेन से भी कॉलेज को कनेक्ट करने की दिशा में कार्य योजना बनाने पर बल दिया।

एमएमसीएच का निरीक्षण करते एसीएस हेल्थ, पलामू डीसी व अन्य।

पांच मॉड्यूलर ओटी बनाने का निर्देश

निरीक्षण के दौरान उन्होंने इमरजेंसी के ऊपर पांच मॉड्यूलर ओटी बनाने की भी बात कही। कहा कि तीन मॉड्यूलर ओटी के निर्माण का आवंटन सुपरिंटेंडेंट को दे दिया गया है। शेष दो का भी उपलब्ध करवा दिया जाएगा। फर्स्ट फ्लोर पर पांच ओटी संचालित करने की बात कही। एमएमसीएच के निरीक्षण के दौरान अपर मुख्य सचिव मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य यूनिट पहुंचे, यहां उन्होंने पर्ची कटवाने से लेकर सर्जरी तक की पूरी प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने हेल्थ इन्फॉर्मेशन कियोस्क के जरिये डिजिटल पर्ची कटवाने पर बल दिया। उन्होंने सिविल सर्जन से इस यूनिट में तैनात डॉ से लेकर सफाईकर्मी तक कि जानकरी ली। इस दौरान वे मैटरनिटी वार्ड, चाइल्ड ओपीडी, टीकाकरण केंद्र, वेटिंग एरिया, प्रसुति ऑपरेशन कक्ष, पोस्ट ऑपरेशन वार्ड सहित अन्य वार्डों में मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का अवलोकन किया। इसी तरह उन्होंने जीएनएम नर्सिंग बिल्डिंग, नेत्र रोग ओपीडी, हड्डी रोग विभाग सहित अन्य विभागों का भी निरीक्षण किया। इस पूरे निरीक्षण में पलामू प्रमंडल के आयुक्त बाल किशुन मुंडा, डीसी शशि रंजन, मेदिनीनगर नगर आयुक्त जावेद हुसैन, स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त सचिव ललित मोहन शुक्ला, सिविल सर्जन डॉ अनिल, डायरेक्टर इन चीफ डॉ सीके शाही, उप निदेशक हेल्थ डॉ विनोद कुमार, मेडिकल एजुकेशन के निदेशक एसके सिंह, रिम्स के विभिन्न विभागों के वरीय चिकित्सक समेत एमएमसीएच के सभी विभाग अध्यक्ष उपस्थित रहे।

सभी ओपीडी को जीएनएम कॉलेज की बिल्डिंग में शिफ्ट करने के दिया निर्देश

एसीएस हेल्थ ने पोखराहा के बाद एमएमसीएच का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी ओपीडी को जीएनएम कॉलेज के बिल्डिंग में शिफ्ट करने के निर्देश दिये। साथ ही उसी भवन में सेंट्रल पैथोलॉजी सेटअप करने की भी बात कही, ताकि एक ही भवन में इलाज के साथ सभी प्रकार के जांच में सहूलियत हो सके। वहीं, मेडिसीन वाले ओपीडी एरिया को पूर्ण रूप से इमरजेंसी वार्ड में तब्दील करने के भी निर्देश दिये। यहीं पर 10 से 15 बेड का आईसीयू बनाने की बात कही।

सुपर स्पेशलिटी के सभी विंग खोलने के निर्देश, पलामू से मरीज रेफर ना किये जायें

निरीक्षण के दौरान उन्होंने कॉर्डियो सर्जरी, किडनी, ऑनकों सहित सुपर स्पेशलिटी के सभी शाखा के तहत इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कहा कि अभी वैकल्पिक तौर पर अभी सारी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। जब पोखराहा में 500 बेड का अस्पताल निर्माण कार्य पूर्ण हो जायेगा तो सदर अस्पताल में 350 बेड का अस्पताल जो संचालित है उसको भी मेडिकल कॉलेज द्वारा ही नियंत्रित किया जाएगा। इस तरह कुल 850 बेड में से 200 बेड को सुपर स्पेशलिटी के तहत संचालित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जब मेडिकल कॉलेज पूरी तरह से फंक्शनल हो जायेगा तो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि मरीज को पलामू से रेफर ना किया जाये।

निरीक्षण यान में लगी आग रेलवे परिचालन दो घंटा ठप

- कड़ी मशक्कत के बाद ग्रासिम के दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया

आजाद सिपाही संवाददाता

विश्रामपुर/पलामू। गढ़वा रोड जंक्शन (रेहला स्टेशन) के यार्ड में खड़े निरीक्षण यान में गुरुवार की दोपहर 1.35 बजे अचानक आग लग गयी। ग्रासिम इंडस्ट्रीज के दमकल कर्मियों की मदद से दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस कारण करीब दो घंटे तक रेल परिचालन ठप रहा। जानकारी के अनुसार निरीक्षण यान गढ़वा रोड जंक्शन के यार्ड एक पर बुधवार की रात से ही खड़ी थी। जिसमें अचानक आग लग गयी। रेल अधिकारियों ने ग्रासिम इंडस्ट्रीज से आग बुझाने के लिए रेहला ग्रासिम इंडस्ट्रीज से अग्निशमन वाहन मंगवाया। दमकल कर्मियों ने दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान ग्रासिम इंडस्ट्रीज के यूनिट हेड हितेंद्र केशव अवस्थी खुद भी घटनास्थल पर पहुंचे। घटना के बाद से अप लाइन को पूरी तरह बंद कर दिया गया था। वहीं डाउन लाइन को भी कुछ समय तक के लिए होल्ड किया गया था। जिससे कई यात्री ट्रेन व मालगाड़ी विभिन्न स्टेशनों पर रुकी रहीं। स्टेशन प्रबंधक सतीश कुमार ने बताया कि अभी आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। आशंका है कि शॉट सर्किट से आग लगी होगी। नुकसान का पूर्ण आकलन भी अभी नहीं बता पायेंगे। मौके पर रेल पुलिस निरीक्षक बनारसी यादव, रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार सहित कई रेल पदाधिकारी मौजूद थे।

चैनपुर में दिखेगा अयोध्या जैसा उत्साह का माहौल

गंगा आरती, झांकी व आतिशबाजी होगी आर्कषण का केंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। अयोध्या में श्रीराम मंदिर की स्थापना का प्रथम वार्षिकोत्सव 11 जनवरी को मनाया जाना हैं। इस दिवस को यादगार बनाने के लिए चैनपुर के महान क्लब ने मनोज सिंह की अगुवाई में विशेष तैयारी की हैं। गुरुवार को शाहपुर में व्यू रिजॉर्ट में आयोजित संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में मनोज सिंह व महान क्लब के अध्यक्ष अमित सोनी ने कहा कि हर भारतीय के लिए यह अवसर अविस्मरणीय है। इस मौके को खास बनाने के लिए विशेष तैयारी की गयी हैं। प्रभु श्रीराम मानव जीवन की अमूल्य नीधि है। महान क्लब शुरू से ही समाजिक और धार्मिक कार्यों को लेकर सक्रिय रहा हैं। दो दिनों तक चलने वाले कार्यक्रम के पहले दिन चैनपुर के सूर्य मंदिर तालाब परिसर में गंगा आरती होंगी। श्रीराम से जुडे मनमोहक झांकी के साथ आतिशबाजी आर्कषण का केंद्र होंगा। इसके जरिये प्रयास रहेगा कि जो लोग अयोध्या ना जा पाये पर उत्साह और उल्लास का ऐसा वातावरण चैनपुर में ही देख सकें और उत्सव में शामिल हो सके। कार्यक्रम के दूसरे दिन भक्ति जागरण होंगा। इसमें बिहार के चर्चित भोजपुरी गायक आर्यन बाबू, गायिका खुशी कक्कर और गायक अभिमन्यु क्रांति भाग लेंगे। आयोजन की भव्यता के साथ पूरा माहौल राममय होंगा। इस मौके पर शैलू चंद्रवंशी, पिंकू तिवारी, आशीष भारद्वाज, महामंत्री अमन मालाकार, कोषाध्यक्ष अंकित, उपाध्यक्ष अनमोल मालाकार, राहुल सोनी, अविनाश गुप्ता, सोनू अमित, रूपेश कश्यप, राज गुप्ता, वीरू आदि मौजूद थे।

समाज व देश सेवा में मदन कृष्ण वर्मा के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता: डॉ कौशल जायसवाल

पर्यावरण धर्म गुरु ने पौधरोपण कर मनाया स्वतंत्रता सेनानी मदन कृष्ण वर्मा जयंती कहा- पर्यावरण धर्म के प्रावधानों के तहत किसी उत्सव पर पौधारोपण का है विधान

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर के जेलहाता स्थित आवास पर स्वतंत्रता सेनानी मदन कृष्ण वर्मा का 107वां जन्मदिन मनाया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म गुरु डॉ कौशल किशोर जायसवाल भी शामिल हुए। उन्होंने जयंती समारोह का शुभारंभ पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम और हिमाचल के कपूर का पौधा लगाकर किया। इस दौरान कार्यक्रम में शामिल गणमान्य लोगों को पर्यावरण धर्म की आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाने के साथ ही मदन कृष्ण वर्मा जी के नाम पर पौधारोपण कर उनकी सेवा को याद करते हुए जयंती मनाई गई। इस अवसर पर डॉ कौशल ने कहा कि जिस प्रकार मदन कृष्ण वर्मा ने शिक्षा में विद्वान और समाज सेवा में महान के रूप में जाने जाते थे उनके पुत्र आलोक वर्मा भी उन्हीं के नक्शे कदमों पर चल कर समाज सेवा कर एक अलग पहचान स्थापित किये है। स्वतंत्रता सेनानी मदनकृष्ण वर्मा ने अपने जीवन काल में जो समाज व देश सेवा में उत्कृष्ट योगदान दिया था उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस मौके पर एसबीआइ के प्रबंधक प्रवीण कुमार, डॉ राजीव नयन, आलोक वर्मा, डॉ संजीव श्रीवास्तव, सत्य सिंह, आजसू नेता विजय मेहता, जुगल किशोर, डॉ रविंद्र कुमार, अजीत कुमार और संतोष कुमार आदि शामिल थे।

पौधा रोपण करते व पर्यावरण धर्म की शपथ दिलाते ट्री मैन डॉ कौशल।

अपराध पर अंकुश लगाना हमारी प्राथमिकता में शामिल: थाना प्रभारी

हुसैनाबाद के नए थाना प्रभारी सोनू चौधरी ने दिया योगदान

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद के नए थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने गुरुवार को योगदान दिया। हुसैनाबाद के निवर्तमान थाना प्रभारी संजय कुमार यादव से उन्होंने पदभार ग्रहण किया। इसके बाद पूर्व थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने सोनू कुमार को बुके देकर स्वागत किया। वहीं, प्रभार लेने के बाद पदाधिकारियों व पुलिस कर्मियों से परिचय प्राप्त करने के बाद नए थाना प्रभारी ने कहा कि समाज के सहयोग से हुसैनाबाद क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाना हमारी प्राथमिकता होगी। अपराध पर नियंत्रण के लिए अपनी सहयोगियों के साथ टीम भावना से काम करेंगे। थाना में आने वालों का आदर सम्मान के साथ कार्य किया जाएगा। पब्लिक व पुलिस की आपसी सहभागिता को सजग बनाए रखेंगे। ग्रामीण क्षेत्र के लोग बिना किसी डर-भय के अपनी समस्याओं को हमारे पास आकर बता सकते हैं। उनकी समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के साथ किया जाएगा।

रेहला सनटेक प्लास्टिसाइजर ने जरूरतमंदों में कंबल बांटा

विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। रेहला के डंडीला खुर्द स्थित सनटेक प्लास्टिसाइजर प्राइवेट लिमिटेड की ओर से गुरुवार को कंबल वितरण अभियान की शुरूआत की गयी। जिसके पहले दिन विश्रामपुर नगर परिषद के वार्ड संख्या आठ में 75 जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटा गया। कंबल वितरण कंपनी के प्रतिनिधि नरेश प्रसाद यादव, शिवानंद कुमार, अशोक कुमार, अमरेशकांत मिश्रा, पंकज पांडेय व निवर्तमान पार्षद नजमुद्दीन नूरी ने संयुक्त रूप से किया। नरेश प्रसाद यादव ने कहा कि सनटेक प्लास्टिसाइजर कंपनी अपने सामाजिक दायित्वों का भी बखूबी निर्वहन करती है। क्षेत्र में कई समाजसेवार्थ कार्य करते रहती है। इसी कड़ी में प्रत्येक वर्ष नगर परिषद के विभिन्न वार्डों में अभावग्रस्त लोगों के बीच कंबल वितरित किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस कड़ाके की ठंड में लोगों को कंबल देना सबसे बड़ा पुनीत कार्य है।

चंचला देवी ने छतरपुर में किया ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन

छतरपुर (आजाद सिपाही)। पलामू जिले के छतरपुर मेन रोड स्थित बसंत चंद्रवंशी के मकान में गुरुवार को झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक ग्राहक सेवा केंद्र का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन पाटन छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी चंचला देवी ने किया। उन्होंने कहा कि ग्राहक सेवा केंद्र खुल जाने से यहां के लोगों को छोटे-छोटे कामों के लिए बैंक का चक्कर लगाना नहीं पड़ेगा। ग्रामीणों को ग्राहक सेवा केंद्र के माध्यम से ही सारी सुविधा दी जाएगी। यहां पर कोई भी ग्राहक अपना पैसा निकासी या जमा कर सकता है। वहीं, ग्राहक सेवा केंद्र के प्रोपराइटर सल्लू रजा ने कहा कि ग्रामीणों की कठिनाई को देखते हुए ग्राहक सेवा केंद्र खोला गया है। उन्होंने कहा कि सीएसपी घर-घर बैंकिंग सेवा पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। इस सीएसपी के खुल जाने से ग्रामीणों को सुगमता पूर्वक बैंकिंग सेवा का लाभ मिलेगा। मौके पर समाज सेवी विजय चंद्रवंशी, अजय चंद्रवंशी, बसंत चंद्रवंशी, छोटू राम, सोनी देवी और कविता देवी आदि थे।

दिव्यांगजनों को नहीं मिल रही पर्याप्त सरकारी सुविधाएं: डॉ शशिभूषण मेहता

आजाद सिपाही संवाददाता

पांकी/पलामू। नीलांबर पीतांबरपुर स्थित मौर्या फॉर्म हॉउस में विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता की ओर से दिव्यांगता जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडो से बड़ी संख्या में दिव्यांगजन पंहुचे थे। सभी ने अपनी-अपनी जरूरत के कागजात लेकर डॉ से जाँच करवाया। शिविर में आँख, कान, हड्डी, नस आदि के डॉक्टरों ने बारी-बारी से सभी मरीजों को देखा। इस अवसर पर विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा कि यह शिविर दिव्यांगजनों के लिए महत्वपूर्ण कदम है। सभी दिव्यांजनों को सहायक उपकरण मुहैया करवाया जायेगा, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके। उनके जिंदगी में सुधार आ सकेगी। स्वास्थ्य विभाग से निर्गत प्रमाण पत्र के आधार पर दिव्यांगजनों को सरकारी लाभ का फायदा दिलवाऊंगा। विधायक ने आरोप लगाया कि दिव्यांगों को सरकार की ओर से जो लाभ मिलना चाहिए, वह नहीं मिल पाता है। जिन दिव्यांगों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र नहीं बना है, उनका भी उक्त शिविर में प्रमाण पत्र बनवाया जाएगा। इस मौके पर जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, प्रो राजकमल वर्मा, प्रो बचन ठाकुर, सरोज चटर्जी, सुनील प्रसाद गुप्ता, रंजय ठाकुर, यशवंत मेहता, प्रमुख सुनील कुमार पासवान, पायनीयर पांडे, रिंकी यादव, रीमा शर्मा, अजय पासवान, देवराज कुमार, सुधीर तिवारी, सुनील कुशवाहा सहित कई लोग उपस्थित थे।

हुसैनाबाद से लड़की लापता, पिता ने थाने में दिया आवेदन

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। थाना के सैदाबाद स्थित भुइयां टोला निवासी पिंटू कुमार ने हुसैनाबाद थाने में आवेदन देकर कहा कि उनकी पुत्री गत 31 दिसंबर की रात से लापता है। काफी खोजबीन के बावजूद उसकी कोई खबर नहीं मिली। कहा कि उनकी लड़की के पास मोबाइल फोन है, जो बंद है। आशंका है कि किसी ने उनकी पुत्री को बहला फुसला कर भगा ले गया है। उन्होंने हुसैनाबाद थाना प्रभारी से मामले की जांच कर लड़की का पता लगाने का आग्रह किया है।

स्पोर्ट्स

चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारियां जांचने पाकिस्तान पहुंचा आइसीसी का दल, स्टेडियम तैयार नहीं

लाहौर (एजेंसी)। पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करने जा रहा है, लेकिन मेजबान देश की तैयारियां अब तक पूरी नहीं हुई है। इसका खुलासा गुरुवार को हुआ, जब आइसीसी का दल तैयारियों का जायजा लेने के लिए लाहौर पहुंचा। इस बीच पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने निर्माण की कार्यावधि बढ़ा दी है। इसे 25 जनवरी तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। बोर्ड के अधिकारी ने कहा कि वे समय पर रिनोवेशन का काम पूरा कर लेंगे। बतातें चलें कि 19 फरवरी से पाकिस्तान के लाहौर, कराची और रावलपिंडी में चैंपियंस ट्रॉफी के मुकाबले होने हैं। ऐसे में मेजबान देख गद्दाफी स्टेडियम का रिनोवेशन करा रहा है। पीसीबी के एक अधिकारी ने बताया कि सभी काम (स्टेडियमों से संबंधित) फरवरी के पहले सप्ताह तक पूरे हो जाएंगे। पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी की सफलतापूर्वक मेजबानी करेगा। किसी भी अफवाह पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है। कुछ लोग हैं जो सोशल मीडिया पर पाकिस्तान की छवि खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। गौरतलब हो कि पीसीपी ने एक दिन पहले 8 जनवरी को न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के साथ होने वाली ट्राई सीरीज के वेन्यू बदले थे। 4 मैचों की सीरीज के मुकाबले पहले मुल्तान में होने वाले थे, लेकिन अब मुकाबले लाहौर और कराची में खेले जाएंगे। ट्राई-सीरीज 8 फरवरी से शुरू होगी। बतातें चलें कि पीसीबी पिछले साल अगस्त-2024 से अपने दो स्टेडियम को रिनोवेट कर रहा है। रिनोवेशन का कार्य 31 दिसंबर तक पूरा होना था। जो अभी तक पूरा नहीं हुआ है।

पांकी में नक्सल के बाद सबसे बड़ी चुनौती पोस्ता की खेती पर अंकुश लगाना

पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)। पांकी थाना क्षेत्र में पोस्ता की खेती पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए थाना प्रभारी राजेश रंजन की ओर से सभी स्तर पर पहल की जा रही है। पांकी पुलिस लगातर अभियान चलाकर पोस्ता की खेती को नष्ट कर रही है। लेकिन इसका नेटवर्क बढ़ता ही जा रहा है। पांकी पुलिस ने एक बार फिर थाना से महज 10 किलोमीटर के दूरी पर स्थित अंदाग के वन क्षेत्र में अवैध रूप से करीब आठ एकड़ भूमि पर लाये गये पोस्ता की खेती को ट्रैक्टर चलाकर नष्ट कर दिया। पांकी थाना क्षेत्र में नक्सल के बाद सबसे बड़ी चुनौती पोस्ता की खेती को ही रोकना है। पोस्ता खेती को नष्ट करने में को लेकर चलाये गए अभियान की अगुवाई थाना प्रभारी खुद कर रहे थे।

दो अनाथ बच्चों को मिला डालसा का सहारा

बच्चों की पढ़ाई तक आवंटित होगी सरकारी योजना के तहत 4000 रुपये प्रतिमाह राशि

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। झालसा व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार तिवारी के निर्देश व अवर न्यायाधीश सह डालसा सचिव राकेश रोशन के आदेश पर डालसा की ओर से गठित चाइल्ड केयर यूनिट के सदस्यों द्वारा चार गरीब अनाथ बच्चों को चिन्हित किया गया। जिनके पिता की मृत्यु के बाद इन बच्चों का भोजन, शिक्षा आदि भी दुर्लभ हो गया था। चाइल्ड केयर यूनिट को इसकी सूचना मिली तो अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने तुरंत पहल करते हुए एलएडीसीएस के डिप्टी चीफ

अनाथ बच्चों को मदद पहुंचाते डालसा के सदस्यगण।

अजय कुमार भट्ट के नेतृत्व में टीम को भेद दिया। जिसके बाद पीएलबी हेमराज चौहान और टीम ने बच्चों को चिन्हित कर सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए उन्हें राशन कार्ड, आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड और स्पॉन्सरशिप स्कीम से जुड़वाया। ताकि बच्चों व उनके पूरे परिवार की आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समाधान हो सके। बच्चों की पढ़ाई तक सरकारी योजना के तहत उन्हें 4000 रुपये प्रतिमाह राशि आवंटित हो गई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने दोनों बच्चों को बैंक पासबुक प्रदान किया और ठंड से राहत के लिए उन्हें कंबल भी दिया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि ऐसे अनाथ बच्चों के लिए डालसा की पूरी टीम हमेशा तत्पर है। इस मौके पर व्यवहार न्यायालय के रजिस्टर आई जेड खान, डिप्टी चीफ एलएडीसीएस अजय कुमार भट्ट, सहायक शैलेन्द्र झा, डालसा सहायक अरुण कुमार, सौरभ सरकार राजेश सिंह और हेमराज चौहान मौजूद रहे।

फुसरो नगर परिषद के प्रधान सहायक हरेंद्र कुमार का हार्ट अटैक ने निधन

फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)। फुसरो नगर परिषद के प्रधान सहायक हरेंद्र कुमार (58) का हृदय गति रुक जाने से गुरुवार की सुबह निधन हो गया। लोगों की मानें तो वह इस दिन सुबह फुसरो बाजार में चहलकदमी करने के बाद अपने नया रोड फुसरो स्थित किराए के आवास में चले गए। जहां उनकी हृदय गति रुक जाने से मौत हो गयी। इसका पता तब चला जब वहां के रहने वाले लोगों ने उन्हें उठाने की कोशिश की, तो उन्होंने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। इसकी सूचना नगर परिषद कार्यालय में दी गयी। जिसके बाद सभी कर्मी उनके आवास पहुंचे और उन्हें बेरमो अनुमंडल अस्पताल ले आए। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

इसके बाद शव को सीसीएल के केंद्रीय अस्पताल ढोरी के मर्चरी में रखवा दिया गया। हरेंद्र कुमार हजारीबाग जिले के सदर प्रखंड के कोर्रा जबरा के रहने वाले थे। इसकी सूचना उनके परिजन को भी दे दी गयी है। खबर पाते ही उनके तीन छोटे भाई और बेटा प्रकाश कुमार और प्रभात कुमार के साथ ही बेटी मोनिका कुमारी अस्पताल पहुंच गये। बेरमो थाना के एएसआई अरुण कुमार व लक्ष्मण चौधरी भी खबर पाकर अस्पताल पहुंचे और शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव लौटा दिया। उदर, हरेंद्र कुमार के निधन की सूचना मिलती ही नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष छेदी नोनिया, कार्यपालक पदाधिकारी राजीव रंजन, जेई राजेश कुमार गुप्ता, सिटी मैनेजर सुजीत त्रिवेदी और अजमल हुसैन, पूर्व वार्ड पार्षद सरयू चौहान, अनिल कुमार, दिनेश रवि, भारत वर्मा, आजाद नोनिया, पार्षद प्रतिनिधि राजू दिगार, दिलीप सिंह, नप कर्मी राजीव रंजन कुमार, देवजीत कुमार, शंकर कुमार, आकाश कुमार, तपन कुमार अड्डी, दिव्यांश मिश्रा, पंकज अग्रहरि, सुजीत कुमार, छोटू कुमार और रवि कुमार आदि पहुंचे और शोक व्यक्त किया।

प्रकृति पर्व सोहराय आज से शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

गोविंदपुर (बोकारो थर्मल)। नावाडीह प्रखंड के ऊपरघाट स्थित पलामू पंचायत व कंजकीरो पंचायत में आदिवासी समाज से जुड़े लोगों के सबसे बड़े त्योहारों में से एक सोहराय गुरुवार से शुरू हो गया है। पौष मास की गुरुवार को इस त्योहार की शुरूवात होती है। प्रकृति पर्व सोहराय तीन दिनों तक मनाया जाता है। इस दौरान संताल समाज से जुड़े लोग ग्राम देवता, खेत-खलिहान और मवेशियों की अलग-अलग पूजा करते हैं। मान्यता है कि इसकी आराधना कर आदिवासी समाज के लोग इनका सम्मान करते हैं। इनकी आजीविका में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए उन्हें धन्यवाद देते हैं। पारंपरिक ढंग से मवेशियों के रहने वाले स्थान गोहाल घर में विधि-विधान से पूजा की जाएगी। यहां मुर्गी की बलि देने की प्रथा है। समाज के लोग अपने-अपने घरों की साफ-सफाई में लगे हैं। आदिवासी महिलाएं अपने-अपने घरों के बाहर पारंपरिक कला कृतियां से सजाने सवारने का काम कर रहीं हैं। इस पर्व के अंतिम दिन गांव के बीचों बीच खूंटा गाड़ कर गांव के सबसे बलिष्ठ मवेशी को बांधा जाता है और परंपरा का निर्वहन किया जाता है। पलामू पंचायत संताल कुड़ी टोला के रहने वाले शिक्षाविद् गोविंद किस्कू बताते हैं कि सोहराय सहराब शब्दावली से निकली है। सहराब का अर्थ ही होता है सम्मान। यानी इस दिन हम संताल समाज के लोग अपने मवेशियों को अपने खेत खलिहानों और अपने ग्राम देवता को हमारी रक्षा करने के लिए, हमारी जीविका चलाने के लिए उनकी आराधना कर उन्हें धन्यवाद और सम्मान देते हैं।

जामाडोबा पहुंची विधायक रागिनी सिंह पुलिस की कार्रवाई पर दिखी नाराज

आजाद सिपाही संवाददाता

झरिया/जोड़ापोखर। टाटा स्टील सुरक्षा कर्मियों एवं जोड़ापोखर पुलिस के संयुक्त अभियान में जामाडोबा 2 पिट्स मोड़ पर स्थित फास्टफूड की दुकान का सेड तोड़ दिये जाने की सूचना पाकर झरिया विधायक रागनी सिंह गुरुवार को पीड़ित से मिलने पहुंची। उन्होंने लोगों से कहा कि यह पुलिस की ज्यादती है। थाना प्रभारी बिना नोटिस दिये तोड़फोड़ किये है। जिससे दुकान संचालक डब्ल्यू कुमार को एक लाख रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने घटना की जानकारी टाटा के अधिकारी और धनबाद एसएसपी को बी दिया और मांग की कि ऐसे पुलिस पर अविलंब कार्रवाई की

जाए। अन्यथा भाजपा आंदोलन करने को बाध्य होगी। उन्होंने संचालक से कहा कि वरीय अधिकारियों को आवेदन लिखकर पुलिस द्वारा जबरन की गई तोड़फोड़ की शिकायत करें। इस मौके पर पूर्व पार्षद सुजीत सिंह, उमेश यादव, मुन्ना जयसवाल और राजेश कुमार आदि उपस्थित थे।

सीआरपी ने किया द्वितीय चरण के जिला स्तरीय आंतरिक प्री बोर्ड परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

चतरोचट्टी (आजाद सिपाही)। जिला प्रशासन की ओर से आयोजित जिला स्तरीय वर्ष 2025 में प्री बोर्ड के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की प्री-बोर्ड परीक्षाएं जो तीन चरणों में संचालित होनी है, उसका नरकंडी के उत्क्रमित मध्य विद्यालय के संकुल साधन सेवी आशीष कुमार शर्मा ने निरीक्षण किया। इस संबंध में सीआरपी आशीष शर्मा ने बताया कि आगामी होने वाले 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा को सरल और सुगम बनाने के लिए जिला स्तर पर 10वीं एवं 12वीं के लिए प्री बोर्ड परीक्षा आयोजित कराई जानी है। इसमें आगामी बोर्ड परीक्षा के विभिन्न केंद्रों में शामिल होने वाले सभी

छात्राओं की सुविधा को देखते हुए अनुरूप परीक्षा संचालित करने का निर्देश दिया जाना है। वहीं प्रत्येक विद्यालय में जाकर इसकी रिपोर्ट जिला कार्यालय को भेजेगी। जिला प्रशासन की ओर से जारी प्री-बोर्ड परीक्षा की तिथियों के मुताबिक जिले में यह परीक्षाएं तीन चरणों समाप्त कर दी जाएगी। वहीं विद्यालयों के प्रभारी प्रधानाध्यापक ने बताया कि यह प्री बोर्ड परीक्षा जिला स्तरीय से आयोजित किया जा रहा है। जिला प्रशासन की ओर से दिए गए निर्देश के अनुसार 10वीं और 12वीं के आंतरिक मूल्यांकन की परीक्षा तीन चरणों में बीच कराई जाएगी। जिला की पदाधिकारी द्वारा विभिन्न विद्यालयों में निरीक्षण किया जा रहा है।

पंख एक नई दिशा ने जरूरतमंद लोगों के बीच किया कंबल वितरण

धनबाद (आजाद सिपाही)। सामाजिक संस्था पंख एक नई दिशा की ओर से जोड़ाफाटक शक्ति मंदिर के पास ठंड से ठिठुरते असहायों व जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। संस्था की अध्यक्ष पिंकी गुप्ता, सुषमा प्रसाद, नम्रता गुप्ता, गायत्री गुप्ता, रंजना सिंह, लालिता सिंह और शशि शेखर गुप्ता आदि ने अपने हाथों से जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटा। अध्यक्ष पिंकी गुप्ता ने कहा कि संस्था के सभी सदस्याओं के सहयोग से कंबल वितरण किया गया है। इस सहयोग के लिए उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया। बताया कि कंबल वितरण अभियान ठंड तक जारी रहेगा।

बिजली के दो खंभों को सड़क से हटाने को लेकर मंत्री को आवेदन

कसमार/बेरमो (आजाद सिपाही)। कसमार प्रखंड के मधुकरपुर ग्रामीणों ने बिजली विभाग की लापरवाही से गड़े दो खंभों को सड़क से हटा कर किनारे गड़वाने की मांग को लेकर राज्य के पेयजल, स्वच्छता एवं मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद को आवेदन दिया है। जिसमें मधुकरपुर के ग्रामीणों ने बताया कि बिजली विभाग ने लापरवाही से गांव के काली मंदिर के पास सड़क पर ही दो खंभे गाड़े गए थे। इसके कारण बड़े गाड़ियों का आवागमन नहीं हो पाता है।

बीडीओ की उपस्थिति में सहायिका का चयन

चतरोचट्टी (आजाद सिपाही)। गोमिया प्रखंड के चतरोचट्टी थाना अंतर्गत बेंदी में बुधवार को आंगनबाड़ी सहायिका का चयन के लिए ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें गोमिया के बीडीओ महादेव महतो भी शामिल हुए। इस दौरान सहायिका पद के लिए कुल 5 महिलाओं ने आवेदन दिया था। जिसमें से बेंदी गांव के बुद्धुटांड निवासी मनोज मरांडी की पत्नी फुलमनी देवी का चयन किया गया। मौके पर ही बीडीओ के हाथों चयनित सहायिका को नियुक्ति पत्र दिया गया। इस मौके पर मुखिया रीतलाल महतो, रोजगार सेवक छोटेलाल रजक, पंचायत सचिव आशिष कुमार, वार्ड सदस्य महिला पर्यवेक्षिका, फैनीराम मांझी, सरवन महतो और पचू मांझी आदि उपस्थित थे।

बोकारो के सभी सरकारी विद्यालयों में हुई प्री-बोर्ड टेस्ट परीक्षा

डीसी ने दो विषयों का प्रश्न पत्र खुद किया तैयार

आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो। डीसी विजया जाधव की पहल पर जिले के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में मैट्रिक के विद्यार्थियों के लिए प्रि-बोर्ड टेस्ट परीक्षा का आयोजन किया गया। कदाचारमुक्त वातावरण में गुरुवार को दूसरे दिन की परीक्षा संपन्न हुई। सभी प्रखंडों में संचालित परीक्षा का संबंधित बीडीओ व सीओ ने जायजा लिया। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि गणित, हिंदी, अंग्रेजी, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान विषय की समेकित विषयों की परीक्षा लिया जा रहा है। इसमें कुल 11,106 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी है। इसका मूल्यांकन अंतर प्रखंड

परीक्षा दे रही छात्राओं की निगरानी करती अधिकारी।

शिक्षकों द्वारा किया जाएगा। डीसी जिले के मैट्रिक एवं इंटर परीक्षा में प्रदर्शन को लेकर काफी गंभीर है। प्रदर्शन को बेहतर करने एवं रैंकिंग में सुधार को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर कार्य किया जा रहा है। डीसी ने खुद प्रि-बोर्ड टेस्ट परीक्षा को लेकर दो विषयों का प्रश्न पत्र तैयार किया है। शेष विषयों के लिए प्रश्न पत्र विभिन्न सरकारी-निजी विद्यालयों के विषय विशेषज्ञों द्वारा किया गया है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा

ई–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
ई–निविदा सूचना संख्या :– RDD/SD/CHATRA/13/2024-25/RE-1

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–

ग्रुप० सं०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	प्रखण्ड–ईटखोरी, पंचायत–टोनाटांड़, ग्राम–माधोपुर में पार्क में पेवर ब्लॉक का निर्माण कार्य, सोलर लाईट का अधिष्ठापन कार्य, बक्सा डैम में प्रवेश द्वारा से तालाब तक पी०सी०सी० पथ निर्माण।	23,76,400.00	48000.00	5000.00	05 माह

2.वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि –15.01.2025
3.ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक–15.01.2025 से दिनांक–21.01.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक
4.ई–निविदा खोलने का स्थान– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, चतरा।
5.ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 24.01.2025 अपराह्न 02:00 बजे
6.ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।
7.ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709184201 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8.परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशिवापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा

PR 343924 (Rural Development)24-25*D

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, रामगढ़। Annexure 1

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
ई० निविदा संख्या–WRD/MID/RAMGARH F2 - 16/2024-25
2nd Call

दिनांक–09.01.2025

1	योजना का नाम	जिला अनावद्ध निधि से अनुमोदन के द्वारा स्वीकृत योजनाएँ
2	विज्ञापन दाता का नाम	कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़।
3	ई० निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि	11.01.2025 2:00 बजे अपराह्न
4	ई० निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय	17.01.2025 5:00 बजे अपराह्न
5	ई० निविदा खुलने की तिथि एवं समय	20.01.2025 2:00 बजे अपराह्न
6	(क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0/ई–मेल	कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़। मो0–8292457160 eemidramgarh24408@gmail.com

क्र०	प्रखण्ड	ग्राम/पंचायत	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1/4	रामगढ़	विकास नगर	विकास नगर रोड संख्या 01 केंद पेड के नजदीक पी०सी०सी० पथ निर्माण।	36,22,700.00	5,000.00	06 (छः) माह
1/5	रामगढ़	वार्ड नं० 05	छोटकी मुर्रम, बिमलेश सिंह के घर से रंजीत साव के घर तक पी०सी०सी० पथ निमाण।	12,72,000.00	2,500.00	06 (छः) माह
1/6	रामगढ़	वार्ड नं० 03	सौदागर मुहल्ला के रामचन्द्र जयसवाल के घर से दुसाध मुहल्ला ईमली पेड तक पी०सी०सी० पथ निर्माण।	15,73,600.00	5,000.00	06 (छः) माह

नोट– केवल ई० निविदा ही स्वीकार की जायेगी
प्रकाशित निविदा के प्राक्कलित राशि में घट बड़ सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़।

PR 343931 (Minor Irrigation) 24-25 (D)

कार्यालय : जिला परिषद, चतरा।
(Phone: 06541.222288, E.mail: districtboardchatra@gmail.com)
–बंदोबस्ती हेतु आम सूचना–

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चतरा जिला परिषद क्षेत्रान्तर्गत कार्यालय परिसर में डाकबंगला एवं सभाकक्ष 30 कमरा एवं उपस्कर सहित Builtup Area-5254.50 sft) का आवंटन खुला डाक के माध्यम से तीन वर्षो के लिए किया जाना है। बन्दोवस्ती डाकवक्ता के द्वारा बोली गई अधिकतम डाक की राशि पर आवंटित किया जायेगा। इच्छुक व्यक्ति दिनांक. 09.01.2025 से 18.01.2025 तक "चतरा जिला परिषद कार्यालय" के एक खिड़की से फार्म 10000/– (दस हजार रू0) की डिमाण्ड ड्राफट जो "उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद चतरा"के नाम से भुगतेय हो जमा कर फार्म प्राप्त कर सकता है। फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 20.01.2025 को (कार्यालय कार्य अवधि) है। इसके पश्चात् आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। यह राशि किसी भी परिस्थिति में लौटाया नही जायेगा। डाकबोली हेतु समर्पित आवेदन के समीक्षोपरान्त दिनांक 21.01.2025 को 02.00 बजे अपराह्न डाकबोली "जिला परिषद सभाकक्ष" में प्रारम्भ की जायेगी।

भवन का नाम एवं विशिष्टियां	न्यूनतम डाक की राशि (एक वर्ष के लिए)	जमानत की राशि (तीन वर्षो के लिए)
कार्यालय परिसर में डाकबंगला एवं सभाकक्ष 30 कमरा एवं उपस्कर सहित कुल कमरो की संख्या– 16 (Attach with Bathroom) हॉल की संख्या –01 किचन की संख्या –01 संख्या स्टोर रूम की संख्या –01 (उक्त डाकबंगला पूर्ण रूपेण सुसज्जीकृत है।	12 लाख	3 लाख साठ हजार

1. बन्दोबस्ती प्रक्रिया खुली डाक के माध्यम से अपनाई जायेगी।
2. डाक बोली में उसी डाकवक्ता को भाग लेने की अनुमति दी जायेगी, जो वांछित कागजात (Technical Bid) की अहर्ता रखता हो।
3. आधुनिक डाकबंगला की बन्दोबस्ती की न्यूनतम डाक की राशि मो0 1200000 (बारह लाख रू0) प्रति वर्ष, तीन वर्ष के लिए–3600000(छत्तीस लाख रू0) के लिए निर्धारित की गयी है। उच्चतम बोली द्वारा निर्धारित राशि पर बंदोबस्तीधारी को सरकार द्वारा निर्धारित GST अतिरिक्त भुगतान करना होगा।
4. सुरक्षित/जमानत की राशि मो0 360000/– (तीन लाख साठ हजार रू0) बैंक ड्राफट द्वारा "उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद चतरा"के पदनाम से जिला परिषद,चतरा कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। असफल जमाकर्ताओं की जमानत की राशि सफल डाकबक्ता के साथ एकरारनामा के तुरन्त बाद वापस कर दी जायेगी।
5. सफल डाकवक्ता को उच्चतम डाक की राशि का 50%जमानत राशि के रूप में एवं 50% राशि भवन संचालन के लिए छः माह का अग्रिम एकरारनामा के समय जमा करना अनिवार्य होगा।
6. जिला परिषद में किसी भी प्रकार का बकाया रखने वाले व्यक्ति/फर्म बन्दोबस्ती हेतु डाक में भाग नही लेगे।
7. अद्योहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये डाक को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।
8. अन्य डाक की नियमएवं शर्तो की विस्तृत जानकारी जिला परिषद कार्यालय के सूचना पट्ट एवं WWW.chatra.nic.in पर देखा जा सकता है, जो इस सूचना का एक अभिन्न अंग होगा।

उप विकास आयुक्त–सह–
मख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद,चतरा।

PR 343872 District(24-25)D

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 10 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in

प्रवासी भारतीय दिवस मनाने और ओड़िशा को चुनने के लिए धर्मेंद्र प्रधान ने प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद दिया

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस बार प्रवासी भारतीय दिवस के लिए ओड़िशा को चुनने के लिए ओड़िशा की ओर से प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, इससे दुनिया भर के लोग ओड़िशा को जानने लगे। उन्होंने यहां के लोगों के आतिथ्य सत्कार को भी जाना। जितने भी लोगों से मैं मिला हूं उनका कहना है कि यहां के लोगों का आतिथ्य सत्कार बहुत अच्छा है। यहां के आतिथ्य को तकनीकी स्तर के मेहमानों द्वारा खूब सराहा गया है। यहां का माहौल बहुत पसंद आया, इसके साथ ही राज्य सरकार द्वारा बहुत उच्च स्तर पर इंतजाम किये गये हैं। मैं ओड़िशा को यह सम्मान दिलाने और ओड़िशा के लोगों को सम्मान देने के लिए प्रधान मंत्री, मुख्यमंत्री और विदेश मंत्री को

धन्यवाद देता हूं। प्रधानमंत्री ने एक पेड़ मां के नाम पर लगाने और उसे विश्व स्तर पर ले जाने का आवाहन किया, जिसे उन्होंने भारत से शुरू किया था, यह प्रधानमंत्री का आवाहन है कि वे एक-एक पेड़ लगाकर वैश्विक पर्यावरण को संतुलित करें। भारत इतिहास और परंपरा का एक समृद्ध खजाना है। प्रधानमंत्री ने विश्व स्तरीय पर्यटकों से आह्वान किया है कि वे आयें और भारत की परंपराओं, विरासत और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को दिखाने के लिए भारत के राजदूत के रूप में कार्य करें।

ओड़िशा शांति की भूमि है। कलिंग युद्ध की पहचान का श्रेय

शांति को दिया जाता है। तो यह युद्ध नहीं बल्कि बुद्ध का आवाहन है जो हमारे बहुत पुराने ऐतिहासिक तथ्यों को दशार्ता है, और उनके समाज का मूल चरित्र क्या था। शांति हमारे समाज का चरित्र था। इसलिए, प्रधानमंत्री ने वैश्विक स्तर पर और राजनीतिक और राजनयिक स्तर पर हमारे समाज के चरित्र को बनाये रखते हुए हमारे ओड़िशा का कद बढ़ाया है। भारत दुनिया के युवाओं का देश है। आने वाले दिनों में भारत का नेतृत्व युवाओं के कंधों पर बैठकर आगे बढ़ेगा।

मुख्यमंत्री ने किया राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का हवाई अड्डे पर स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू वायुसेना के विशेष विमान से भुवनेश्वर पहुंचीं। राष्ट्रपति आल तीन दिवसीय 18वें प्रवासी भारतीय दिवस समारोह के समापन समारोह में भाग लेने के लिए भुवनेश्वर पहुंचे हैं। राष्ट्रपति के स्वागत के लिए एयरपोर्ट परिसर में ओड़िशा की लोक कला और संस्कृति की झलक देखने को मिली है। राष्ट्रपति के स्वागत के लिए मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, राज्यपाल हरिबाबू कंबमपति, भुवनेश्वर की सांसद अपराजिता षडंगी, मेयर सुलोचना दास, पुलिस महानिदेशक हवाई अड्डे पर पहुंचे।

दो-तीन साल में ओड़िशा आइटी हब बन जायेगा : अश्विनी वैष्णव

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। अगले दो से तीन वर्षों में ओड़िशा आइटी हब बन जायेगा। इसकी जानकारी अश्विन वैष्णव ने दी। केंद्र रेल मंत्री ने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री के साथ इस मामले पर चर्चा की है। यह कदम दो से तीन महीने के भीतर उठाया जायेगा। युवा लड़कों और लड़कियों को सेमीकंडक्टर, एआइ क्षेत्र के लिए प्रशिक्षित किया जायेगा। केंद्र रेल मंत्री ने ओड़िशा में रेलवे के विकास के लिए मुख्यमंत्री से चर्चा की है। बीजेपी के सत्ता में आने के बाद एक लाख करोड़ के प्रोजेक्ट की घोषणा की गयी। उसमें से कई परियोजनाएं शुरू हो चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने कुछ नयी परियोजनाओं का भी प्रस्ताव रखा है। साथ ही केंद्र मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि महाकुंभ मेले के लिए ओड़िशा से चलने वाली विशेष ट्रेनों के बारे में राज्य सरकार को सूचित किया जायेगा।

ओड़िशा वॉरियर्स ने ऐसोटेक हिल्स, रांची का दौरा कर समुदाय को प्रेरित किया

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड खेल भावना और समुदाय की भागीदारी का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करते हुए, ओड़िशा वॉरियर्स महिला हॉकी टीम ने ऐसोटेक हिल्स रांची प्रोजेक्ट का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने निवासियों को आनंदित किया और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित किया। रांची में अभ्यास और उद्घाटन महिला हॉकी इंडिया लीग टूर्नामेंट में भाग लेने आइ इस टीम ने युवा निवासियों से बातचीत की और उन्हें खेल को अपने जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। खिलाड़ियों ने ऑटोग्राफ दिये, सेल्फियां लीं और प्रेरणादायक कहानियां साझा कीं, जिससे ऐसोटेक हिल्स में एक जीवंत और यादगार माहौल बन गया। दौरे के दौरान टीम ने प्रोजेक्ट का भ्रमण किया और इसके विश्वस्तरीय सुविधाओं और जीवनशैली की खूब तारीफ की। उनकी सराहना ने निवासियों को

गर्व से भर दिया, जो इस बात को और पुख्ता करती है कि ऐसोटेक हिल्स एक बेहतर जीवनशैली के लिए प्रतिबद्ध समुदाय है। विश्वस्तर के हॉकी सितारों और ओलंपिक हीरोज से मिलना, खासकर युवाओं के लिए, एक अविस्मरणीय अनुभव था। जो देश में इस पैमाने का पहला अंतरराष्ट्रीय महिला हॉकी टूर्नामेंट है। इस टीम में शामिल हैं यिब्बी जेन्सन एफआइएच प्लेयर ऑफ द ईयर 2024, क्लेयर कॉलविं एफआइएच राइजिंग स्टार ऑफ द इयर 2024 नॉमिनी, जैनेक स्कोपमैन एफआईएच कोच ऑफ द इयर 2024, दीपग्रेस एक्का अर्जुन अवार्डी 2022, नेहा टीम कप्तान और कुशल मिड फील्डर , ईशिका चैधरी उप-कप्तान और मजबूत डिफेंडर और टीम के कई अन्य प्रतिभाशाली खिलाड़ी। टीम की मालिक शनप्रिया ग्रुप के प्रतिनिधि ने कहा हमारा उद्देश्य केवल टीम का स्वामित्व लेना नहीं, बल्कि एक ऐसा मंच बनाना है जहां महिला हॉकी खिलाड़ी चमक सकें। वे खेल में किसी से कम नहीं हैं। ऐसोटेक हिल्स रांची में यह दिन खेल और समुदाय के बंधन का जीवंत उत्सव था, जहां निवासियों ने ओडिशा वॉरियर्स से मिलकर और उन्हें समर्थन देकर गर्व महसूस किया। टूर्नामेंट की तैयारी में जुटी टीम ने एक ऐसा प्रभाव छोड़ा, जो सभी के लिए खेलभावना और आत्म-विश्वास का प्रतीक बनेगा।

जेएसपी ने बाल विवाह की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान शुरू किया

अंगुल (आजाद सिपाही)। जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) की कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी शाखा, जिंदल फाउंडेशन ने बाल विवाह की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान शुरू किया है। इस पहल का उद्देश्य समुदाय को बाल विवाह के खतरों के बारे में शिक्षित करना और जिले में इस अवैध प्रथा को रोकने के प्रयासों को प्रोत्साहित करना है। जिला कलेक्टर, अब्दाल अख्तर ने अभियान की जागरूकता झांकी का आधिकारिक रूप से शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (एडीएम) श्रीप्रताप प्रीतिमाया, जिला समाज कल्याण अधिकारी (डीएसडब्ल्यूओ) निरुपमा पाणि, जिला बाल संरक्षण अधिकारी (डीसीपीओ) श्रीगौरी शंकर बेहरा सहित कई प्रमुख गणमान्य व्यक्ति और आइसीडीएस के अन्य कर्मचारी और जिंदल फाउंडेशन के सदस्य शामिल हुए। यह सहयोगात्मक प्रयास सही उम्र में शादी करने के लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाने का प्रयास करता है, जिसमें युवा लड़कियों के लिए बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य के अवसरों पर जोर दिया जाता है। जागरूकता झांकी विभिन्न गांवों और कस्बों से होकर गुजरेगी और महत्वपूर्ण संदेश और ऑडियो सामग्री प्रदान करेगी। अभियान बाल विवाह के खिलाफ सख्त कानूनों और बच्चों, खासकर छोटी लड़कियों के स्वास्थ्य, शिक्षा और समग्र विकास पर इसके हानिकारक प्रभावों पर केंद्रित है। बाल विवाह बचपन को छोटा कर देता है, बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा के उनके अधिकारों से वंचित करता है। ये नकारात्मक प्रभाव व्यक्ति से आगे बढ़कर परिवारों और समुदायों को प्रभावित करते हैं। इसके साथ ही जिंदल फाउंडेशन यशस्वी कार्यक्रम के तहत वंचित लड़कियों को उनकी पसंद की उच्च शिक्षा के लिए पूरा समर्थन देता है।

ओड़िशा से अयोध्या तक विशेष बस चलायी जायेगी

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 13 जनवरी से महाकुंभ मेला शुरू होगा। इस मेले में करोड़ों श्रद्धालु शामिल होंगे और गंगा में डुबकी लगायेंगे। इसीलिए प्रशासन की ओर से जहां व्यापक इंतजाम किये गये हैं, वहीं इसमें शामिल होने के लिए ओड़िशा से अयोध्या तक विशेष बस चलाई जायेगी। ओड़िशा राज्य सड़क परिवहन हाई-एंड प्रीमियम बस सेवा शुरू करेगा। ये बसें पुरी, संबलपुर, भवानीपटना, ब्रह्मपुर से चलेंगी। विशेष बस सेवा 13 फरवरी से 26 फरवरी तक चलेगी। ओएसआरटीसी ने कहा, टिकट बुकिंग ओएसआरटीसी की वेबसाइट, मोबाइल ऐप पर की जा सकती है।

एमसीएल और कंधमाल के बीच सौर-ऊर्जा चलित कोल्ड स्टोरेज के लिए समझौता ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता

संबलपुर। महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) ने पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए सूर्यनिधि- सौर खजाना परियोजना के कार्यान्वयन के लिए कंधमाल जिला प्रशासन के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। एमसीएल अपनी सीएसआर पहल के तहत आकांक्षी जिला कंधमाल में चार सौर-ऊर्जा चलित कोल्ड स्टोरेज सुविधाएं स्थापित करने के लिए 60 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। ये सुविधाएं 30 घंटे तक पावर बैकअप लेने के साथ साथ 10 मीट्रिक टन की क्षमता वाले उन्नत रेफरीजरेशन, तापमान, आर्द्रता नियंत्रण से लैस हैं और कुशल खाद्य भंडारण सुनिश्चित करेगी। यह फसल कटायी के बाद होने वाले नुकसान को कम करने के साथ-साथ किसानों को उनकी उपज के लिए बेहतर बाजार मूल्य हासिल करने के लिए सशक्त बनाने की

महत्वपूर्ण आवश्यकता को पूरा करेगा। यह परियोजना भारत सरकार के आकांक्षी जिला विकास कार्यक्रम में एमसीएल के योगदान का एक हिस्सा है और यह किसानों और स्व-सहायता समूहों (एसएचजी) की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करेगा। यह पर्यावरणीय अनुकूल कार्य करने के लिए एमसीएल की प्रतिबद्धता का द्योतक है।

केंद्रीय मंत्री ने किट और किस परिसर में मिनाती मोहपात्रा साइकिलिंग वेलोड्रोम का उद्घाटन किया

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने आज किट-किस परिसर में मिनाती मोहपात्रा साइकिलिंग वेलोड्रोम का उद्घाटन किया। वेलोड्रोम का नाम ओड़िशा की पहली अर्जुन पुरस्कार विजेता साइकिलिंग खिलाड़ी मिनाती मोहपात्रा के नाम पर रखा गया है। वेलोड्रोम का उद्घाटन करते हुए केंद्रीय मंत्री ने इस अवसर के महत्व पर विचार किया। उन्होंने कहा, इस का दिन मेरे लिए महत्वपूर्ण है। मैंने जो देखा वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने से मेल खाता है, एक ऐसा राष्ट्र जहां शिक्षा और खेल साथ-साथ चलते हैं। आचार्य चाणक्य का हवाला देते हुए मंत्री ने देश के भविष्य को आकार देने में शिक्षा के महत्व पर

जोर दिया। मुझे संतुष्टि है कि देश का भविष्य डॉ सामंत जैसे शिक्षाविदों के सक्षम हाथों में है। केआइआइटी, आइएसएस और केआइएमएस ऐसे छात्रों का पोषण कर रहे हैं जो जिम्मेदार नागरिक बनेंगे। मैं जहां भी जाऊंगा, मैं यहां देखी गयी सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करूंगा, मंडाविया ने कहा। केआइआइटी, आईएसएस और केआईएमएस के संस्थापक डॉ सामंत ने मंत्री के दौरे के लिए आभार व्यक्त किया और आने वाले वर्षों में केआइआइटी और केआइएसएस में खेल के बुनियादी ढांचे को दोगुना करने की योजनाओं पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा, मंत्री के आशीर्वाद से, हमारा लक्ष्य अपनी सुविधाओं का और विस्तार करना और उभरते एथलीटों को और अधिक अवसर प्रदान करना है। भारतीय साइकिलिंग महासंघ के महासचिव मनिंदर पाल सिंह ने खेलों के प्रति मंत्री के जुनून की सराहना की। उन्होंने कहा, मंत्री खुद साइकिल चलाने के शौकीन हैं और देश भर में खेलों को बढ़ावा देने में उनका योगदान उल्लेखनीय है। सम्मान से अभिभूत मिनाती महापात्रा ने आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, मैं निःशब्द हूं। लोग कहते हैं कि डॉ सामंत हमारे लिए भगवान की तरह हैं। यह मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान है। केआइआइटी के कुलपति प्रो सरनजीत सिंह ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान मंत्री की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और केआईएसएस के कुलपति प्रो दीपक कुमार बेहरा ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा।

FURNITURE PLANET
A Unit of Supreme Techno (India)
Manufacturing Unit of
Revolving Chairs, Office Sofa and Restaurant Furniture
LARGEST SHOWROOM IN JHARKHAND
Web: www.supremetechnoindia.com
Add.: Opp. Hanuman Dharamkanta, Kokar, Ranchi
9570040095, 9570007788





JOB VACANCY
सुनहरा अवसर महिलाओं के लिए
एक बड़ी Reputed Company में राँची के लिए Jobs Opportunity है जिसके लिए निम्न योगयताएँ अनिवार्य है :-
• Only Female.
• Age 30 to 45 Years.
• Minimum Qualification Graduation
• Married only.
• Experience को वरियता
Post Applied For
Life planning Officer (LPO)
Fixed Salary : Rs. 12000 to 17000 (Monthly)
+Incentive, PF, Gratuity, Medical & Bonus
Eligible Candidates are request to contact immediately with resume & Photograph on below Contact.
Vacancy सिमित है..
ONLY 10 LEFT HURRY UP
नोट : 29 साल से कम एवं 45 साल से उपर उम्र वाले व्यक्ति सम्पर्क न करें ।
Address : 2nd Floor, R.S. Tower, Lalpur, Ranchi
M.: 7004800036, 9905678089 (W)

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
संपादक : हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**